पालि-हिन्दी कोश

डॉ॰ भदन्त आनन्द कौसल्यायन

प्रथम संस्करण : 1975

[illegible]
N:[illegible]

3.5

3.5
SC

आशुतोष अवस्थी
अध्यक्ष
श्री नारायणेश्वर वेद वेदाङ्ग समिति (उ.प्र.)

पालि-हिन्दी कोश

डॉ॰ भदन्त आनन्द कौसल्यायन

सिद्धार्थ बुक्स
दिल्ली

ISBN : 978-81-908753-6-3

सिद्धार्थ बुक्स
'चन्दन सदन', सी-263 ए,
गली नं.-9, हरदेवपुरी,
शाहदरा, दिल्ली-110093
फोन-22810380, 9810173667

संस्करण : 2009

मूल्य : 200.00

मुख पृष्ठ : अनिल कुमार, दिल्ली

बालाजी ऑफसेट, दिल्ली द्वारा मुद्रित

मेरा पालि-हिन्दी कोश १९७५ मे प्रकाशित हुआ था। वैसे तो पालि अध्येताओं की मांग कई दिनोंसे वारवार आ रही थी। परंतु यह कष्ट साध्य मुद्रण कार्य के लिये अभितक कोई मेरे पास नहीं आया।

इस काम के लिए सुगत बुक डीपो, के व्यवस्थापक श्री. तुलसी पगारे स्वयम् इस कोश का द्वितीय संस्करण निकालना चाहते हैं। यह मेरे लिये विशेष सन्तोषका विषय है। भारत में बोद्ध धर्म की किताबें छापना तथा प्रकाशित करना इन कामों मे सुगत बुक डीपो सदा अग्रेसर रहा है। इसलिये यह जिम्मेदारी वे पूरी तरह से निभा सकेंगे ऐसा विश्वास है।

में उन्हें इस पालि-हिन्दी कोश के प्रकाशन की सानंद अनुमती देता हूँ। वैसेही वे मेरे सभी प्रकाशित अप्रकाशित तथा अनुपलब्ध किताबों का समय समय पर प्रकाशन करते रहेंगे ऐसी मैं आशा रखता हूँ।

बुद्ध भूमी, नागपुर
५ नवम्बर १९८७

— आनन्द कोसल्यायन

प्रस्तावना

स्वर्गीय महापण्डित राहुल सांकृत्यायन के पास एक दिन किसी जर्मन विद्वान् का जर्मन भाषा में लिखा एक पत्र आया। उसके साथ एक जर्मन-अंग्रेजी कोश भी था। विद्वान् लेखक ने मान लिया था कि यदि राहुल जी को जर्मन भाषा नहीं भी आती होगी, तो वे कोश की सहायता से पत्र का भावार्थ समझ ही लेंगे।

हुआ भी ऐसा ही !

किसी भी भाषा के अध्ययन के लिए कोश अनिवार्य है। वास्तव में भाषा के अध्ययन का मतलब ही है, भाषा-विशेष के शब्दों का चलता-फिरता संग्रह बन जाना।

पालि के मर्मज्ञ धर्मानन्द कोसाम्बी ने अपनी एक कृति की भूमिका में लिखा है कि जब कलकत्ता विश्वविद्यालय में पालि के एक अध्यापक के नाते उनकी नियुक्ति हुई, तो उनके किसी मित्र ने उन्हें पत्र लिखकर पूछा कि उस महाविद्यालय में पालि सिखाने के लिए आवश्यक यंत्रादि (apparatus) हैं या नहीं? उनका वह मित्र पालि को कुछ ऐसा ही शिल्प-विशेष मानता था।

लोग प्रश्न करते हैं कि पालि कौन-सी भाषा है? उसका संस्कृत तथा जैनों की अर्धमागधी से क्या सम्बन्ध है? और इस भाषा का नाम पालि ही क्यों पड़ा? संक्षेप में इतना ही कहा जा सकता है कि पालि उत्तर भारत और विशेष रूप से मगध जनपद की एक प्राचीन प्राकृत है। इसे मागधी भी कहते हैं। जैनों की अर्धमागधी की अपेक्षा यह संस्कृत के कुछ अधिक समीप है। अर्धमागधी में व्यञ्जनों के स्वर भी हो जाते हैं, लेकिन पालि में व्यञ्जनों के स्वर नहीं होते, जैसे संस्कृत शब्द 'शकुन्तला' का अर्धमागधी रूप होगा 'सउन्दले' और पालि-रूप होगा 'सकुन्तला'। पालि में तालव्य 'श्' और मूर्धन्य 'ष्' होते ही नहीं।

इस भाषा के नाम के सम्बन्ध में अनेक अटकलें लगाई गई हैं। उन सब में जो सर्वाधिक बुद्धि-संगत व्याख्या प्रतीत होती है, वह यही है कि पालि 'बुद्ध-वचन' का पर्याय है। जिस प्रकार रामायणी लोग संतकवि तुलसीदास का उद्धरण देते हैं, तो कहते हैं कि यह तुलसीदास की पांति (पंक्ति) है। ठीक उसी प्रकार 'बहुवचन' अथवा मूल तिपिटक पर जो अट्ठकथाएं लिखी गई हैं, उनमें जहां कहीं बुद्ध-वचन उद्धृत होता है, वहां बहुधा लिखा रहता है—'पालियं वुत्तं', अर्थात् यह पालि में कहा गया है, अर्थात् यह बुद्ध-वचन है।

भगवान् बुद्ध दुख और उसके निरोध के अपने सन्देश को घर-घर पहुंचाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने वैदिक छान्दस को न अपनाकर लोकभाषा का ही आश्रय लिया। जहां एक ओर उन्होंने अपने उपदेशों का छान्दस में अनुवाद करना तक निषिद्ध ठहराया, वहां दूसरी ओर "अनुजानामि, भिक्खवे, सकाय निरुत्तिया" कहकर सभी प्राकृतों में अपने उपदेशों का उल्था करने की खुली अनुमति दी।

पालि-परम्परा में 'मागधी' को 'मूल भाषा' कहा गया है। इससे हम यह मान सकते हैं कि कदाचित् वर्तमान तिपिटक ही वह मूल-तिपिटक है, जिससे अनेक दूसरी लोकभाषाओं में उसके रूपान्तर किये गये होंगे। आज हम इन रूपान्तरित तिपिटकों की कल्पना मात्र कर सकते हैं, क्योंकि आज जो भी बुद्ध-वचन हमें उपलब्ध है वह मात्र वर्तमान तिपिटक ही है। महायान-परम्परा के कुछ ग्रन्थों के नाम तिपिटक के कुछ ग्रन्थों के नामों से मिलते-जुलते हैं। इससे हम इस निष्कर्ष पर भी पहुंच सकते हैं कि धर्म-प्रचार की आवश्यकताओं से मजबूर होकर उत्तरकाल में या तो किसी अन्य तिपिटक से संस्कृत में अनुवाद हुए होंगे अथवा वे ग्रन्थ तिपिटक के ही किन्हीं ग्रन्थों के संस्कृत रूपान्तर मात्र हैं।

हमारे देश में जितने राज्य हैं, प्रत्येक राज्य में जितने जिले हैं, उन जिलों में जितने शहर व तहसीलें हैं, उनकी संख्या से भी अधिक संस्कृत पाठशालाएँ इस देश में विद्यमान हैं। बेचारी पालि या तो कहीं विधिवत् पढ़ाई ही नहीं जाती या फिर कहीं संस्कृत के साथ जुड़ी हुई है तो कहीं अर्धमागधी के साथ मराठवाड़ा ही शायद एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसमें पालि के अध्ययन-अध्यापन का अपना एक स्वतन्त्र विभाग है।

अनेक लोग भारतीय वाङ्मय को परलोक-परक मानते हैं और हम लोग भी विदेशियों के द्वारा दिये गये इस सर्टिफिकेट को अपनी बहुत बड़ी प्रशंसा मानकर तोते की तरह दोहराते रहते हैं। हम दूसरे किसी भी भारतीय वाङ्मय के बारे में निश्चयात्मक रूप से कुछ कह सकें या न कह सकें लेकिन बौद्ध-वाङ्-मय के बारे में तो हम असंदिग्ध रूप से कह सकते हैं कि इस वाङ्मय ने इह-लोक तथा परलोक में समत्व स्थापित किया है। इहलोक को यथार्थ सत्य माना गया है, उसे भुलाया नहीं गया है, और दूसरी ओर परलोक की भी उपेक्षा नहीं हुई है। पालि के ही बारे में एक विदेशी विद्वान् का कहना है, "जिसे पालि का ज्ञान है, उसे फिर अन्य कहीं से भी प्रकाश की आवश्यकता नहीं।"

जो लोग पालि पढ़ना चाहते हैं वे प्राय: पूछते हैं कि क्या पालि संस्कृत की अपेक्षा आसान है और क्या पालि का ज्ञान प्राप्त करने के लिए संस्कृत का ज्ञान प्राप्त करना अनिवार्य है? पहले प्रश्न का उत्तर 'हाँ' है तथा दूसरे का 'नहीं'। संस्कृत की अपेक्षा पालि निश्चयात्मक रूप से आसान है। संस्कृत के पाणिनि-व्याकरण में जहाँ लगभग चार हजार सूत्र हैं, वहाँ पालि के सबसे बड़े व्याकरण, मोग्गल्लान व्याकरण, की सूत्र-संख्या आठ सौ के ही आसपास है। किसी को यदि पहले से संस्कृत का ज्ञान हो, तो उसके लिए पालि का ज्ञान प्राप्त करना निश्चयात्मक रूप से आसान होता है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि पालि का ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक हर विद्यार्थी को पहले से संस्कृत का ज्ञान होना ही चाहिए। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि संस्कृत का पूर्व-ज्ञान पालि के विद्यार्थियों को गुमराह कर देता है।

किसी भी भाषा का कोश तैयार करना आसान काम नहीं। उस भाषा-विशेष के साहित्य से शब्दों का संकलन करना, उनकी व्युत्पत्तियां, उनके व्याकरण-स्वरूप और उनके अर्थ लिखकर फिर उन्हें अकारादि क्रम से सजाना सचमुच कठिन कार्य है। श्रीलंका में पिछले लगभग पचास वर्ष से सिंहल भाषा का एक महान् कोश तैयार किया जा रहा है, जिसके ओर-छोर का अभी तक

पता नहीं है। इसी प्रकार के कुछ बड़े आयोजन पालि-कोशों को लेकर भी चल रहे हैं। वे कोश सम्पूर्ण रूप से सम्पादित और मुद्रित होकर निकट भविष्य में देखने को मिल सकेंगे, इसकी कोई आशा नहीं। इन पंक्तियों के लेखक की कुछ वैसी महत्त्वाकांक्षा नहीं रही है। वैसी महत्त्वाकांक्षा को साकार करने के लिए जो साधन चाहिए, उनका भी सर्वथा अभाव ही रहा है। उत्तरप्रदेश और अन्य राज्यों के कुछ स्कूलों व महाविद्यालयों के पालि पढ़नेवाले विद्यार्थियों को काफी समय से एक सामान्य पालि-हिन्दी कोश का अभाव खटकता रहा है। उसी अभाव की पूर्ति करने का यह कृति एक विनम्र प्रयास है।

बड़े कोशों में शब्दों की व्युत्पत्ति के अतिरिक्त, उनके एक से अधिक अर्थों के द्योतक शब्द-प्रयोगों के उदाहरण भी दिए रहते हैं। ऐसा होने से उन कोशों का कलेवर बहुत अधिक बढ़ जाता है। इसीलिए यथा-लाभ सन्तोषी की तरह यथा-बल सन्तोष का आश्रय लेकर इस कोश में शब्दों के भिन्न-भिन्न अर्थों के द्योतक प्रयोगों के उदाहरण नहीं दिए गए हैं। सामान्यतया कोश-ग्रन्थों में संज्ञा पदों (Proper Nouns) को नहीं ही लिया जाता। इस कोश में प्रसिद्ध व्यक्तियों, स्थानों तथा ग्रन्थों के नामों आदि के द्योतक संज्ञा-पदों को भी अन्तर्भूत कर लिया गया है।

इस पालि-हिन्दी कोश को तैयार करते समय हमारे सामने रीस डेविड्स तथा डब्लू० टी० स्टीड द्वारा सम्पादित पालि-अंग्रेजी कोश, और बुद्धदत्त महास्थविर द्वारा रचित पालि-अंग्रेजी कोश रहे हैं। ये दोनों कोश ही एक प्रकार से इस विद्यमान पालि-हिन्दी कोश के आधार बने हैं। हमारी सीमित जानकारी में किसी भी भारतीय भाषा में यही पालि-हिन्दी कोश प्रथम पालि-कोश है। हर प्रथम प्रयास जहाँ प्रथम होने के नाते थोड़े-से श्रेय का अधिकारी माना जाता है, वहीं उसे उसके बाद में किये जाने वाले प्रयासों द्वारा अपने पर सबक़त लिये जाने के लिए भी तैयार रहना ही चाहिए। १९५८ से १९६८ तक मैं श्रीलंका के विद्यालंकार विश्वविद्यालय में हिन्दी-विभाग का अध्यक्ष रहा। लोगों को कहते सुना है कि जो जिस विषय का अधिकारी विद्वान् हो उसे ही उस विषय पर कलम चलानी चाहिए। मेरा अपना क्रम रहा है कि मुझे जो विषय सीखना रहा है, उसी पर एक ग्रन्थ तैयार करने का प्रयास करके उस विषय की अल्प-स्वल्प जानकारी प्राप्त कर ली है। महामोग्गल्लान व्याकरण के सूत्रों की वृत्ति की हिन्दी-टीका मैंने इसी दृष्टि से तैयार की और 'सिंहल भाषा और उसका साहित्य' ग्रन्थ भी इसी दृष्टि से लिखा गया। यह पालि-हिन्दी कोश भी इसी दृष्टि से किया गया एक और प्रयास है।

पालि में संस्कृत के अमरकोश के ढंग पर तैयार किया गया 'अभिधानप्प-दीपिका' नाम का एक ग्रन्थ भी है। युग-विशेष में जब लोगों को चुने हुए कुछ ग्रन्थ ही पढ़ने पड़ते थे और वे उन सभी करणों-ग्रन्थों को कंठस्थ कर सकते थे, उस समय के लिए अभिधानप्पदीपिका बहुत काम की चीज थी। आज के विद्यार्थी को तो आधुनिक ढंग के किसी पालि-हिन्दी कोश की ही नितान्त आवश्यकता है। यही समझकर इस कोश का संकलन किया गया है।

यह पालि-कोश श्रीलंका में रहते समय ही पूरा हो गया था। इसकी तैयारी में भिक्षु सावंगी मेधंकर तथा डॉ० तेलवत्ते राहुल प्रमुख मेरे अनेक भिक्षु-

मित्रों और विद्यार्थियों का सहयोग मिला था। सभी को धन्यवाद न दे सकने की मजबूरी और सभी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता स्वीकार करने की इच्छा के बीच यही समझौता हो सकता है कि किसी को भी औपचारिक धन्यवाद न दिया जाय। अपनों को धन्यवाद देना लगता भी न जाने कैसा-सा है।

ग्रन्थ की लिखाई जितना ही कष्टसाध्य कार्य है, उतना ही कष्टसाध्य है उसका मुद्रण। आज के युग में प्रत्येक प्रकाशक अपनी पूंजी का सूद सहित प्रतिफल कल ही प्राप्त करना चाहता है, तो किसी प्रकाशक का भी पालि-हिन्दी कोश जैसे ग्रन्थ को प्रकाशित करने के लिए तैयार होना सामान्य बात नहीं। इस कोश के इतने लम्बे अरसे तक अप्रकाशित रहने का प्रधान कारण यही है। राजकमल प्रकाशन और उसकी व्यवस्थापिका श्रीमती शीला सन्धू इस दृष्टि से मेरे विशेष धन्यवाद की पात्र हैं। यदि उन्होंने पालि-विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य रूप से एक पालि-हिन्दी कोश की आवश्यकता की ओर ध्यान न दिया होता, तो यह कोश भी अन्य बहुत-से अप्रकाशित ग्रन्थों की तरह कहीं यूं ही पड़ा रहता। इस कोश को प्रकाशित करके श्रीमती शीला सन्धू ने पालि के सभी हिन्दी-जानकार विद्यार्थियों को अपना ऋणी बनाया है।

कोश के विशेष विलम्ब से प्रकाशित होने का एक दूसरा कारण भी है और वह यह कि संकलन-कर्ता कहीं, और मुद्रण-व्यवस्था कहीं। जिन लोगों को किसी भी ग्रन्थ को छपवाने का कुछ भी अनुभव होगा, वे मुझसे इस बात में सहमत होंगे कि मुद्रण के समय प्रूफ देखने का कार्य कमरे में झाड़ू लगाने जैसा ही होता है। जितनी बार झाड़ू लगायी जाय, हर बार कुछ-न-कुछ कूड़ा-करकट निकल आता है। शुरू में इस कोश के प्रूफ नागपुर भेजे जाते थे। किन्तु शीघ्र ही यह अनुभव हुआ कि दिल्ली-नागपुर के आवागमन के बीच कोश-मुद्रण के कार्य की यह बेल शायद ही कभी सिरे चढ़ सके। इसे सिरे चढ़ाने का सारा श्रेय मेरे गुरुभाई भिक्षु जगदीश काश्यप जी के अन्तेवासी, दिल्ली विश्वविद्यालय के बौद्ध अध्ययन विभाग (Department of Buddhist Studies) के रीडर डॉ० संघसेन तथा राजकमल प्रकाशन के श्री मोहन गुप्त को है। इन दोनों अनुजों ने परस्पर सहयोग से पालि-कोश की इस नैया को मुद्रण-रूपी मँझधार में न खेया होता, तो शायद ही यह कभी किनारे लगी होती। डॉ० संघसेन ने न केवल श्रम-साध्य प्रूफ ही देखने का कार्य किया, बल्कि जहां कहीं भी कुछ स्खलन रह गए थे, उनका मार्जन कर पाण्डुलिपि को भी यथासम्भव निर्दोष बना दिया। उन्होंने इस कोश को अपना मानकर जो जिम्मेदारी उठाई थी, उसे पूरा निभा दिया। ऐसा करके उन्होंने एक पुण्य-कार्य तो सम्पन्न किया ही, साथ-ही-साथ मेरे ही नहीं, बल्कि सभी पालि-विद्यार्थियों के कृतज्ञता-भाजन बने। यही मेरे लिए विशेष सन्तोष का विषय है।

यह कोश किन्हीं भी पालि-अध्येताओं के कुछ भी काम आ सका, तो इन पंक्तियों का लेखक अपने-आपको कृत-कृत्य मानेगा।

—आनन्द कौसल्यायन

भिक्षु-निवास
दीक्षा भूमि, नागपुर-१०
२४-११-७४

अ

अ देवनागरी वर्णमाला का प्रथम अक्षर, संयुक्त-व्यञ्जन के पूर्व आने वाले आ उपसर्ग का ह्रस्वीकरण, जैसे आ+कोसति = अक्कोसति । कुछ संज्ञाओं तथा विशेषणों आदि के पूर्व आनेवाला उपसर्ग, जैसे न+कुसल = अकुसल । भूतकालिक क्रिया के पूर्व आनेवाला उपसर्ग, जैसे अकासि ।

अकट, अकृत, अनिर्मित ।

अकतञ्ञु, अकृतज्ञ ।

अकतञ्ञु जातक, अकृतज्ञ व्यापारी की जातक कथा (९०)

अकनिट्ठ देव, पांच शुद्धावासों में से उच्चतम आवास में रहनेवाले देवता-गण ।

अकम्पिय, विशेषण, स्थिर ।

अकाच, विशेषण, निर्दोष ।

अकालरावी जातक, असमय बांग देने वाले मुर्गे की जातक कथा (११९)

अकामक, विशेषण, अनिच्छुक ।

अकाल, पुल्लिङ्ग, असमय ।

अकासि, भूतकालिक क्रिया, किया ।

अकित्ति, एक उदार-ज्ञानी की जातक-कथा (४८०)

अकिरिय, अ-क्रिया (-वाद), किसी कर्म का कोई फल नहीं होता, यह मत ।

अकिञ्चन, विशेषण, जिसके पास कुछ न हो ।

अकिलासु, वि०, क्रियाशील, अप्रमादी ।

अकुटिल, वि०, जो कुटिल नहीं ।

अकुतोभय, वि०, जिसे किसी ओर से भी भय न हो ।

अकुप्प, वि०, स्थिर, अचञ्चल ।

अकुसल, नपुं०, पाप-कर्म ।

अकोविद, वि०, अदक्ष, जो हुश्यार नहीं ।

अक्क, पुल्लिङ्ग, अर्क (=सूर्य), एक पौदा-विशेष ।

अक्कन्त, क्रिया-विशेषण, आक्रान्त ।

अक्कन्दति, क्रिया, रोता है, चिल्लाता है ।

अक्कोस, पुल्लिङ्ग, आक्रोश, अपमान ।

अक्कोस, भारद्वाज, राजगृह का एक ब्राह्मण, जिसने भगवान् बुद्ध का अपमान किया था ।

अक्ख, अक्ष (गाड़ी की धुरी), अक्ष (जुए का पासा), अक्ष (आँख) ।

अक्खक, नपुं०, हंसली ।

अक्खण, पुल्लिग, अक्षण, अनुचित समय ।

अक्खण-वेधी, पुल्लिग, बिजली चमकने भर के समय में तीर मारने वाला ।

अक्खत, वि०, अक्षय, जिसे चोट न लगी हो ।

अक्खदस्स, पु०, न्यायाधीश, निर्णायक ।

अक्खधुत्त, वि०, जुआरी ।

अक्खय, वि०, अक्षम, जिसका क्षय न हो । लिखने की स्लेट या बोर्ड (-समय) लिखने तथा पढ़ने की विद्या ।

अक्खर, नपु०, अक्षय, (-फलक) लिखने की स्लेट या वोर्ड (-समय) लिखने तथा पढ़ने की विद्या ।

अक्खरमाला, पालि तथा सिंहाली वर्णमाला के वारे में एक पालि छन्दोबद्ध रचना ।

अक्खात, क्रिया-विशेषण, कहा गया, व्याख्या किया गया ।

अक्खातार, क्रिया-विशेषण, कहने वाला, मार्ग प्रदर्शित करने वाला ।

अक्खाति, क्रिया, कहता है, सुनाता है, समझाता है ।

अक्खान, नपुं०, आख्यान, कथा-वार्ता (भारत-रामायणादि)

अक्खि, नपुं०, अक्षि, आँख ।

अक्खोभिनी, स्त्री० अक्षोहिणी (सेना)

अखेत्त, नपुं०, अक्षेत्र, बंजर-भूमि ।

अग, पुं०, पर्वत, वृक्ष ।

अगति, स्त्री०, कुपथ, पक्षपात ।

अगद, नपुं०, औषधि ।

अगरु, विशेषण, हलका ।

अगाध, विशेषण, अत्यधिक गहरा ।

अगार, नपुं०, घर, निवास-स्थान ।

अगारिक, विशेषण, घर वाला, गृहस्थ ।

अग्ग, विशेषण, अग्र, प्रथम, श्रेष्ठतम ।

अग्गल, नपुं०, अर्गल, दरवाज़े के पीछे लगाई हुई डण्डी ।

अग्गि, पु०, अग्नि, आग (-वरबन्ध) आग की ढेरी, (-परिचरण)

अग्गि-पूजा, (-साला) अग्नि-शाला, (-शिखा) आग की लौ, (-हुत्त) यज्ञ ।

अग्गिक-जातक, उस गीदड़ की जातक-कथा, जिसके सिर के बाल जंगल की आग से जल गए थे (१२९)

अग्गिक-भारद्वाज, भारद्वाज गोत्र का श्रावस्ती का एक ब्राह्मण ।

अग्गि ब्रह्मा, संघमित्रा का पति तथा अशोक का जामाता । उसने अशोक के भाई तिस्सकुमार के प्रव्रजित होने के दिन ही प्रव्रज्या ग्रहण की थी ।

अग्घ, पु०, अर्घ, मूल्य (- कारक)

मूल्य निर्धारण करने वाला।

अग्घति, क्रिया, उतने मूल्य का होना।

अग्घिक, नपुं०, पुष्प-मालाओं से सुसज्जित स्तम्भ।

अघ, नपुं०, आकाश, दुःख, दर्द, दुर्भाग्य।

अङ्क, पु०, गोद, चिह्न, संख्या।

अङ्कुर, पु०, अखुआ।

अङ्कुस, पु०, अंकुश।

अङ्केति, क्रिया, चिह्न लगाता है।

अङ्ग, पु०, सोलह महा जनपदों में से एक।

अङ्ग, नपुं०, (शरीर का) अङ्ग, भाग, (-पच्चङ्ग) शरीर के सभी छोटे-बड़े अङ्ग, (-राग) शरीर पर लगाने का पौडर या उबटन।

अङ्गजात, नपुं०, पुरुषेन्द्रिय।

अङ्गण, नपुं०, आंगन।

अंगद, नपुं०, बाजूबंद।

अङ्गना, स्त्री० औरत।

अङ्गार, पुल्लिग, जलता हुआ कोयला।

अङ्गीरस, पु०, बुद्ध का एक नाम।

अङ्गुट्ठ, पु०, अंगूठा।

अङ्गुत्तर-निकाय, पु०, सुत्त-पिटक के पाँच निकायों में से एक निकाय।

अङ्गुत्तरट्ठकथा, स्त्री०, अंगुत्तर निकाय की अट्ठकथा।

अङ्गुल, नपुं० १. अंगुल, २. उंगली-भर का माप।

अङ्गुली-माल, प्रसिद्ध डाकू, जो वुद्धानुभाव से एक अर्हत् हुआ।

अङ्गुलीयक, (-लेय्यक), नपुं०, अङ्गूठी।

अचल वि०, स्थिर, अपने स्थान से न हिलनेवाला।

अचिर, वि०, जो अभी-अभी हुआ हो, (-प्पभा), बिजली।

अचिरवती, (नदी), पांच महानदियों में से एक, वर्तमान राप्ति।

अचेतन, वि०, बेहोश, जड़।

अचेल, वि०, निर्वस्त्र, नंगा, (-क) नग्न रहने वाला साधु।

अच्चगा, क्रिया-पद, लांघ गया।

अच्चना, स्त्री०, अर्चना, पूजा।

अच्चन्त, वि०, निरन्तर, लगातार, अत्यन्त।

अच्चय, पु०, अपराध, दोष।

अच्चायिक, वि०, तुरन्त करने का कार्य।

अच्चासन्न, वि०, अति समीप।

अच्चि, स्त्री०, अर्ची, ज्वाला, (-मन्तु) पु० अग्नि

अच्चित, वि०, अर्चित, पूजित, सम्मानित।

अच्चुग्गत, वि०, अत्यन्त ऊँचा।

अच्चुण्ह, वि०, अत्यन्त ऊष्ण, बहुत गर्म।

अच्चुत, वि०, (-पद) निर्वाण।

अच्चोगाळ्ह वि०, अत्यधिक प्रचुरता में गया हुआ।

अच्चोदक, नपुं०, अत्यधिक जल।

अच्छ, वि०, अच्छा, स्वच्छ, साफ।

अच्छक, पु०, भालु, रीछ।

अच्छम्भी, वि०, निर्भय।

अच्छरा, स्त्री० अप्सरा; (-संघात) चुटकी वजाना।

अच्छरिय, नपुं०, आश्चर्य।

अच्छादन, नपुं०, वस्त्र, परिधान ।
अच्छिन्दति, क्रिया, लूटता है ।
अच्छेछि, भूतकालिक क्रिया, काट दिया, नष्ट कर दिया ।
अज, पु०, बकरी, (-पाल) बकरी चराने वाला (-लण्डिका) बकरी की मींगन ।
अजातसत्तु, मगध नरेश बिम्बसार का पुत्र ।
अजानन, नपुं०, अज्ञान ।
अजिन, नपुं०, चीता ।
अजिनपत्ता, स्त्री०, चिमगादड़ ।
अजिनि, क्रिया, जीत लिया ।
अजीरक, नपुं०, बदहज़मी ।
अजेय्य, वि०, जिसे जीता न जा सके ।
अज्ज, अव्यय, आज (-तग्गे) आज से, (-तन) आधुनिक ।
अज्जति, क्रिया, अर्जन करता है, कमाता है ।
अज्जव, पु०, आर्जव, सीधापन ।
अज्जित, वि०, अर्जित, कमाया हुआ ।
अज्जुन, पुं०, (१) अर्जुन नाम का वृक्ष, (२) पाँच पाण्डवों में से एक भाई अर्जुन ।
अज्झगा, क्रिया, प्राप्त किया ।
अज्झत्त, वि०, स्वकीय ।
अज्झत्तिक, वि० अपने आप सम्बन्धी ।
अज्झयन, नपुं०, अध्ययन ।
अज्झाचार, पु०, सीमातिक्रमण, मैथुन-क्रिया ।
अज्झाचिण्ण, क्रिया-विशेषण, अभ्यस्त ।
अज्झापन, नपुं०, अध्यापन, पढ़ाना-लिखाना ।
अज्झाय, पु०, अध्याय, परिच्छेद ।
अज्झायक, पु०, अध्यापक, शिक्षक ।
अज्झावसति, क्रिया, घर में वास करता है ।
अज्झासय, पु०, आशय, इरादा ।
अज्झुपगच्छति, क्रिया, प्राप्त होता है, सहमत होता है ।
अज्झुपेक्खति, क्रिया, उपेक्षा करता है ।
अज्झुपेति, क्रिया, समीप पहुँचता है ।
अज्झेन, नपुं०, अध्ययन ।
अज्झोकास, पु०, खुला आकाश ।
अज्झोसान, नपुं०, आसक्ति ।
अज्झोहरण, नपुं०, निगलना ।
अञ्जति, क्रिया, आँख में अञ्जन लगाना ।
अञ्जन, नपुं०, सुरमा (-वण्ण) काला ।
अञ्जन, संज्ञा, शुद्धोदन की दोनों रानियों महामाया तथा महाप्रजापति गौतमी के पिता ।
अञ्जलि, स्त्री०, हाथ जोड़ना, (-पुट) कोई चीज लेने के लिए दोनों हाथों को मिलाकर बनाया जानेवाला डूना ।
अञ्जस, नपुं०, रास्ता, मार्ग, पथ ।
अञ्ञ, सर्वनाम, अन्य, दूसरा ।
अञ्ञतम, सर्वनाम-विशेषण, अन्यतम, अनेकों में से एक ।
अञ्ञतित्थिय, पु०, अन्य सम्प्रदाय का अनुयायी ।
अञ्ञत्थ, अञ्ञत्र, अव्यय, अन्यत्र ।
अञ्ञथत्त, नपुं०, मन का अन्यथा-भाव को प्राप्त होना ।

अञ्ञथा, अव्यय, अन्यथा, दूसरी तरह ।
अञ्ञदत्थु, अव्यय, निश्चय से ।
अञ्ञदा, अव्यय, अन्यदा, दूसरे दिन ।
अञ्ञमञ्ञ, अञ्ञोञ्ञ, वि० परस्पर ।
अञ्ञा, स्त्री०, सम्पूर्णज्ञान, अर्हत्व ।
अञ्ञाण, नपुं०, अज्ञान ।
अञ्ञात, वि०, ज्ञात अथवा ज्ञाता ।
अञ्ञात, कोण्डञ्ञ, सं० भगवान बुद्ध का प्रथम प्रव्रजित शिष्य ।
अञ्ञातक, वि०, जो सगा-सम्बन्धी नहीं ।
अञ्ञातावी, पु०, जानकार ।
अञ्ञातुकाम, वि०, जानने की इच्छा रखनेवाला ।
अटवि, स्त्री०, जंगल ।
अट्ट, नपुं०, मुकद्दमा ।
अट्टाल, नपुं०, अट्टालिका, अटारी ।
अट्ठ, वि०, आठ ।
अट्ठक, वि०, आठगुणा ।
अट्ठकथाचार्य, पुल्लिग, अर्थकथाचार्य ।
अट्ठङ्गिक, पुं०, अष्टांगिक, आठ अंगों वाला ।
अट्ठपद, नपुं०, शतरंज का तख्ता ।
अट्ठंस, नपुं०, अठकोना ।
अट्ठान, नपुं०, अस्थान, असम्भव ।
अट्ठारस, वि०, अट्ठारह ।
अट्ठि, नपुं०, हड्डी ।
अट्ठि-कत्वा, पूर्व-क्रिया, ध्यान देकर ।
अट्ठि-सङ्घाट, पुं०, अस्थि-पञ्जर ।
अट्ठिसेन जातक, राजा के उद्यान में रहते हुए, उससे कुछ भी याचना न करने वाले तपस्वी की जातक-कथा (४०३)
अड्ढ, वि०, धनाढ्य ।
अड्ढतिय, वि०, ढाई ।
अड्ढरत्त, नपुं०, अर्ध-रात्रि ।
अड्ढुड्ढ, पुं०, साढे तीन ।
अण, (ऋण), अनणो, पुं, ऋण-रहित ।
अणु, छोटे से छोटा कण ।
अण्ड, नपुं०, अण्डा ।
अण्डभूत-जातक, स्त्रियों की 'स्वाभाविक' चरित्रहीनता का ज्ञापन करने वाली जातक-कथा (६२)।
अण्ण, पुं०, जल ।
अण्णव, नपुं०, समुद्र ।
अण्ह, पुं०, दिन, पूर्वाह्न तथा अपराह्न ।
अतच्छ, नपुं०, मिथ्या, अयथार्थ ।
अति, उपसर्ग, अधिकता का अर्थ लिये हुए ।
अतिखिप्पं, क्रिया-विशेषण, अति शीघ्र ।
अतिगाळ्ह, वि०, अति निकट ।
अतित्त, वि०, अतृप्त ।
अतिथि, पु०, अतिथि, मेहमान ।
अतिदिवा, अव्यय, दिन चढ़े ।
अतिदेव, पु०, श्रेष्ठतर देवता ।
अतिधमति, क्रिया, ढोल को या तो बहुत ज़ोर से या वार-बार बजाता है ।
अतिधावति, क्रिया, दौड़कर आगे बढ़ जाता है ।
अतिनामेति, क्रिया, समय गुज़ारता है ।
अतिनिग्गण्हाति, क्रिया, अधिक डाँटता-डपटता है ।
अतिपपञ्च, पु०, अत्यधिक विलम्ब ।

अतिपात, पु०, मार डालना, हत्या करना ।
अतिप्पगो, अव्यय, बहुत जल्दी ।
अतिवहल, विशेषण, बहुत मोटा ।
अतिबाळ्हं, क्रिया-विशेषण, अत्यधिक ।
अतिबाहेति, क्रिया, भगा देता है, बाहर कर देता है ।
अतिभगिनी, स्त्री०, अत्यन्त प्रिय बहन ।
अतिभारिय, विशेषण; अत्यन्त भारी, अत्यन्त गम्भीर ।
अतिमञ्ञति, क्रिया, घृणा करता है ।
अतिमनाप, वि०, अत्यन्त प्रिय ।
अतिमत्त, वि० अतिमात्र, अत्यधिक ।
अतिमहन्त, वि०, बहुत बड़ा ।
अतिमान, पु०, अभिमान, अहंकार ।
अतिमुखर, वि०, अत्यन्त वाचाल ।
अतिमुत्तक, सं०, एक पोदे का नाम ।
अतिमुदुक, वि०, अत्यन्त मृदु ।
अतियक्ख, पु०, झाड़-फूंक करनेवाला ओझा ।
अतियाचक, वि०, अत्यन्त याचना करने वाला ।
अतियति, क्रिया, लांघ जाता है ।
अतिरत्तिं, क्रिया-विशेषण, अधिक रात बीते ।
अतिरिच्चति, क्रिया, छूट जाता है, (शेष) रहता है ।
अतिरित्त, विशेषण, अतिरिक्त ।
अतिरिव, अव्यय, अत्यधिक ।
अतिरेक, वि०, अतिरिक्त ।
अतिरोचति, क्रिया०, अधिक चमकता है ।
अतिलुद्ध, वि०; अत्यन्त लोभी ।
अतिवङ्किन्, वि०, अत्यन्त टेढ़ा ।
अतिवत्त, क्रिया-विशेषण, विजित ।
अतिवत्तति, क्रिया, लांघ जाता है, पार कर जाता है ।
अतिवस, वि०, किसी के वश में, किसी पर निर्भर ।
अतिवस्सति, क्रिया, खूब बरसता है ।
अतिवाक्य, नपुं०, अपशब्द, गाली ।
अतिवात, पुं०, आँधी-तूफान ।
अतिवायति, (सुगन्धि) लेकर जाता है ।
अतिवाहक, पुं०, भार वहन करने वाला ।
अतिविकाल, वि०, अत्यन्त असमय ।
अतिविज्झति, क्रिया, बींध देता है, आर-पार देखता है ।
अतिविय, क्रिया-विशेषण, अत्यन्त ।
अतिविस्सट्ठ, वि०; वकबक करने वाला ।
अतिविस्सासिक, वि०, अत्यन्त रहस्य-पूर्ण ।
अतिविस्सुत, वि०, अत्यन्त प्रसिद्ध ।
अतिवेलं, क्रिया-विशेषण, अधिक समय बीत जाना ।
अतिसण्ह, वि०, अति-सूक्ष्म, अति चिकना ।
अतिसम्बाध, वि०, जहाँ बहुत भीड़-भाड़ हो, जो रास्ता तंग हो ।
अतिसय, पु०, अतिशय, आधिक्य ।
अतिसायं, क्रिया-विशेषण, अत्यन्त सायंकाल ।
अतिसार, पुल्लिग, सीमोल्लंघन, दस्त लग जाना ।

अतिसिथिल, वि०, अत्यन्त शिथिल ।
अतिहट्ठ, वि०, अत्यन्त प्रसन्नचित्त ।
अतिहीन, वि०, अत्यन्त दरिद्र ।
अतिहीळेति, क्रिया, घृणा करता है ।
अतीत, वि०, भूत-काल ।
अतीव, अव्यय, बहुत अधिक ।
अतो, अव्यय, अतः, इसके बाद ।
अत्त, पु०, अपना-आप ।
अत्त-काम, पु०, आत्म-प्रेम ।
अत्त-किलमथ, पु०, काय-क्लेश ।
अत्त-गुत्ति, स्त्री०, आत्म-संयम ।
अत्त-घञ्ञ, नपुं०, आत्म-विनाश ।
अत्तदत्थ, पु०, आत्म-हित ।
अत्तदन्त, वि; आत्म-दमित ।
अत्त-दिट्ठि, स्त्री०, आत्म-दृष्टि, 'आत्मा' का अस्तित्व मानना ।
अत्त-भाव, पु०, व्यक्तित्व ।
अत्त-वाद, पु०, 'आत्मा' के सम्बन्ध का पक्ष या मत ।
अत्त-वध, पु०; आत्म-विनाश ।
अत्त-हित, नपुं०, आत्म-हित ।
अत्तज, वि०; आत्मज, पुत्र ।
अत्तदीप, वि०; आत्म-दीप, आत्म-निर्भर ।
अत्तनीय, वि०, अपने-आप सम्बन्धी अथवा आत्मा-सम्बन्धी ।
अत्तंतप, वि०, अपने-आपको तपाने वाला ।
अत्तपच्चक्ख, वि०, आत्म-प्रत्यक्ष, आत्म-साक्षी ।
अत्तपटिलाभ, पु०; आत्म-प्रतिलाभ, जन्म ।
अत्तमन, वि०; प्रसन्न-वदन ।
अत्तसम्भव, वि; आत्म-सम्भव, अपने-आपसे उत्पन्न ।
अत्तहेतु, अव्यय, आत्म-हेतु, अपने आपके लिये ।
अत्ताण, वि०, विना त्राण के, विना संरक्षण के ।
अत्थ, पु०, कल्याण, लाभ, धन, आवश्यकता, इच्छा, उपयोग, अर्थ, विनाश ।
अत्थक्खायी, वि०, हितकर बात कहने वाला ।
अत्थकर, वि०, हितकारी ।
अत्थकाम, वि०, हितचिन्तक ।
अत्थकुसल, वि०, हितकर बात का पता लगाने में दक्ष, अर्थ बताने में दक्ष ।
अत्थचर, वि०, परोपकारी ।
अत्थचरिया, स्त्री०, परोपकार ।
अत्थदस्सी, वि०, हितचिंतक ।
अत्थभञ्जक, वि०, अहितकारी ।
अत्थवादी, वि०, हितकर बात कहने वाला । अत्थ, क्रिया, अत्थि का बहुवचन ।
अत्थकथा, स्त्री०, अर्थों की व्याख्या, भाष्य ।
अत्थगम, पु०, अस्तगत होना, छिप जाना, आँख से ओझल होना ।
अत्थञ्जु, वि०, अर्थ का जानकार, हितकर बात का जानकार ।
अत्थरत, क्रिया-विशेषण; ऊपर विछाया गया ।
अत्थर, पु०; आस्तरण ।
अत्थरक, पु०, बिछाने वाला ।

अत्थरण, नपुं०, बिस्तर की चादर।
अत्थरति, क्रिया, बिछाता है।
अत्थरापेति, क्रिया, बिछवाता है।
अत्थवस,.पु०, कारण, उपयोग।
अत्थसालिनी, अभिधम्मपिटक के धम्मसंगनी प्रकरण पर बुद्ध घोष द्वारा रचित अट्ठकथा।
अत्थस्सद्वार जातक, वाराणसी के सेठ के पुत्र की जातक-कथा, जो सात वर्ष की आयु में ही सुपथगामी बना (८४)।
अत्थाय, अत्थ की चतुर्थी; के लिए; किमत्थाय, किसलिए ?
अत्थि, क्रिया; है।
अत्थि-भाव, पुं०, अस्तित्व।
अत्थिक, वि०, अर्थी, किसी चीज की इच्छा करनेवाला।
अत्र, वि०, यहाँ।
अत्रज, पुं०, पुत्र, अत्रजा, स्त्री०; पुत्री।
अत्रिच्छ, वि०, अत्यन्त लोभी। अत्रिच्छता, स्त्री०, अत्यन्त लोभ।
अथ, अव्यय; तब।
अथब्बण, पुं०, अथर्व-वेद।
अथो, अथ, निपात मात्र।
अदक, वि०, खाने वाला।
अदति, क्रिया, खाता है।
अदन, नपुं०, खाना, भोजन।
अदस्सन, नपुं०, दिखाई न देना।
अदिट्ठ, वि० अदृष्ट, जो दिखाई दिया हो।
अदिन्न, वि०, जो दिया न गय हो।
अदिस्समान, वि०; जो दिखाई न दे।
अदु, नपुं; अमुक।
अदूभक, वि०, जो विश्वासघाती नहीं
अदूसक, वि०, निर्दोष, निरपराध।
अद्द, नपुं, काई, गीलापन।
अद्दक, नपुं; अदरक।
अद्दक्खि, भूतकालिक क्रिया; देखा।
अद्दसा, भूतकालिक क्रिया, देखा।
अद्दि,, पु०, पर्वत।
अद्दित, क्रिया-विशेषण; दबाया गया।
अद्धं, पु०, आधा। (—मास), पुं०; आधा-महीना, एक पक्ष।
अद्धगत, वि०, जीवन-पथ का यात्री।
अद्धगू, पु०, यात्री।
अद्धनिय, वि, यात्रा करने योग्य; चिरकाल तक बना रहने वाला।
अद्धा, अव्यय, निश्चयात्मक रूप से।
अद्धा, पुं०, मार्ग, समय।
अद्धान, नपुं०, लम्बा रास्ता या दीर्घ समय।
अद्धिक, पुं०, यात्री।
अद्धुव, वि०, अध्रुव, अस्थिर।
अद्वेज्झ, वि०, असंदिग्ध।
अधम, वि०, नीच, पापी।
अधम्म, पु०, दुराचार, मिथ्या-मत।
अधर, पु०, होंठ, वि०, नीचे का।
अधि, उपसर्ग, तक, पर।
अधिकत, वि०, अधिकृत, कारणीभूत।
अधिकरण, नपुं, मुकद्दमा।
अधिकरण-समथ, पु०, मुकद्दमे का फैसला।
अधिकरणिक, पु०, न्यायाधीश।
अधिकरणी, स्त्री०, लोहार की निहाई।
अधिकार, पु०, पद, आकांक्षा।

अधिकोट्टन, नपुं०, जल्लाद का थड़ा।
अधिकोधित, वि०, अत्यन्त क्रोधित।
अधिगच्छति, क्रिया, प्राप्त करता है।
अधिगच्छि, भूतकालिक क्रिया, प्राप्त किया।
अधिगण्हाति, क्रिया, पार कर जाता है, प्राप्त करता है, लाँघ जाता है।
अधिगम, पु०, प्राप्ति, ज्ञान।
अधिचित्त, नपुं०, चित्त को एकाग्र करने की साधना।
अधिच्च, पूर्व-क्रिया, पढ़कर या पाठ करके।
अधिच्च, समुप्पन्न, वि०, अकारण उत्पन्न।
अधिट्ठाति, क्रिया, दृढ़ संकल्प करता है।
अधिट्ठातब्ब, कृदन्त, अधिष्ठान करने योग्य।
अधिट्ठायक, वि०, निरीक्षक।
अधिप (अधिपति), पु०, स्वामी, शासक।
अधिपञ्ञा, स्त्री०, श्रेष्ठ प्रज्ञा।
अधिपतन, नपुं, आक्रमण, ऊपर आ पड़ना, उछलना-कूदना।
अधिपन्न, वि०, गृहीत।
अधिपात, पु०, टुकड़े-टुकड़े हो जाना, विनाश।
अधिपातक, पु०, झींगुर, आँख-फोड़वा।
अधिपातेति, क्रिया, नाश कर डालता है।
अधिप्पघरति, क्रिया, चूता है।
अधिप्पाय, पु०, अभिप्राय, इरादा।
अधिभवति, क्रिया, नीचे दबा देता है।
अधिमत्त, वि०, अत्यधिक मात्रा।
अधिमन, पुं०, चित्त की एकाग्रता।
अधिमान, पु०, अभिमान, अहङ्कार।
अधिमानिक, वि०; ऐसा व्यक्ति जो झूठ-मूठ ही समझता है कि उसने कोई सिद्धि प्राप्त कर ली है।
अधिमुच्चति, क्रिया, झुकता है, अनुरक्त होता है।
अधिमुच्चन, नपुं०, संकल्प करना, इरादा करना।
अधिमुत्ति, स्त्री, संकल्प, झुकाव।
अधिमोक्ख पु०, दृढ़ निश्चय।
अधिरोहनी, स्त्री, सीढ़ी।
अधिवचन, नपुं, संज्ञा, नामकरण।
अधिवत्तति, क्रिया, अतिक्रमण कर जाता है, परास्त कर देता है।
अधिवत्थ, वि०, रहने वाला।
अधिवसति, क्रिया, रहता है।
अधिवासक, वि०, सहनशील।
अधिवासना, स्त्री०, सहनशीलता।
अधिवासेति, क्रिया, सहन करता है।
अधिसील, नपुं, श्रेष्ठतर सदाचार।
अधिसेति, क्रिया, लेटता है, बैठता है, रहता है, अनुकरण करता है।
अधीन, वि०, निर्भर।
अधीयति, क्रिया, अध्ययन करता है, कण्ठस्थ करता है।
अधुना, विशेषण, अब, अचिरकाल पूर्व।
अधो, अव्यय, नीचे।
अधोकत, वि, नीचे किया गया।
अधोगम, वि० पतनोन्मुख।
अधोभाग, पु० नीचे का हिस्सा। अधोमुख, वि०, नीचे मुंह किये।
अनङ्गण; वि०; राग-द्वेष रहित,

निर्दोष ।

ग्रनण, वि०, ऋण-मुक्त ।

ग्रनत्त, वि०, ग्रनात्म (—सिद्धान्त) ।

ग्रनत्तमन, वि०, ग्रसन्तुष्ट ।

ग्रनत्थ, पु०, हानि, दुर्भाग्य ।

ग्रनधिवर, पु०; तथागत, बुद्ध ।

ग्रननुच्छविक, वि०, ग्रनुचित, ग्रयोग्य ।

ग्रननुसोचिय जातक, वाराणसी में धनी ब्राह्मण के रूप में बोधिसत्व की जातक-कथा (३२८) ।

ग्रनन्त, वि०, सीमा-रहित ।

ग्रनन्तर, वि०, इसके बाद ।

ग्रनपेक्ख, वि०, ग्रपेक्षा-रहित ।

ग्रनभाव, (ग्रनु+ग्रभाव) पु०, जन्म-मरण का सम्पूर्ण ग्रभाव ।

ग्रनभिरत, वि०, रस न लेता हुग्रा, रमण न करता हुग्रा ।

ग्रनभिरति जातक, (१) स्त्रियों को निजी सम्पत्ति मानना ग्रनुचित है, प्रसंग की जातक-कथा (६५), (२) ग्रच्छी स्मरण-शक्ति के लिये चित्त की स्थिरता ग्रावश्यक है, प्रसंग की जातक-कथा (१८५)

ग्रनमतग्ग, वि०, जिसका ग्रारम्भ ग्रज्ञात है ।

ग्रनय, पु०, दुर्भाग्य ।

ग्रनरिय, वि०, ग्रसभ्य, गँवार ।

ग्रनल, पु०, ग्रग्नि ।

ग्रनलंकत, वि०, (१) ग्रसंतुष्ठ, (२) ग्रलंकृत नहीं किया गया ।

ग्रनवट्ठित, वि०, ग्रनवस्थित, ग्रस्थिर ।

ग्रनवय, वि०, न्यून नहीं, सम्पूर्ण ।

ग्रनवरत, वि०, लगातार, निरंतर ।

ग्रनवसेस, वि०, निरवशेष, सम्पूर्ण ।

ग्रनवोसित, वि०, ग्रसमाप्त, ग्रसम्पूर्ण ।

ग्रनसन, नपुं० ग्राहार-त्याग, व्रत ।

ग्रनस्सासिक, वि०, ग्राश्वासन-रहित ।

ग्रनाकुल, वि०, उलझन-रहित ।

ग्रनागत, वि०, भावी ।

ग्रनागत वंस, चोल देश के वासी काश्यप स्थविर द्वारा भावी मैत्रेय बुद्ध के बारे में रची गई एक पद्य-बद्ध रचना ।

ग्रनागमन, नपुं०, ग्रागमन का निषेध ।

ग्रनागामी, पुं०, फिर इस संसार में लौटकर न ग्राने वाला ।

ग्रनाचार, पु०, दुराचार ।

ग्रनाजानीय, वि०, ग्रच्छी नसल का नहीं ।

ग्रनाथ, वि०, दुखी, ग्रसहाय ।

ग्रनाथ पिण्डिक, श्रावस्ती का प्रसिद्ध दानी सेठ सुदत्त (ग्रनाथपिण्डिक) ।

ग्रनादर, पु०, ग्रगौरव ।

ग्रनादा, पूर्वक्रिया, बिना लिये ।

ग्रनापादा, वि०, ग्रविवाहिता ।

ग्रनापुच्छा, पूर्व-क्रिया, बिना पूछे ।

ग्रनाबाध, वि०, बाधा-रहित, सुरक्षित ।

ग्रनामन्त, वि०, ग्रनिमंत्रित, ग्रपृष्ठ, जिससे कुछ पूछा न गया हो ।

ग्रनामय, वि०, रोग-मुक्त ।

ग्रनामसित, वि०, जो छुग्रा न गया हो, ग्रस्पृष्ट ।

ग्रनायतन, नपुं०, ग्रयोग्य स्थान

ग्रनायास, वि०, बिना कष्ट के, ग्रासानी से ।

ग्रनारम्भ, वि०, बिना परिश्रम के, बिना कुछ भी खट-पट किये ।

ग्रनाराधक, वि०, ग्रसफल ।

अनालम्ब, वि०, आलम्बन-रहित, आधार-रहित ।

अनालय, वि०, आसक्ति-रहित ।

अनावट, वि०, अनावृत, बिना ढका हुआ, खुला ।

अनावत्ती, पु०, जो न लौटने वाला हो ।

अनावास, वि०, जहाँ किसी का निवास न हो ।

अनावरण, वि०, जो ढका न हो ।

अनाविल, वि०, जो गन्दला न हो, साफ हो ।

अनावुत्थ, वि०, जहाँ कोई रहा न हो ।

अनासक, वि०, निराहार, ब्रती ।

अनासव, वि०, आस्रव-रहित, चित्त-मैल रहित ।

अनाळिहक, वि०, गरीब ।

अनिक्कसाव,वि०, काषाय अर्थात् चित्त-मलों से युक्त ।

अनिखात, वि०, जो खोदा नहीं गया ।

अनिघ, वि०, दुःख-रहित ।

अनिच्च, वि०, अस्थिर, अनित्य ।

अनिच्छमान, क्रिया-विशेषण; जो इच्छा न करे ।

अनिच्छा, स्त्री०, अरुचि ।

अनिञ्जन, नपुं०, स्थिरता ।

अनिट्ठ, वि०, अनिष्ठ, जिसकी इच्छा न हो ।

अनिट्ठित, वि०, असमाप्त ।

अनिन्दित, वि० निन्दा-रहित ।

अनिन्दिय, वि०, अनिन्दनीय ।

अनिमिस, वि०, बिना पलक झपके ।

अनियत, वि०, अनिश्चित ।

अनिल, पु०, हवा

अनिल-पथ, पु०, आकाश ।

अनिवत्तन, नपुं०, रुकने का अभाव ।

अनिसम्मकारी, वि०, बिना सोच-विचार किये करने वाला, जल्दबाज ।

अनिस्सर, वि०, ईश्वर के बिना, ऐश्वर्य के बिना ।

अनीक, नपुं०, सेना

अनीघ, देखें आनिघ ।

अनीतिक, वि०, हानि-रहित ।

अनीतिह, वि०, सुनी-सुनाई बात नहीं, स्वानुभव से ज्ञात ।

अनुकंखी, वि०, आकांक्षा करने वाला इच्छा करने वाला ।

अनुकंतति, क्रिया; फाड़ता है, काटता है, चीरता है ।

अनुकम्पक वि०, दयालु, अनुकम्पा करने वाला ।

अनुकम्पति, क्रिया, अनुकम्पा करता है ।

अनुकरोति, क्रिया, नक़ल करता है ।

अनुकस्सति, क्रिया, खींचता है दुहराता

अनुकार, पुल्लिग, नक़ल, अनुकृति । है ।

अनुकिण्ण, क्रिया-विशेशण, बिखेरा हुआ ।

अनुकूल, वि, प्रतिकूल न होना, अनु-भाव, पु०, प्रताप,

अनुवात, पु०, अनुकूल वायु ।

अनुक्कम, पु०, क्रम । अनुक्कमेन, वि०; क्रमानुसार ।

अनुखुद्दक, वि०, कम महत्व की चीज ।

अनुग, वि०, पीछे चलनेवाला, जिसका अनुगमन होता हो ।

अनुगच्छति, वि, पीछे चलता है।

अनुगत, क्रिया-विशेषण, जिसका कोई अनुगामी हो।

अनुगति, स्त्री०, अनुगमन करना।

अनुगामिक, विशेषण, अनुगामी

अनुगायति, क्रिया, दूसरे गाने वाले के साथ-साथ गाता है।

अनुगाहति, क्रिया, गोता लगाता है।

अनुगिज्झति, क्रिया, लोभ करता है।

अनुगण्णहाति, क्रिया, अनुग्रह करता है।

अनुगहित, क्रिया-विशेपण, अनुगृहीत।

अनुग्गाहक, विशेषण, अनुग्रह करने वाला।

अनुग्गिरन्त, क्रिया-विशेषण, न बोलते हुए

अनुग्घाटेति, क्रिया, उद्घाटन करता है।

अनुचङ्कमति, क्रिया, साथ या पीछे-पीछे चंक्रमण करता है।

अनुचर, पुल्लिग, अनुगामी।

अनुचरण, नपुं०, अभ्यास।

अनुचरित, क्रिया-विशेषण; अभ्यस्त।

अनुचिनाति, क्रिया, संग्रह करता है

अनुचिन्तेति, क्रिया, विचार करता है।

अनुच्चारित, क्रिया-विशेषण, उच्चारण न किया गया।

अनुच्चिट्ठ, वि०, ऐसा भोजन जो जूठा नहीं किया गया।

अनुच्छविक, वि०, योग्य, समीचीन।

अनुज, पु०, भाई।

अनुजा, स्त्री०, बहन।

अनुजात, वि०, अनन्तर उत्पन्न।

अनुजानाति, क्रिया, अनुमति देता है।

अनुजीवति, क्रिया, जीवित रहता है।

अनुजीवी, वि० जिसका जीवन किसी दूसरे पर निर्भर हो।

अनुजु, वि०, जो ऋजु न हो, टेढ़ा।

अनुञ्ञा, स्त्री०, अनुमति।

अनुट्ठान, नपुं०, अक्रिया-शीलता।

अनुडसति, क्रिया, डंक मारता है।

अनुडहति, क्रिया, जलाता है।

अनुतप्पति, क्रिया, पछतावा करता है।

अनुतिट्ठति, क्रिया, १. पास खड़ा होता है, २. सहमत होता है

अनुतीर, नपुं०, किनारे के पास।

अनुत्तर, नपुं०, जिससे बढ़कर कुछ नहीं, सर्वोत्तम।

अनुत्तान, वि०, गहरा, जो उथला नहीं। २. अस्पष्ट।

अनुत्थुनाति, क्रिया; चिल्लाता है, अनुताप करता है।

अनुत्रासी, वि०, जो भयभीत नहीं।

अनुथेर, पु०; स्थविर के बाद द्वितीय।

अनुददाति, क्रिया, देता है।

अनुदिसा, स्त्री०, अनुदिशा।

अनुद्दया, स्त्री०, अनुकम्पा

अनुद्दिट्ठ, वि०, जिसका संकेत नहीं किया गया, जिसका उच्चारण नहीं किया गया।

अनुद्धत, वि०, निरहंकारी।

अनुद्धम्म, पु०, धर्मानुसार

अनुधावति, क्रिया, पीछे दौड़ता है।

अनुनय, पु० मैत्री-भाव।

अनुनेति, क्रिया, संतुष्ट करता है।

अनुप, अनूप, पु०, गीली जमीन।

अनुपकुट्ठ, वि०, निर्दोष।

अनुपखज्जति, क्रिया, दखल देता है।

अनुपगच्छति, क्रिया, जाता है, वापिस आता है

अनुपघात, प्र०, अहिंसा।

अनुपचित, वि०, असंग्रहीत।

अनुपञ्ञत्ति, स्त्री०, उपनियम।

अनुपटिपाति, स्त्री०, क्रम, क्रमानुसार।

अनुपटिठत, वि०, अनुपस्थित, गैर-हाजिर।

अनुपत्ति, स्त्री०, प्राप्ति।

अनुपद, वि०, पदानुसार, पीछे-पीछे।

अनुपद्दव, वि०, उपद्रव का न होना।

अनुपधारेति, क्रिया; विचार नहीं करता है।

अनुपबज्जा, स्त्री०, किसी दूसरे से प्रभावित होकर प्रव्रजित होना।

अनुपमेय, वि०, जिससे तुलना न की जा सके।

अनुपरिगच्छति, क्रिया, चारों ओर घूमता है।

अनुपरिवत्तति, क्रिया लुढकता है।

अनुपरिवेरति, क्रिया, घेर लेता है।

अनुपलित्त, वि०, जो लिबाड़ा नहीं, जिसको कुछ लगा नहीं।

अनुपवज्ज, वि०, निर्दोष।

अनुपविसति, क्रिया, प्रवेश करता है।

अनुपसम्पन्न, वि०, जो उपसम्पन्न नहीं हुआ।

अनुपस्सक, वि०, द्रष्टा।

अनुपस्सति, किया० देखता है, विचार करता है।

अनुपस्सना, स्त्री; अनुपश्यना, विचार करना।

अनुपहृत, वि० जिसे कुछ हानि नहीं हुई, जो नष्ट नहीं हुआ।

अनुपात, पु०, अपशब्द।

अनुपादाय, पूर्व-क्रिया, बिना विचार किये, बिना समझे।

अनुपादान, वि०, अनासक्त, बिना इंधन के।

अनुपादिसेस, वि०, अशेष उपाधि के निरोध वाली (निर्वाण धातु)

अनुपापुणाति, क्रिया, प्राप्त करता है।

अनुपापेति, क्रिया, प्राप्त कराता है।

अनुपाय, पु०, अनुचित उपाय।

अनुपायास, वि०, चिन्ता-रहित।

अनुपालेति, क्रिया, पालता है।

अनुपाहन, वि०, बिना जूते के।

अनुपिय, कपिलवस्तु की पूर्व-दिशा में मल्ल-जनपद का एक नगर।

अनुपुच्छति, क्रिया, पूछता है, प्रश्न करता है।

अनुपुट्ठ, क्रिया-विशेषण, पूछा गया।

अनुपुब्ब, वि०, क्रमशः।

अनुपेक्खति, क्रिया, ध्यान देता है, विचार करता है।

अनुपेक्खना, स्त्री०, ध्यान, विचार।

अनुपेसेति, क्रिया, पीछे भेजता है।

अनुपोसिय, वि०, जिसका पालन-पोषण करना हो।

अनुप्पत्ति, स्त्री०; प्राप्ति। अन+उप्पत्ति, जन्म का न होना।

अनुप्पदातु, पु०, दाता, देने वाला।

अनुप्पदाति, क्रिया, देता है, दे डालता है।

अनुप्पन्न, वि०, जो उत्पन्न नहीं हुआ।

अनुप्पीळ, वि; जो पीड़ित नहीं किया

गया, जिसे कष्ट नहीं दिया गया ।

अनुकरण, नपुं०, व्याप्त होना ।

अनुफुसोयति, क्रिया; भिगोता है, छिड़कता है ।

अनुबद्ध, क्रिया-विशेषण; जिसका पीछ किया जाता हो ।

अनुबन्धन, नपुं०, बंधन, पीछा करना ।

अनुबल, नपुं; सहायता देना, समर्थन करना ।

अनुबुज्झति, क्रिया, बोध प्राप्त करता है, समझता है ।

अनुबुज्झन, नपुं०, बोध,ज्ञान ।

अनुबुद्ध, क्रिया-विशेषण, बोध-प्राप्त, ज्ञानी; अल्पतर बुद्ध ।

अनुबोध, पु०, समझ, ज्ञान ।

अनुब्बजति, क्रिया, अनुगमन करता है ।

अनुब्बत, वि०, श्रद्धावान्, अनु-व्रती ।

अनुब्यञ्जन, नपुं०, दूसरे दर्जे के चिह्न

अनुब्रूहेति, क्रिया, बढ़ाता है ।

अनुभवति, क्रिया, अनुभव करता है, खाता है ।

अनुभवन, नपुं०, अनुभव करना, खाना ।

अनुभाग, नपुं०, गौण हिस्सा ।

अनुभायति, क्रिया, डरता है ।

अनुभाव, नपुं०, प्रताप, तेजस्विता ।

अनुभासति, क्रिया, दोहराता है ।

अनुभूत, क्रिया-विशेषण; अनुभव में आया हुआ ।

अनुमज्जति, क्रिया; थपथपाता है, डुबकी लगाता है । गहराई में नीचे उतरता है ।

अनुमज्झ, वि०, मध्यस्थ ।

अनुमञ्ञति, क्रिया, स्वीकार करता है, सहमत होता है ।

अनुमति, स्त्री०; सहमति, अनुज्ञा ।

अनुमान, पुं०, अनुमान (—प्रमाण) ।

अनुमीयति, क्रिया, अनुमान करता है, परिणाम पर पहुँचता है ।

अनुमोदक, वि०, अनुमोदन करने वाला, समर्थक, प्रसन्न होने वाला ।

अनुम्मत्त, वि०, जो उन्मत्त (-पागल) नहीं ।

अनुयात, क्रिया-विशेषण, जिसके पीछे-पीछे कोई आता हो ।

अनुयायी, वि०, अनुगामी ।

अनुयुञ्जति, क्रिया, किसी काम में लगता है ।

अनुयुत्त, क्रिया-विशेषण; किसी काम में लगा हुआ ।

अनुयोग, पु०, साधना ।

अनुयोगी, त्रिलिंगी, साधक ।

अनुरक्खक, वि, रक्षक ।

अनुरक्खण, नपुं, अनुरक्षण ।

अनुरक्खति, क्रिया, रक्षा करता है ।

अनुरक्खा, स्त्री०, आरक्षा ।

अनुरक्खीय, वि०, संरक्षणीय ।

अनुरज्जति, क्रिया, आकर्षित होता है, आनन्दित होता है ।

अनुरत्त, क्रिया-विशेषण; आसक्त ।

अनुरव, पु०, गूंज ।

अनुरुद्ध स्थविर, अमितोदन शाक्य का पुत्र तथा महानाम का भाई । भगवान् बुद्ध के प्रधान भिक्षु शिष्यों में से एक ।

अनुरूप, वि०, अनुकूल ।
अनुरोदति, क्रिया, चिल्लाता है ।
अनुरोध, पु०, स्वीकृति, अनुकूलता ।
अनुलिम्पति, क्रिया, अभिसिञ्चन करता है ।
अनुलोम, वि०, सीधे क्रम से ।
अनुलोमेति, क्रिया; क्रम का अनुगमन करता है ।
अनुवज्ज, वि०, दोषभागी ।
अनुवत्तक, वि०, अनुगामी ।
अनुवत्तेति, क्रिया, उत्तराधिकार होता है, अनुकरण करता है ।
अनुवदति, क्रिया, दोषारोपण करता है ।
अनुवसति, क्रिया, किसी के साथ रहता है ।
अनुवस्सं, क्रिया-विशेषण, हर वर्षा काल में ।
अनुवस्सिक, वि०, वार्षिक ।
अनुवात, पुं०, अनुकूल-वायु ।
अनुवाद, पु०, दोषारोपण, (एक भाषा से दूसरी भाषा में) रूपान्तर ।
अनुवासेति, क्रिया; सुगन्धित करना ।
अनुविचरति, क्रिया, इधर-उधर घूमता है ।
अनुविचिनाति, क्रिया, विचार करता है, चिन्तन करता है ।
अनुविच्च, पूर्व-क्रिया, जानकर, परीक्षण कर ।
अनुविज्जक, पुं०, परीक्षक ।
अनुविज्झति, क्रिया, बींधता है, परीक्षण करता है ।
अनुवितक्केति, क्रिया, तर्क-वितर्क करता है, मनन करता है ।
अनुविधीयति, क्रिया (विधी के) अनुसार आचरण करता है ।
अनुविलोकेति, क्रिया, निरीक्षण करता है ।
अनुवुट्ठ, क्रिया-विशेषण, रहता हुआ, वास करता हुआ ।
अनुब्यञ्जन, नपुं०, छोटे-मोटे चिह्न या लक्षण ।
अनुसक्कति, क्रिया, एक ओर हट जाता है, पीछे हट जाता है ।
अनुसंवच्छर, क्रिया-विशेषण; प्रति-वर्ष ।
अनुसंचरति, क्रिया; चलता-फिरता है घूमता है ।
अनुसट, क्रिया-विशेषण, अभि-सिञ्चित ।
अनुसत्थर, पुं० शिक्षक, उपदेशक ।
अनुसन्धि, स्त्री, मेल, परिणाम ।
अनुसय, पु०, चित्त का झुकाव, चित्त की प्रवृत्ति (कुपथगामी)
अनुसरति, क्रिया, अनुगमन करता है, अनुस्मरण करता है ।
अनुसवति, क्रिया, चूता रहता है, वहता रहता है ।
अनुसावक, वि०, सुनाने वाला, घोषणा करने वाला ।
अनुसावेति, क्रिया, घोषणा करता है ।
अनुसासक, पु०, अनुशासन करने वाला, प्रवचन करने वाला ।
अनुसासिक जातक, एक पेटू भिक्षुणी के बारे में जेतवन में उपदिष्ट जातक कथा (सं ११५)
अनुसिक्खति, क्रिया, शिक्षा ग्रहण करता है ।

अनुसुणाति, क्रिया, सुनता है।
अनुसूयक, वि०, ईर्षा-रहित।
अनुसेति, क्रिया, साथ लेटता है।
अनुसोचति, क्रिया, सोचता है, पश्चाताप करता है।
अनुसोत, पु०, स्रोत के अनुसार।
अनुस्सति, स्त्री०, जागरूकता, स्मृति।
अनुस्सरण, नपुं०, अनुस्मरण।
अनुस्सति, क्रिया, अनुस्मरण करता है।
अनुस्सव, पु०, सुनी-सुनाई बात।
अनुस्सुक वि०, जो कुछ करने के लिए उत्सुक नहीं।
अनुहसति, क्रिया; हँसता है, मजाक करता है।
अनून, विशेषण, अन्यून, सम्पूर्ण।
अनुपम, वि०, जिसकी उपमा नहीं।
अनूहत, वि०, जिसकी जड़ नहीं खुदी।
अनेक, वि०, वहुत से, एक नहीं,
अनेज, वि०, तृष्णा-विहीन।
अनेघ वि०, इंधन-विहीन।
अनेळ, वि०, निर्दोष। अनेळ-गल, अनेल-मूग, गूंगा नहीं।
अनेसना, स्त्री०; (जीविका) की अनुचित खोज।
अनोक, नपुं०; बे-घर
अनोकास, वि०, स्थान, समय या अवसर का अभाव।
अनोजा, स्त्री०, नारंगी के रंग के फूलों वाला पौदा या उसके फूल।
अनोतत्त, पु०, हिमालय की कोई झील, सम्भवतः मानसरोवर।
अनोतप्प, नपुं०, (पाप करने में) निर्भय।
अनोदक, वि०, जल-रहित।
अनोदिस्सक, वि०, सर्व-सामान्य के लिए।
अनोनमति, क्रिया; नहीं झुकता है।
अनोम, वि०; श्रेष्ठ।
अनोमा, स्त्री०, कपिलवस्तु के पूर्व की ओर की अनोमा नाम की नदी, जिसे गृहत्याग के अनन्तर सिद्धार्थ-गौतम ने सर्व-प्रथम पार किया।
अनोमज्जति, क्रिया, (शरीर को हाथ से) मलता है।
अनोरपार, वि०, जिसका वारापार नहीं, न इस ओर तीर, न उस ओर तीर।
अनोवस्सक, वि०, वर्षा से बचा हुआ, वर्षा से सुरक्षित।
अन्त, पु०, आखिर, अवसान।
अन्त-कर, वि०, अन्तिम।
अन्त-गुण, नपुं०, आन्त।
अन्तजातक देवदत्त के बारे में वेळुवन में उपदिष्ट जातक कथा (२६५)
अन्तक, पु० मृत्यु।
अन्तमसो, अव्यय; अन्तिम दर्जे।
अन्तर, नपुं० भेद, दूरी, भीतरी।
अन्तरकप्प, (दो) कल्पों के बीच।
अन्तरघर, नपुं०, घरों के बीच या गाँव में।
अन्तर-साटक, नपुं० अन्दर का वस्त्र।
अन्तरट्ठक, शीत-ऋतु, के अत्यन्त ठण्डे आठ दिन, जिस समय (भारत में) वर्फ गिरती है।
अन्तरवन्तरा, क्रिया-विशेषण, जब-तब।
अन्तरधान, नपुं०, अदृश्य हो जाना,

अन्तरध्यान हो जाता।

अन्तरवासक, पु०, अन्दर का वस्त्र, लुंगी या धोती की तरह पहना जाने वाला, चीवर।

अन्तरंस, पु०, दो कन्धों के बीच की दूरी।

अन्तरा, क्रिया-विशेषण, बीच में।

अन्तरा-मग्गे, बीच रास्ते में।

अन्तरापण, पु०, दुकानों के बीच, बाज़ार।

अन्तराय, पु०, बाधा, खतरा।

अन्तरायिक, वि०, बाधक कारण।

अन्तराल, नपुं०, बीच की स्थिति।

अन्तरिक, वि०, इसके बाद की स्थिति।

अन्तलिक्ख, नपुं०, अन्तरिक्ष, आकाश और पृथ्वी के बीच का अवकाश।

अन्तवन्तु, वि०, अन्तवान्, जिसका आखिर हो।

अन्तिक, वि०, सिरे पर; नपुं०, पड़ोस।

अन्तेपुर, नपुं०, १. नगर का भीतरी भाग। २. महल का भीतरी भाग, रनिवास।

अन्तेवासी, पु०, आचार्य के साथ रहने वाला, शिष्य।

अन्तो, अव्यय, अन्दर।

अन्दु, पु०, बेड़ी।

अन्दु-घर, नपुं०, जेलखाना।

अन्धक, पु०, मक्खी-विशेष।

अन्धक, वि०, आन्ध्र-प्रदेश का निवासी।

अन्धकविन्द, राजगृह से तीन गव्यूति की दूरी पर मगध-जनपद का एक गाँव।

अन्धक (-निकाय), स्थविरवाद से पृथक् हो जाने वाले भिक्षुओं का एक सम्प्रदाय।

अन्धकार, पु०, अन्धेरा, चकित हो जाना।

अन्धतम, पु० तथा नपुं०, घुप अन्धेरा।

अन्न, नपुं०, भोजन।

अन्नद, वि०, भोजन-दाता।

अन्न-पान, नपुं०, खाना-पीना।

अन्वक्खर, वि०, अक्षरानुसार।

अन्वगा, भूतकालिक क्रिया, (वह) गया, उसने अनुगमन किया।

अन्वगु, भूतकालिक क्रिया, (वे) गये, उन्होंने अनुगमन किया।

अन्वड्ढमासं, क्रिया-विशेषण, हर पन्द्रहवें दिन।

अन्वत्थ, वि०, अर्थानुसार।

अन्वदेव, अव्यय, पीछे लगा होना।

अन्वय, पु०, मार्ग, क्रम, हेतु।

अन्वहं, क्रिया-विशेषण, दैनिक।

अन्वागच्छति, क्रिया, पीछे-पीछे आता है।

अन्वाय, पूर्व-क्रिया, अनुभव करके, हो करके।

अन्वायिक, वि०, नपुं०, अनुगामी, साथी।

अन्वाहिण्डति, क्रिया, घूमता है।

अन्वेति, क्रिया, पीछे-पीछे आता है।

अन्वेसक, वि०, खोजने वाला, अन्वेषक।

अन्वेसति, क्रिया, अन्वेषण करता है।

अन्ह, पु०, दिन, (पूर्वाह्न, मध्याह्न अपराह्न)

अपकड्ढति, क्रिया, बाहर खींच लेता है, दूर खींच ले जाता है।

अपकरोति, क्रिया, अपकार करता है।

अपकस्सति, क्रिया, एक ओर खींच लेता है, हटा देता है।

अपकार, पु०, बुराई, हानि, दुष्कर्म ।
अपक्कमति, क्रिया, चला जाता है ।
अपगब्भ, वि०, १. फिर जन्म न ग्रहण करने वाला; २. अप्रगल्भ ।
अपगम, पु०, चले जाना, अदृश्य हो जाना ।
अपचय, पु०, निरोध, जन्म-मरण का निरोध ।
अपचायति, क्रिया, आदर करता है, गौरव करता है ।
अपचायन, नपुं० पूजा, गौरव, आदर ।
अपचायक, पूजा करने वाला ।
अपच्च, नपुं०, सन्तान ।
अपच्चक्ख, वि०, जिसका प्रत्यक्ष नहीं हुआ ।
अपजित, नपुं०, हार ।
अपण्णक, वि०, निर्दोष ।
अपण्णक जातक, अनाथ पिन्डिक तथा उसके पाँच सौ मित्रों को उपदिष्ट जातक-कथा (१)
अपत्थट, वि०, जो फैला नहीं ।
अपत्यद्ध, वि०, उत्तेजना-रहित ।
अपत्थिय, वि०, जिसकी इच्छा करना अयोग्य है ।
अपथ, पु०, कुमार्ग ।
अपद वि०, बिना पाद (=पाँव के चिह्न) के ।
अपदान, नपुं०, जीवनचर्या, अनुश्रुति ।
अपदान, खुद्दक निकाय के पन्द्रह ग्रन्थों में से एक । इसमें भगवान बुद्ध के समकालीन पाँच सौ सैंतालीस भिक्षुओं तथा चालीस भिक्षुणियों की जीवन-कथायें संग्रहीत हैं ।
अपदिस, पु०, साक्षी, गवाही ।
अपदिसति, क्रिया, साक्षी उपस्थित करता है, उद्धृत करता है ।
अपदेस, पु०, तर्क, कथन ।
अपधारण, नपुं०, ढक्कन ।
अपनामेति, नपुं०, हटाता है, दूर कर देता है ।
अपनिदहति, क्रिया, छिपाता है ।
अपनिहित, क्रिया-विशेषण, छिपा हुआ ।
अपनुदति, क्रिया, हाँक देता है, दूर हटा देता है ।
अपनुदन, नपुं०, हटाना ।
अपनुदितु, पु०, हटाने वाला ।
अपनेति, क्रिया, दूर हटाता है ।
अपमार, पु०, मृगी (रोग) ।
अपयाति, क्रिया, चला जाता है ।
अपर, वि०, दूसरा, पश्चिमीय । अपर-भागे, (अधि-) बाद में ।
अपरगोयान, पृथ्वी के चार महाद्वीपों में से एक ।
अपरज्जु, क्रिया-विशेषण, अगले दिन ।
अपरज्झति, क्रिया, अपराध करता है ।
अपरद्ध, क्रिया-विशेषण, दोषी, असफल ।
अपरंत, तृतीय संगीति के बाद अशोक ने जिन देशों में भिक्षुओं को धर्म प्रचारार्थ भेजा उनमें से एक ।
अपरप्पच्चय, वि०, जो दूसरों पर निर्भर नहीं ।
अपरसेलिय, अन्धकों का एक उप-सम्प्रदाय ।
अपराजित, वि०, जो जीता नहीं गया
अपराध, पु०, दोष, कसूर ।
अपरापरिय, वि०, निरन्तर, लगातार
अपरिग्गहित, वि०, जिस पर अधिकार न किया गया हो ।

अपरिच्छिन्न, वि०, असीम ।
अपरिमित, वि०, असीम ।
अपलायी, वि०, जो भागता नहीं ।
अपलालेति, क्रिया, लाड़-प्यार करता है ।
अपलिबुद्ध, वि०, बाधा-रहित, स्वतंत्र ।
अपलेखन, नपुं०, खुरचना, चाटना ।
अपलोकेति, क्रिया, ऊपर देखता है, अनुज्ञा प्राप्त करता है ।
अपवग्ग, पु०, मुक्ति, निर्वाण ।
अपवत्तति, क्रिया, घूम जाता है, चला जाता है ।
अपवदति, क्रिया, दोषारोपण करता है ।
अपवहति, क्रिया, ले जाता है, हाँकता है ।
अपविद्ध, क्रिया-विशेषण, फेंका गया, त्यागा गया ।
अपसक्कति, क्रिया, चला जाता है, एक ओर चला जाता है ।
अपसव्य, नपुं०, दाहिनी ओर ।
अपसादन, नपुं०, निग्रह ।
अपसादेति, क्रिया, निग्रह करता है ।
अपस्मार, (अपमार) मृगी ।
अपस्सय, पु०, आश्रय, सहारा ।
अपस्सेति, क्रिया, आश्रय ग्रहण करता है, सहारा लेता है ।
अपस्सेन, (-फलक), नपुं०, सहारे का तख्ता ।
अपहत्तु, पु०, हटाने वाला ।
अपहरति, क्रिया, लूट ले जाता है ।
अपांग, पु०, अक्षि-कोण ।
अपाकट, वि०, अप्रकट, अज्ञात ।
अपाकतिक, वि०, अप्राकृतिक, अस्वाभाविक ।
अपाची, स्त्री०, पश्चिम दिशा ।
अपाचीन, वि०, पश्चिमीय ।
अपाद, अपादक, वि०, बिना पाँव के रेंगने वाला ।
अपादान, नपुं०, पाँचवीं विभक्ति, पृथक्-करण ।
अपान, नपुं०, प्रश्वास ।
अपापक, वि०, निर्दोष, पापरहित ।
अपापुरण, नपुं०, चाबी ।
अपापुरति, क्रिया, खोलता है ।
अपाय-पु०, नरक-लोक ।
अपाय-गामी, वि०, दुरवस्था को प्राप्त होने वाला ।
अपाय-मुख, नपुं०, दुरवस्था का कारण ।
अपाय-सहाय, पु०, फजूलखर्च साथी ।
अपार, वि०, बिना पार के, बिना छोर के ।
अपारुत, वि०, खुला हुआ ।
अपालम्ब, पु०, गाड़ी के सहारे का तख्ता ।
अपि, अव्वय, भी ।
अपिच, किन्तु ।
अपितु, प्रश्नवाचक अव्यय ।
अपिनाम, यदि हम ।
अपिस्सु, इतना ।
अपिधान, नपुं०, ढक्कन ।
अपिलापन, नपुं०, दोहराना ।
अपिहालु, वि०, निर्लोभी ।

अपिहित, वि०, ढका हुआ ।
अपुच्छ, वि०, अप्रश्न ।
अपेक्खक, वि०, प्रतीक्षा करने वाला ।
अपेक्खति, क्रिया, प्रतीक्षा करता है ।
अपेत, क्रिया-विशेषण, चला गया ।
अपेति, क्रिया, चला जाता है ।
अपेत्तेय्यता, स्त्री०, पिता की अवज्ञा ।
अपेय्य, वि, जो पीने योग्य न हो ।
अप्प, वि०, अल्प, थोड़ा ।
अप्पकसिरेण, क्रिया-विशेषण, कुछ कठिनाई से ।
अप्प-किच्च, वि०, जिसे थोड़ा कार्य हो ।
अप्पकिण्ण, वि०, मीड़-रहित, शान्त, बिखरा हुआ ।
अपंगब्भ, वि०, निरभिमानी ।
अप्पग्घ, वि०, अधिक कीमती नहीं ।
अप्पच्चय, पु०, बिना हेतु के ।
अप्पटिक्खिप्प, वि०, प्रतिक्षेप करने के अयोग्य ।
अप्पटिघ, वि०, बिना विरोध के, बिना क्रोध के ।
अप्पटिपुग्गल, पु०, ऐसा आदमी जिसका मुकाबला न हो ।
अप्पटिबद्ध, वि०, अनासक्त ।
अप्पटिभाग, वि०, हिस्सेदार न होना ।
अप्पटिभाण, वि०, पलटकर उत्तर न देने वाला, चकित होने वाला ।
अप्पटिम, वि०, अतुलनीय ।
अप्पटिवत्तिय, वि०, जो उल्टा न घुमाया जा सके ।
अप्पटिवानी वि०, पीछे न हटने वाला ।
अप्पटिविद्ध वि०, अप्राप्त, अबुद्ध ।
अप्पटिसंखा, स्त्री०, समझ या ज्ञान का अभाव ।
अप्पटिसंधिक, वि०, प्रति सन्धि (= पुनर्जन्म) के अयोग्य ।
अप्पणा, स्त्री०, किसी वस्तु पर ध्यान एकाग्र करना ।
अप्पणिहित, वि०, इच्छा-रहित, कामना-रहित ।
अप्पतिट्ठ, वि०,असहाय ।
अप्पतिस्सव, वि०, विद्रोही ।
अप्पतीत, वि०, अप्रसन्न ।
अप्पदुट्ठ, वि०, अक्रुद्ध, अदुष्ट ।
अप्पधंसीय, वि०, ध्वंश न करने योग्य ।
अप्पमञ्ञा, स्त्री०, मैत्री, करुणा, मुदिता तथा उपेक्षा, चारों असीम भावनाएँ ।
अप्पमत्त, वि०, जागरूक, अप्रमादी ।
अप्पमाण, वि०, असीम ।
अप्पमाद, वि०, अप्रमाद, जागरूकता ।
अप्पमेय्य, वि०, जो मापा न जा सके ।
अप्पवत्ति, स्त्री०, अप्रवृत्ति, अभाव ।
अप्पसाद, पु०, अप्रसाद, असन्तोष ।
अप्प-सत्थ, वि०, थोड़े काफिले वाला ।
अप्पसत्थ, वि०, अप्रशंसित ।
अप्पसन्न, वि०, अप्रसन्न ।
अप्पसमारम्भ, वि०, विशेष कष्टकर नहीं ।
अप्पस्सक, वि०, निर्धन, दरिद्र ।
अप्पस्साद, वि०, अल्प-आस्वाद ।
अप्पहीन, वि०, अविनष्ट ।
अप्पाणक, वि०, प्राण-रहित, कीड़े-मकोड़ों रहित ।
अप्पातङ्क, वि०, आतंक-रहित, रोग-रहित ।
अप्पिच्छ, वि०, अल्पेच्छ, आसानी से

संतुष्ट हो जाने वाला ।
अप्पिय, वि०, अप्रिय ।
अप्पेकदा, क्रिया-विशेषण, कभी-कभी ।
अप्पेव, अप्पेवनाम, अव्यय, अच्छा है, यदि ऐसा हो ।
अप्पेसक्ख, वि०, अधिक प्रभावशाली नहीं ।
अप्पोसुक्क, वि०, (अल्प+उत्सुक), अनुत्साही ।
अप्फुट, वि०, अस्पृष्ट, जो छुआ नहीं गया ।
अप्फोटेति, क्रिया, उंगलियाँ चटखाता है, ताली बजाता है ।
अफल, वि०, निष्फल ।
अफस्सित, वि०, जिसे स्पर्श नहीं किया ।
अफासु, वि०, असुविधा, कठिनाई ।
अफेग्गुक, वि०, दुर्बल नहीं, सबल, मजबूत ।
अबद्ध, अबन्धन, वि०, बन्धन-मुक्त, स्वतंत्र ।
अबल, वि०, दुर्बल । अबला, स्त्री० औरत ।
अब्बण, वि०, व्रण-रहित ।
अब्बत, वि०, अ-व्रत, व्रत-विहीन ।
अब्बुद, नपुं०, गर्भाधान के पहले या दूसरे महीने में गर्भ की स्थिति ।
अब्बोकिण्ण, वि०, सतत, लगातार, विघ्न-रहित ।
अब्बोच्छिन्न, वि०, सतत, बाधा-रहित ।
अब्बोहारिक, वि०, अव्यावहारिक, गैर कानूनी ।
अब्भ, नपुं०, आकाश, बादल ।
अब्भकूट, नपुं०, बादलों का शिखर ।
अब्भ-पटल, नपुं०, बादलों का समूह ।
अब्भक, नपुं०, सीसा, अबरक ।
अब्भक्खाति, क्रिया, निन्दा करता है, विरुद्ध बोलता है ।
अब्भक्खान, नपुं०, मिथ्या दोषारोपण ।
अब्भञ्जति, क्रिया, तेल की मालिश करता है ।
अब्भतीत, वि०, जो गुजर गया ।
अब्भनुमोदति, क्रिया, अत्यधिक संतोष प्रकट करता है ।
अब्भन्तर, नपुं०, भीतर, अन्तर ।
अब्भन्तर जातक, बिम्बादेवी के लिए सारिपुत्र द्वारा आम्र-रस प्राप्त किए जाने के सम्बन्ध में जातक-कथा (२८१) ।
अब्भागत, त्रिलिङ्गी, अतिथि, मेहमान ।
अब्भागमन, नपुं०, आगमन ।
अब्भाघात, नपुं०, (अभि+आघात) बध-स्थल ।
अब्भाचिक्खति, क्रिया, दोषारोपण करता है ।
अब्भान, नपुं०, आवाहन, प्रायश्चित्त करने के अनन्तर भिक्षु को वापिस लौटाना ।
अब्भाहत, क्रिया-विशेषण, आक्रमित, जिस पर आक्रमण किया गया ।
अब्भुक्किरण, नपुं०, बाहर खींचना, सींचना ।
अब्भुगच्छति, क्रिया, ऊपर जाता है ।
अब्भुगमन, नपुं०, ऊपर उठना ।
अब्भुतधम्म, धर्म के नौ अंगों में से एक । आश्चर्यकर-प्रकरण ।
अब्भुदेति, क्रिया, ऊपर उठता है ।
अब्भुन्नत, वि०, ऊपर उठा ।
अब्भुम्मे, अव्यय, ओह !

अब्भुय्याति, क्रिया, चढ़ाई करता है ।
अब्भुसूयक, वि०, उत्साही ।
अब्भेति, क्रिया, आवाहन करता है ।
अब्भोकास, पु०, खुला-आकाश ।
अब्भोकिरति, क्रिया, सिंचन करता है, अभिषेक करता है ।
अभब्बो, वि०, अयोग्य ।
अभय, वि०, निर्भय ।
अभाव, पु०, लोप, अदर्शन, न होना ।
अभावित, वि०, अनभ्यस्त ।
अभिकंखति, क्रिया, इच्छा करता है, कामना करता है ।
अभिकंखन, नपुं०, इच्छा, कामना ।
अभिकिरति, क्रिया, बिखेरता है ।
अभिकीळति, क्रिया, खेलता है ।
अभिकूजति, क्रिया, गुंजा देता है ।
अभिक्कन्तं, अव्यय, अत्यन्त सुन्दर ।
अभिक्कमति, क्रिया, चल देता है ।
अभिक्खण, वि०, निरन्तर, प्रति-क्षण ।
अभिक्खणति, क्रिया, खोदता है ।
अभिगज्जति, क्रिया, गर्जता है ।
अभिगज्जन, नपुं०, गर्जना ।
अभिघात, पु०, १. सम्पर्क, २. हत्या ।
अभिघाती, पु०, घात करने वाला, शत्रु ।
अभिचेतसिक, वि०, चित्त-सम्बन्धी ।
अभिचेतेति, क्रिया, सोचता है ।
अभिजच्च, वि०, अभिजात, उच्चकुलोत्पन्न ।
अभिजप्पति, क्रिया, जाप करता है, इच्छा करता है, प्रार्थना करता है ।
अभिजाति, स्त्री०, १. पुनर्जन्म, २. वर्ग-विशेष ।
अभिजानन, नपुं०, पहचानना, याद करना ।
अभिजानाति, क्रिया, सम्यक् प्रकार जानता है ।
अभिजायति, क्रिया, उत्पन्न होता है ।
अभिजिगिज्झति, क्रिया, अत्यन्त इच्छा करता है ।
अभिजिगिज्झन, नपुं०, अत्यन्त लोभ ।
अभिजिगिंसति, क्रिया, जीतने की इच्छा करता है ।
अभिज्जमान, वि०, जो टूटे नहीं, जो पृथक न हो ।
अभिज्झा, स्त्री०, अत्यन्त लोभ ।
अभिज्झायति, क्रिया, इच्छा करता है ।
अभिञ्ञ, वि०, जानकार ।
अभिञ्ञा, स्त्री०, विशिष्ट ज्ञान ।
अभिञ्ञाय, पूर्व-क्रिया, भली प्रकार जानकर ।
अभिञ्ञात, क्रिया-विशेषण, प्रसिद्ध ।
अभिण्हजातक, कुत्ते और हाथी की कथा, जो अभिन्न मित्र बन गए थे (२७) ।
अभिण्ह, वि०, लगातार ।
अभिण्हं, क्रिया-विशेषण, प्रायः ।
अभिण्हसो, क्रिया-विशेषण, सदैव ।
अभितप्त, क्रिया-विशेषण, तपा हुआ ।
अभितप्ति, क्रिया, तपता है ।
अभिताप, पु०, ऊष्णता ।
अभिताळित, क्रिया-विशेषण, ताड़ित ।
अभिताळेति, क्रिया, ताड़ता है ।
अभितिट्ठति, क्रिया, बाजी मार ले जाता है, आगे बढ़ जाता है ।
अभितो, अव्यय, चारों ओर से ।
अभितोसेति, क्रिया, अच्छी तरह संतुष्ट करता है ।
अभिथनति, क्रिया, गर्जता है ।
अभिथरति, क्रिया, जल्दी करता है ।

अभित्थवति, क्रिया, प्रशंसा करता है ।
अभित्थवि, भूत-काल, प्रशंसा की ।
अभित्थुत, क्रिया-विशेषण, प्रशंसित ।
अभित्थुनाति, क्रिया, प्रशंसा करता है ।
अभित्थुनि, भूत-काल, प्रशंसा की ।
अभिदोस, पु०, गत-सन्ध्या ।
अभिदोसिका, वि०, गत-सन्ध्या-सम्बन्धी ।
अभिधमति, क्रिया, बजाता है ।
अभिधम्म, पु०, अभिधम्मपिटक की विश्लेषणात्मक देशना ।
अभिधम्म पिटक, तीन पिटकों में से एक । इसके अन्तर्गत सात ग्रन्थ हैं—
(१) धम्मसङ्गनि
(२) विभंग ।
(३) कथावत्थु।
(४) पुग्गलपञ्ञत्ति ।
(५) धातु-कथा ।
(६) यमक
(७) पट्ठान ।
अभिधम्मिक, वि०, अभिधर्म के ज्ञाता ।
अभिधा, स्त्री०, नाम या संज्ञा ।
अभिधान, नपुं०, नाम या संज्ञा ।
अभिधानप्पदीपिका, बारहवीं शताब्दी में लिखा गया पालि-कोश । इसकी रचना संस्कृत अमर-कोश के ढंग पर हुई है ।
अभिधावति, क्रिया, दौड़ता है ।
अभिधेय्य, वि०, नाम वाला ।
अभिधेय्य, नपुं०, अर्थ ।
अभिनदति, क्रिया, नाद करता है ।
अभिनदित, नपुं०, आवाज ।
अभिनन्दति, क्रिया, आनन्दित होता है ।
अभिनन्दी, वि०, आनन्द मनाने वाला ।
अभिनमति, क्रिया, झुकता है ।
अभिनय, नपुं०, नाटक ।
अभिनयन, नपुं०, १. लाना, २. पूछ-ताछ ।
उग्गिरति, क्रिया, मुंह से शब्द निका-लता है, डकार लेता है।

उग्गिरण, नपुं०, उद्गार।

उग्गिलति, क्रिया, थूकता है, उल्टी करता है।

उग्घटित, वि०, प्रयत्नशील।

उग्घरति, क्रिया, बूंद-बूंद टपकता है।

उग्घंसेति, क्रिया, रगड़ता है।

उग्घाटन, नपुं०, उद्घाटन, विवृत

करना, खोलना।
उग्घाटित, कृदन्त, उद्घाटन किया हुआ।
उग्घाटेति, क्रिया, उद्घाटन करता है, खोलता है।
उग्घात, पु०, झटका।
उग्घातित, कृदन्त, झटका खाया हुआ।
उग्घातेति, क्रिया, अचानक झटका देता है।
उग्घोसना, स्त्री०, घोषणा।
उग्घोसित, कृदन्त, घोषित।
उग्घोसेति, क्रिया, घोषणा करता है।
उच्च, वि०, ऊँचा, श्रेष्ठ।
उच्चत्त, नपुं०, ऊँचाई।
उच्चतरस्सर, पु०, ऊँची आवाज।
उच्चय, पु०, संग्रह।
उच्चसद्दन, नपुं०, घोषणा।
उच्चा, क्रि० वि०, ऊँचा।
उच्चा-सद्द, ऊँचा शब्द।
उच्चासयन, ऊँचा पलङ्ग।
उच्चार, पु०, गोबर, गूँह।
उच्चारण, नपुं०, १. ऊपर उठाना, २. (शब्द का) उच्चारण।
उच्चारित, कृदन्त, जिसका उच्चारण हुआ है।
उच्चारेति, क्रिया, उच्चारण करता है।
उच्चालिङ्ग, पु०, झिनगा।
उच्चावच, वि०, ऊँचा-नीचा।
उच्चिनाति, क्रिया, चुनाव करता है।
उच्छङ्ग, पु०, गोद।
उच्छंग जातक, स्त्री ने राजा की कैद से अपने पति तथा पुत्र को भी छोड़ देने की याचना न कर, अपने भाई को छोड़ देने की याचना की (६७)।
उच्छादन, नपुं०, बदन का मिलना।
उच्छादेति, क्रिया, बदन को रगड़ता है।
उच्छिट्ठ, वि०, जूठन।
उच्छिट्ठभत्त-जातक, स्त्री ने अपने यार का जूठा भात ब्राह्मण को खिलाया (२१२)।
उच्छिज्जति, क्रिया, नष्ट हो जाता है।
उच्छित, वि०, ऊँचा।
उच्छिन्दति, क्रिया, तोड़ डालता है, नाश कर डालता है।
उच्छिन्न, कृदन्त, टूटा हुआ, नष्ट हुआ।
उच्छु, पु०, गन्ना।
उच्छु-यन्त, नपुं०, गन्ना पेरने की मशीन।
उच्छु-रस, पु०, गन्ने का रस।
उच्छेद, पु०, नाश, विनाश।
उच्छेद-दिट्ठि, स्त्री०, पुनर्जन्म में अविश्वास।
उच्छेदवादी, पु०, पुनर्जन्म को न मानने वाला।
उजु, उजुक, वि०, सीधा।
उजुता, स्त्री०, सीधापन।
उजुं, क्रि० वि०, सीधे।
उज्जग्घति, क्रिया, जोर से खिलखिलाकर हँसता है।
उज्जग्घिका, स्त्री०, जोर की हँसी।
उज्जङ्गल, वि०, बंजर या बालू की जमीन।
उज्जल, वि०, उज्ज्वल, चमकदार।
उज्जलति, क्रिया, चमकता है।
उज्जवति, क्रिया, नदी के ऊपर की

ओर जाता है।
उज्जवनिका, स्त्री०, नदी में ऊपर की ओर जाने वाली नाव।
उज्जहति, क्रिया, छोड़ देता है।
उज्जेनी, अवन्ति जनपद की राजधानी।
उज्जोत, पु०, प्रकाश।
उज्जोतित, कृदन्त, प्रकाशित।
उज्जोतेति, क्रिया, प्रकाशित करता है।
उज्झति, क्रिया, छोड़ देता है।
उज्झान, नपुं०, शिकायत।
उज्झान-सञ्जी, वि०, दोषारोपण की चेतना-युक्त।
उज्झापन, नपुं०, उत्तेजित करना।
उज्झापेति, क्रिया, चिढ़ाता है, शिकायत करता है।
उज्झायति, क्रिया, असन्तोष प्रकट करता है।
उज्झित, कृदन्त, त्यक्त, फेंका गया।
उञ्छति, क्रिया, फेंकी हुई खाद्य-सामग्री इकट्ठी करता है।
उञ्जातब्ब, कृदन्त, घृणास्पद।
उट्ठहति, क्रिया, उठ खड़ा होता है।
उट्ठातु, पु०, उठ खड़े होने वाला।
उट्ठान, नपुं०, उत्थान, उठ खड़े होना।
उट्ठापेति, क्रिया, उठा देता है, निकाल बाहर करता है।
उट्ठायक, वि०, अप्रमादी, क्रियाशील।
उट्ठित, कृदन्त, उठा हुआ।
उड्डहति, क्रिया, जलाता है।
उड्डेति, क्रिया, उड़ता है।
उण्ण, नपुं०, ऊन।
उण्णा, स्त्री०, बुद्ध के भौंहों के बीच के बाल।
उण्णा-नाभि, पु०, मकड़ी।
उण्णामय, वि०, बालों का बुना हुआ (बिछावन)।
उण्ह, वि०, ऊष्ण, गरम।
उण्हत्त, नपुं०, गरमी।
उण्हरंसि, पु०, सूर्य।
उण्हीस, नपुं०, पगड़ी।
उतु, स्त्री०, ऋतु।
उतु-काल, पु०, मासिक धर्म का समय।
उतु-परिस्सय, पु०, ऋतु-परिवर्तन से उत्पन्न होने वाले कष्ट।
उतु-सप्पाय, पु०, ऋतु की अनुकूलता।
उतुनी, स्त्री०, ऋतु-स्राव वाली स्त्री।
उत्त, कृदन्त, उक्त, कहा गया।
उत्तण्डुल, वि०, कुपच (भात)।
उत्तत्त, कृदन्त, गरम किया हुआ, चमकता हुआ।
उत्तम, वि०, श्रेष्ठ।
उत्तमङ्ग, नपुं०, श्रेष्ठ अङ्ग अर्थात् मस्तिष्क।
उत्तमङ्गरुह, नपुं०, सिर के बाल।
उत्तमण्ण, पु०, ऋणदाता।
उत्तमत्थ, पु०, श्रेष्ठतम परमार्थ।
उत्तमा, स्त्री०, श्रेष्ठ स्त्री, सुन्दर नारी।
उत्तम-पोरिस, पु०, श्रेष्ठतम पुरुष।
उत्तर, वि०, उच्चतर, उत्तर (दिशा)।
उत्तर, नपुं०, (प्रश्न का) उत्तर।
उत्तर-कुरु, निकायों तथा उत्तरकालीन

पालि वाङ्मय में वर्णित काल्पनिक प्रदेश ।
उत्तरत्थरण, नपुं०, ऊपर का बिछावन ।
उत्तरच्छद, पु०, चँदवा ।
उत्तरसुवे, क्रि०-वि०, परसों ।
उत्तर-पञ्चाल, राष्ट्र-विशेष, जिसकी राजधानी कम्पिल्ल थी ।
उत्तरण, नपुं०, पार होना, (परीक्षा में) उत्तीर्ण होना ।
उत्तरति, क्रिया, जल से बाहर आता है ।
उत्तरविपरीत, वि०, अनुत्तरीय ।
उत्तरा, स्त्री०, उत्तर-दिशा ।
उत्तरा नन्द-माता, बुद्ध का उपस्थान करने वाली गृहस्थ उपासिकाओं में प्रमुख ।
उत्तरापथ, जम्बु द्वीप का उत्तरी विभाग । पालि वाङ्मय में इसकी सीमाओं का कहीं स्पष्ट उल्लेख नहीं है । हो सकता है कि उत्तरापथ से श्रावस्ती से तक्षिला तक जाने वाला महामार्ग अभिप्रेत हो ।
उत्तरायण, नपुं०, सूर्य की उत्तरायण, दक्षिणायन दो गतियों में से पहली ।
उत्तरासङ्ग, पु०, ऊपर का कपड़ा ।
उत्तरि, उत्तरिं, क्रि० वि०, अधिकतर ।
उत्तरि-करणीय, नपुं०, आगे का कार्य ।
उत्तरि-भङ्ग, पु०, भोजन की समाप्ति पर दिया जाने वाला स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ ।
उत्तरि-मनुस्स-धम्म, पु०, परामानुषिक स्थिति ।
उत्तरि-साटक, पु०, ऊपर का वस्त्र ।
उत्तरितर, वि०, अधिक श्रेष्ठ ।
उत्तरिय, नपुं०, १. श्रेष्ठ अवस्था । [अनुत्तरिय, नपुं०, श्रेष्ठतम अवस्था ।] २. प्रत्युत्तर ।
उत्तरीय, नपुं०, ऊपर की चादर ।
उत्तसति, क्रिया, त्रसित होता है, चौकन्ना हो जाता है ।
उत्तसन, नपुं०, त्रास, भय ।
उत्तस्त, कृदन्त, भयभीत, त्रसित ।
उत्तान, उत्तानक, वि०, आकाश की ओर मुंह करके लेटा हुआ ।
उत्तान-सेय्यक, वि०, बच्चा ।
उत्तानीकम्म, उत्तानीकरण, नपुं०, स्पष्टीकरण ।
उत्तानीकरोति, क्रिया, स्पष्ट करता है ।
उत्तापेति, क्रिया, कष्ट देता है, त्रास देता है ।
उत्तारित, कृदन्त, पार उतारा हुआ ।
उत्तारेति, क्रिया, पार उतारता है, रक्षा करता है, सहायता करता है ।
उत्तास, पु०, त्रास, भय ।
उत्तासन, नपुं०, त्रास-देना, मृत्यु-दण्ड देना ।
उत्तासित, कृदन्त, जिसे त्रास दिया गया है, जिसे मृत्यु-दण्ड दिया गया है ।
उत्तासेति, क्रिया, त्रास देता है, डराता है ।
उत्तिट्ठति, क्रिया, उठ खड़ा होता है ।
उत्तिण, वि०, तृण-रहित ।
उत्तिण्ण, कृदन्त, उत्तीर्ण, उस पार चला गया ।
उत्रास, पु०, त्रास, भय ।

उत्रासी, वि०, त्रसित, भयभीत, कायर।
उद, अव्यय, अथवा, या।
उदक, नपुं०, पानी।
उदक-काक, पु०, समुद्री चिड़िया।
उदक-धारा, स्त्री०, जल-धारा।
उदक-बिन्दु, नपुं० जल-बिन्दु।
उदक-माणिक, पु०, जल रखने का बड़ा बर्तन।
उदक-साटिका, स्त्री०, नहाने का वस्त्र।
उदकच्छ, नपुं०, दलदल।
उदकन्ति, स्त्री०, पानी में उतरना।
उदकायतिक, पानी का पाइप।
उदकुम्भ, पु०, जल का घड़ा।
उदकोघ, पु०, पानी की बाढ़।
उदग्ग, वि०, प्रसन्न-चित्त।
उदञ्चन, नपुं०, छोटी बाल्टी। जल-पात्र।
उदञ्चनी जातक, स्त्री के आकर्षण के वशीभूत हुए पुत्र को पिता ने उसके साथ जाने की आज्ञा दी (१०६)।
उदण्ह, नपुं०, सूर्योदय।
उदधि, पु०, समुद्र।
उदपादि, क्रिया०, उत्पन्न हुआ।
उदपान, पु०, कुआँ।
उदपान-दूसक जातक, कुएँ के जल को खराब करने वाले गीदड़ की कथा (२७१)।
उदय, पु०, उन्नति, वृद्धि, आय, सूद।
उदय जातक, उदय भद्द तथा उदय भद्दा की कथा (४५८)।
उदयत्थगम, पु०, उन्नति तथा पतन।
उदय-ब्बय, पु०, वृद्धि तथा ह्रास, जन्म तथा मृत्यु।
उदयन्त, कृदन्त, उठता हुआ, वृद्धि को प्राप्त होता हुआ।
उदयति, क्रिया, उदय होता है।
उदयन, नपुं०, ऊपर उठता है।
उदर, नपुं०, पेट।
उदरग्गि, पु०, भूख।
उदरावदेहकं, क्रि० वि०, पेट को गले तक भरना।
उदरिय, नपुं०, पेट, पेट का भोजन।
उदहारक, पु०, पानी लाने वाला।
उदहारिय, वि०, पानी लाने के लिए जाता हुआ।
उदागच्छति, क्रिया, सम्पूर्ण होता है।
उदान, नपुं०, उल्लासपूर्ण कथन।
उदान, खुद्दक निकाय का एक ग्रन्थ।
उदानेति, क्रिया, उल्लास-पूर्ण कथन करता है।
उदार, वि०, विशाल-हृदय, महान्।
उदासीन, वि०, उपेक्षा-युक्त, अक्रिया-शील।
उदाहट, कृदन्त, उक्त, बोला गया।
उदाहरण, नपुं०, मिसाल, उदाहरण।
उदाहरति, क्रिया, पाठ करता है, उच्चा-रण करता है।
उदाहार, पु०, कथन।
उदाहु, अव्यय, अथवा, या।
उदिक्खति, क्रिया, देखता है, नजर घुमाता है।
उदिक्खितु, पु०, देखने वाला, नजर डालने वाला।
उदिच्च, वि०, श्रेष्ठ, उत्तरकुलोत्पन्न।
उदित, कृदन्त, उदय हुआ, ऊपर उठा।
उदीचि, स्त्री०, उत्तर दिशा।
उदीरण, नपुं०, कथन।
उदीरित, कृदन्त, कहा गया, कथित

उदीरेति, क्रिया, कहता है, बोलता है ।

उदुक्खल, पु०, नपुं०, ऊखल ।

उदुम्बर, पु०, गूलर का वृक्ष ।

उदुम्बर जातक, एक बन्दर द्वारा दूसरे बन्दर के ठगे जाने की कथा (२९८) ।

उदेति, क्रिया, उदय होता है, वृद्धि को प्राप्त होता है ।

उदेन, कोसम्बी-नरेश ।

उद्द, पु०, ऊद-बिलाव ।

उद्दक-रामपुत्त, गृहत्याग के अनन्तर जिन आचार्यों से गौतम बुद्ध ने शिक्षा ग्रहण की, उनमें से एक ।

उद्दलोमी, पु०, ऊर्ध्व-लोमी, ऐसा कम्बल जिसके दोनों सिरों पर उर्सें हों ।

उद्दस्सेति, क्रिया, दिखाता है ।

उद्दान, नपुं०, सूची-समूह ।

उद्दाप, पु०, प्राकार की नींव ।

उद्दाम, वि०, चञ्चल ।

उद्दालन, नपुं०, फाड़ डालना ।

उद्दालक जातक, उद्दालक पुरोहित की कथा (४८७) ।

उद्दालेति, क्रिया, फाड़ डालता है ।

उद्दिट्ठ, कृदन्त, बताया हुआ, इशारा किया हुआ ।

उद्दिसति, क्रिया, नियम करता है, उच्चारण करता है ।

उद्दिसापेति, क्रिया, नियम कराता है ।

उद्दीपना, स्त्री०, व्याख्या, तेज करना ।

उद्देक, (उद्रेक), पु०, डकार ।

उद्देस, पु०, संकेत, व्याख्या, पाठ ।

उद्देसक, पु०, संकेत करने वाला, व्याख्याता, पाठ करने वाला ।

उद्देहक, वि०, उबलने वाला ।

उद्ध, वि०, ऊपर का ।

उद्धग्ग, वि०, ऊपर की ओर मुंह वाला ।

उद्धगति, स्त्री०, ऊर्ध्वगति ।

उद्धच्च, नपुं०, उद्धतपन ।

उद्धट, कृदन्त, खींचा हुआ, नष्ट किया हुआ ।

उद्धत, उद्धत ।

उद्धदेहिक, कृदन्त, मृतक-दान, श्राद्ध ।

उद्धन, नपुं०, चूल्हा ।

उद्धपाद, वि०, ऊपर की ओर पांव वाला ।

उद्धम्म, पु०, मिथ्या मत ।

उद्धरण, नपुं०, ऊपर उठाना, जड़ खोदना ।

उद्धरति, क्रिया, उठाता है, जड़ खोदता है ।

उद्धं, क्रि० वि०, ऊपर ।

उद्धंगम, वि०, ऊपर जाने वाला, ऊर्ध्वगामी वायु, शरीर में विचरण करने वाली वायु ।

उद्धंभागिय, वि०, ऊपरी भाग से सम्बन्धित ।

उद्धंविरेचन, वमन ।

उद्धंसोत, वि०, जीवन-स्रोत पर ऊपर की ओर चढ़ना ।

उद्धंसेति, क्रिया, नष्ट करता है, विनाश करता है ।

उद्धार, पु०, बाहर खींच लाना ।

उद्धुमात, उद्धुमातक, वि०, सूजा हुआ, फूला हुआ ।

उद्धुमायति, क्रिया, सूज जाता है ।

उद्रय, वि०, कारण होना ।

उद्रीयति, क्रिया, फूट पड़ता है, टुकड़े-टुकड़े हो जाता है ।

उद्रीयन, नपुं०, फूट पड़ना, गिर पड़ना ।

उद्रेक, (उद्देक) पु०, वमन ।
उन्दु, (उन्दुर, उन्दूर), पु०, चूहा ।
उन्न, नपुं०, गीलापन ।
उन्नत, कृदन्त, ऊपर उठा हुआ ।
उन्नति, स्त्री०, वृद्धि ।
उन्नदति, क्रिया, चिल्लाता है ।
उन्नम, पु०, ऊंचाई ।
उन्नमति, क्रिया, ऊपर उठता है ।
उन्नल, वि०, अभिमानी, अहंकारी ।
उन्नाद, पुं०, शोर ।
उन्नादेति, क्रिया, शोर करता है ।
उप, उपसर्ग, समीप आदि अनेक अर्थों का बोधक ।
उपक (उपग), वि०, समीप जाना ।
उपकच्छ, नपुं०, बगल ।
उपकट्ठ, वि०, समीप ।
उपकड्ढति, क्रिया, खींचता है ।
उपकण्णक, नपुं०, ऐसा स्थान, जहाँ से दूसरों की आपसी बातचीत सुनाई दे सके ।
उपकप्पति, क्रिया, पास जाता है, योग्य होता है, अनुकूल होता है ।
उपकप्पन, नपुं०, समीप जाना, उपयोगी होना, योग्य होना ।
उपकरण, नपुं०, साधन ।
उपकरोति, क्रिया, उपकार करता है ।
उपकार, पु०, सहायता ।
उपकारक, पु०, उपकार करने वाला ।
उपकिण्ण, कृदन्त, बिखेरा हुआ ।
उपकूजति, क्रिया, (पक्षी) चहचहाता है ।
उपकूल, वि०, नदी-तट ।
उपकूळित, कृदन्त, उबाला हुआ, भूना हुआ ।
उपक्कम, पु०, साधन, उपाय ।
उपक्कमति, क्रिया, प्रयास करता है, आक्रमण करता है ।
उपक्कमन, नपुं०, आक्रमण, समीप जाना ।
उपक्किलिट्ठ, वि०, मैला, दागी ।
उपक्किलेस, पु०, चित्त-मैल ।
उपक्कीतक, पु०, क्रीत दास ।
उपक्कुट्ठ, कृदन्त, जिस पर दोषारोपण हुआ हो ।
उपक्कोस, पु०, दोषारोपण ।
उपक्कोसति, क्रिया, दोषारोपण करता है ।
उपक्खट, वि०, पास लाया हुआ ।
उपक्खर, पु०, रथ का अङ्ग-विशेष ।
उपक्खलन, नपुं०, स्खलन, पाँव लड़खड़ाना ।
उपग, वि०, जाता हुआ, समीप जाता हुआ ।
उपगच्छति, क्रिया, पास जाता है ।
उपगत, कृदन्त, पास गया ।
उपगमन, नपुं०, पास जाना ।
उपगूहति, क्रिया, गले मिलता है ।
उपगूहन, नपुं०, गले मिलना ।
उपग्घात, पु०, झटका ।
उपघात, पु०, चोट ।
उपघातक, वि०, चोट पहुँचाने वाला ।
उपघाती, वि०, चोट पहुँचाने वाला, जान से मार डालने वाला ।
उपचय, पु०, संग्रह ।
उपचरति, क्रिया, व्यवहार करता है, उद्यत रहता है ।
उपचरित, कृदन्त, अभ्यस्त, सेवित ।
उपचार, पु०, पास-पड़ोस, पूर्व-तैयारी ।

उपचिका, स्त्री०, दीमक।
उपचिण्ण, कृदन्त, अभ्यस्त, एकत्रित।
उपचित, कृदन्त, ढेर लगा हुआ।
उपचिनाति, क्रिया, एकत्र करता है।
उपच्चगा, क्रिया, लांघ गया, आगे बढ़ गया, बढ़ निकला।
उपच्छिन्दति, क्रिया, तोड़ डालता है, नष्ट कर डालता है, बाधक होता है।
उपच्छिन्न, कृदन्त, तोड़ दिया गया, काट दिया गया, नष्ट कर दिया गया।
उपच्छेद, पु०, रुकावट, विनाश।
उपच्छेदक, वि०, रुकावट डालनेवाला, नष्ट करने वाला।
उपजानाति, क्रिया, सीखता है, प्राप्त करता है।
उपजीवति, क्रिया, किसी के आश्रय से जीता है।
उपजीवी, वि०, किसी के आश्रय से जीने वाला।
उपज्झाय, पु०, उपाध्याय।
उपञ्ञात, कृदन्त, सीखा हुआ, ज्ञात।
उपञ्ञास, पु०, वचन-क्रम।
उपट्ठपेति, क्रिया, समर्पित करता है, सेवा में उपस्थित रहता है।
उपट्ठहति, क्रिया, प्रतीक्षा करता है, सेवा करता है, सेवा में उपस्थित रहता है, समझता है, उपस्थान करता है।
उपट्ठाक, पु०, सेवक।
उपट्ठान, नपुं०, सेवा।
उपट्ठान-साल, स्त्री०, सभा भवन।
उपट्ठित, कृदन्त, उपस्थित, तैयार।
उपट्ठेति, क्रिया, सेवा में रहता है, गौरव प्रदर्शित करता है।
उपडय्हति, क्रिया, जलता है।
उपड्ढ, वि० तथा नपुं०, आधा।
उपतप्पति, क्रिया, अनुतप्त होता है।
उपताप, पु०, पश्चाताप।
उपतापक, वि०, अनुताप तथा पश्चाताप का कारण।
उपतापेति, क्रिया, कष्ट देता है, पीड़ा पहुंचाता है।
उपतिट्ठति, क्रिया, समीप खड़ा होता है, देखभाल करता है।
उपतिस्स, धर्म-सेनापति सारिपुत्र का गृहस्थ-नाम।
उपत्थद्ध, वि०, कड़ा, कठोर, सहारे खड़ा।
उपत्थम्भ, पु०, सहारा।
उपत्थम्भेति, क्रिया, सहारा देता है।
उपत्थर, पु०, दरी, आस्तरण।
उपदस्सेति, क्रिया, प्रदर्शित करता है।
उपदहति, क्रिया, देता है, कारणीभूत होता है।
उपदा, नपुं०, भेंट, उपहार।
उपदिट्ठ, कृदन्त, उपदिष्ट।
उपदिसति, क्रिया, उपदेश देता है।
उपदिसन, नपुं०, उपदेश।
उपदिस्सति, क्रिया, प्रकट होता है।
उपदेस, पु०, उपदेश।
उपद्दव, पु०, उपद्रव, दुर्भाग्य।
उपद्दवेति, क्रिया, कष्ट पहुंचाता है।
उपद्दुत, कृदन्त, उपद्रुत, कष्ट का भागी।
उपधान, नपुं०, तकिया।
उपधान, वि०, कारण होना।
उपधानेति, क्रिया, कल्पना करता है,

विचार करता है।
उपधारण, नपुं०, दूध का बर्तन।
उपधारणा, स्त्री०, विचार।
उपधारित, कृदन्त, विचारित।
उपधारेति, क्रिया, विचार करता है, परिणाम निकालता है।
उपधावति, क्रिया, दौड़ता है।
उपधावन, नपुं०, पीछे दौड़ना।
उपधि, पु०, पुनर्जन्म का कारण, आसक्ति।
उपनच्चति, क्रिया, नृत्य करता है।
उपनत, कृदन्त, झुका हुआ।
उपनदति, क्रिया, आवाज देता है।
उपनद्ध, कृदन्त, शत्रु-भाव रखना।
उपनय्हति, क्रिया, शत्रु-भाव रखता है।
उपनमति, क्रिया, झुकता है।
उपनमन, नपुं०, झुकना, नम्र होना।
उपनयन, नपुं०, पास लाना, हिन्दुओं का उपनयन-संस्कार।
उपनय्हति, क्रिया, शत्रु-भाव रखता है।
उपनय्हना, स्त्री०, शत्रु-भाव।
उपनामित, कृदन्त, पास लाया गया, भेंट।
उपनामेति, क्रिया, पास लेता है, भेंट लाता है।
उपनायिक, वि०, समीप आता हुआ, लाता हुआ।
उपनाह, पु०, वैर, शत्रु-भाव।
उपनाही, वि०, वैरी।
उपनिक्खमति, क्रिया, अभिनिष्क्रमण करता है।
उपनिक्खित्त, कृदन्त, निक्षिप्त, रखा गया।
उपनिक्खित्तक, पु०, चर-पुरुष।
उपनिक्खिपति, क्रिया, रखता है।
उपनिक्खिपन, नपुं०, निक्षेप, रखना।
उपनिक्खेप, पु०, निक्षेप, रखना।
उपनिघंसति, क्रिया, रगड़ता है, (कोल्हू में) पेरता है।
उपनिज्झान, नपुं०, विचार, मनन।
उपनिज्झायति, क्रिया, विचार करता है, मनन करता है।
उपनिधा, स्त्री०, तुलना।
उपनिधि, पु०, वचन देना।
उपनिधाय, अव्यय, तुलना किया गया।
उपनिपज्जति, क्रिया, पास लेट जाता है।
उपनिबद्ध, कृदन्त, सटा हुआ।
उपनिबन्ध, पु०, नजदीकी सम्बन्ध।
उपनिबन्ध, वि०, निर्भृत, सम्बन्धित।
उपनिबन्धति, क्रिया, सटाकर बांधता है, मिन्नत करता है।
उपनिबन्धन, नपुं०, नजदीकी सम्बन्ध, अति-विनम्र प्रार्थना।
उपनिसा, स्त्री०, कारण, साधन, समान-भाव।
उपनिसीदति, क्रिया, समीप बैठता है।
उपनिसेवति, क्रिया, संगति करता है।
उपनिस्सय, पु०, आधार, आश्रय।
उपनिस्सयति, क्रिया, संगति करता है।
उपनिस्साय, क्रि० वि०, पास, समीप, कारण से, साधन से।
उपनिस्सित, कृदन्त, निर्भृत, आश्रित।
उपनीत, कृदन्त, लाया गया, पाला

गया ।
उपनीय, पूर्व० क्रिया, लाकर ।
उपनीयति, क्रिया, लाया जाता है, ले जाया जाता है ।
उपनील, वि०, नील-वर्ण ।
उपनेति, क्रिया, पास लाता है, भेंट करता है ।
उपन्तसेल, पु०, उपत्यका ।
उपन्तिक, १. वि०, पास ।
२. नपुं०, पास-पड़ोस ।
उपपज्जति, क्रिया, पुनर्जन्म ग्रहण करता है ।
उपपति, नपुं०, यार, जार ।
उपपत्ति, स्त्री०, जन्म, पुनर्जन्म ।
उपपन्न, कृदन्त, जन्म ग्रहण किया ।
उपपरिक्खण, नपुं०, परीक्षा ।
उपपरिक्खति, क्रिया, परीक्षा लेता है ।
उपपरिक्खा, स्त्री०, परीक्षा ।
उपपातिक, वि०, बिना माता-पिता के उत्पन्न होने वाले सत्व, जैसे देवता ।
उपपादित, कृदन्त, समुत्पन्न ।
उपपादेति, क्रिया, उत्पन्न करता है ।
उपपारमी, स्त्री०, छोटी-पारमिताएं (गुण-विशेष की पराकाष्ठायें) ।
उपपीळक, वि०, पीड़ा देने वाला, कष्ट देने वाला ।
उपपीळा, स्त्री०, पीड़ा, कष्ट ।
उपप्फुसति, क्रिया, स्पर्श करता है ।
उपप्लवति, क्रिया, तैरता है ।
उपब्बजति, क्रिया, जाता है, विदा होता है ।
उपब्बळ्ह, वि०, भीड़ वाली जगह ।
उपब्रूहन, नपुं०, वृद्धि ।
उपब्रूहति, क्रिया, बढ़ाता है, फैलाता है ।
उपभुञ्जक, वि०, खाने वाला, भोगने वाला ।
उपभुञ्जति, क्रिया, भोगता है ।
उपभोग, पु०, भोगना ।
उपभोगी, वि०, उपभोग करने वाला ।
उपमा, स्त्री०, समानता ।
उपमातु, स्त्री०, दाई ।
उपमान, नपुं०, तुलना, जिससे तुलना की जाये ।
उपमेति, क्रिया, तुलना करता है ।
उपमेय्य, वि०, जिसकी तुलना की जाय ।
उपय, पु०, आसक्ति ।
उपयम, नपुं०, विवाह ।
उपयाचति, क्रिया, याचना करता है, मांगता है ।
उपयाचितक, नपुं०, याचना, मांग ।
उपयाति, क्रिया, समीप जाता है ।
उपयान, नपुं०, पहुंच ।
उपयानक, नपुं०, केकड़ा ।
उपयुज्जति, क्रिया, सम्बन्ध जोड़ता है, अभ्यास करता है, उपयोग करता है ।
उपयोग, पु०, (उप+योग) सम्बन्ध ।
उपरचित, कृदन्त, निर्मित ।
उपरज्ज, नपुं०, उप-राजपना ।
उपरत, कृदन्त, विरत हुआ ।
उपरति, स्त्री०, संयम ।
उपरमति, क्रिया, विरत रहता है, संयत रहता है ।
उपराजा, पु०, वाइसराय, राजा का स्थानापन्न ।
उपरि, अव्यय, ऊपर ।
उपरिट्ठ, वि०, सर्वोपरि ।

उपरि-पासाद, पु०, सबसे ऊपर का तल्ला।

उपरि-भाग, पु०, ऊपर का हिस्सा।

उपरि-मुख, वि०, ऊपर की ओर मुंह वाला।

उपरित्त, कृदन्त, ऊपर होने का भाव।

उपरिम, वि०, सर्वोपरि।

उपरुज्झति, क्रिया, अवरोध को प्राप्त होता है, रुक जाता है।

उपरुन्धति, क्रिया, रोकता है, रुकावट डालता है।

उपरूळ्ह, कृदन्त, उगा हुआ।

उपरोचति, क्रिया, प्रसन्न करता है।

उपरोदति, क्रिया, विलाप करता है।

उपरोधेति, क्रिया, वाधा डालता है।

उपरोप, नपुं० (?), पौधा।

उपल, पु०, पत्थर।

उपलक्खणा, स्त्री०, विवेक करना।

उपलक्खित, कृदन्त, उपलक्षित, विवेक कृत।

उपलक्खेति, क्रिया, विवेक करता है।

उपलद्ध, कृदन्त, प्राप्त।

उपलद्धि, स्त्री०, प्राप्ति।

उपलब्भति, क्रिया, प्राप्त होता है, विद्यमान होता है।

उपलभति, क्रिया, प्राप्त करता है।

उपलापन, नपुं०, प्रेरणा, बकवास।

उपलापेति, क्रिया, प्रेरित करता है।

उपलालेति, क्रिया, लालन करता है।

उपलिक्खति, क्रिया, खरोचता है, उत्कीर्ण करता है।

उपलिप्पति, क्रिया, लेप करता है।

उपलिम्पति, क्रिया रंग पोतता है।

उपलेप, पु०, लेप।

उपलोहितक, वि०, लाल रंग का।

उपवज्ज, वि०, सदोष।

उपवण्णेति, क्रिया, वर्णन करता है।

उपवत्त, उपवत्तन, हिरण्यवती के तट पर कुसीनारा के मल्लों का शाल-वन। यहीं भगवान बुद्ध का परिनिर्वाण हुआ था।

उपवत्तति, क्रिया, विद्यमान होता है।

उपवत्तन, वि०, समीप होना।

उपवदति, क्रिया, दोषारोपण करता है, अपमानित करता है।

उपवन, नपुं०, छोटा जंगल, बगीचा।

उपवसति, क्रिया, वास करता है, रहता है।

उपवाद, पु०, दोष, अपमान।

उपवादक, वि०, दोष देने वाला, अपमान करने वाला।

उपवायति, क्रिया, (हवा) चलती है।

उपवास, पु०, आहार-त्याग, व्रत।

उपवासन, नपुं०, सुगन्धित करना।

उपवासित, वि०, सुगन्धित।

उपवासेति, क्रिया, सुगन्धित करता है।

उपवाहन, नपुं०, ले जाना, बहाकर ले जाना।

उपविजञ्ञा, स्त्री०, ऐसी स्त्री जिसको प्रसव होने ही वाला हो।

उपविसति, क्रिया, समीप आता है, समीप बैठ जाता है।

उपवीण, पु०, वीणा का सिरा।

उपवीत, कृदन्त, बुना हुआ।

उपवीयति, क्रिया, बुनता है।

उपवुत्त, कृदन्त, दोषारोपित किया गया।

उपवुत्थ, कृदन्त, (उपोसथ-) व्रत

रखा गया।
उपवेसन, नपुं०, बैठना।
उपव्ह्यति, क्रिया, बुलाता है।
उपसंवसति, क्रिया, किसी के साथ रहता है।
उपसंहरण, नपुं०, पास-पास लाकर एकत्र करना, तुलना करना।
उपसंहरति, क्रिया, इकट्ठा करता है, समीप लाता है, ढेर लगाता है।
उपसंहार, पु०, एकत्र करना, सार ग्रहण करना, तुलना करना।
उपसङ्कमति, क्रिया, पास जाता है।
उपसङ्कमन, नपुं०, पहुंच, नजदीक जाना।
उपसङ्कमित्वा, पूर्व० क्रिया, पास जाकर।
उपसग्ग, पु०, खतरा, किसी क्रिया के पूर्व में आने वाले वर्ण-समूह (उपसर्ग)।
उपसन्त, कृदन्त, शान्त-चित्त।
उपसम, पु०, शान्ति, सन्तोष।
उपसमेति, क्रिया, सन्तुष्ट करता है, शान्त करता है।
उपसम्पज्ज, कृदन्त, पहुंच जाना, प्रविष्ट होना, उपसम्पन्न-भिक्षु होना।
उपसम्पज्जति, क्रिया, पहुँचता है, प्रविष्ट होता है, (भिक्षु) उपसम्पन्न होता है।
उपसम्पदा, स्त्री०, बौद्ध-भिक्षु की संघ के द्वारा दी जाने वाली दीक्षा।
उपसम्पन्न, कृदन्त, उपसम्पदा प्राप्त।
उपसम्पादेति, क्रिया, उपसम्पदा की दीक्षा देता है।
उपसम्फस्सति, क्रिया, गले मिलता है।
उपसम्मति, क्रिया, शान्त होता है, सन्तुष्ट होता है।
उपसाळ्ह जातक, उस ब्राह्मण की कथा जिसने अपने लड़के को आदेश दिया था कि उसकी दाह-क्रिया ऐसी जगह की जाय, जहां पहले किसी की दाह-क्रिया न हुई हो। (१६६)
उपसिंघति, क्रिया, नाक बजाता है।
उपसिंघन, नपुं०, नाक बजाना।
उपसुस्सति, क्रिया, सूख जाता है।
उपसुस्सन, नपुं०, सूख जाना,।
उपसेचन, नपुं०, भोजन को स्वादिष्ट बनाने के लिए उस पर (नमक-मिर्च) छिड़कना।
उपसेनिया, स्त्री०, जो लड़की सदैव अपनी माँ के पास रहना चाहे, लाडला।
उपसेवति, क्रिया, अभ्यास करता है, संगति करता है।
उपसेवना, स्त्री०, अभ्यास, संगति।
उपसेवित, कृदन्त, जिसने अभ्यास किया हो, जिसने संगति की हो।
उपसेवी, वि०, अभ्यास करने वाला, संगति करने वाला।
उपसोभति, क्रिया, सुशोभित होता है, सुन्दर लगता है।
उपसोभित, कृदन्त, सुशोभित।
उपसोभेति, क्रिया, सुशोभित कराता है।
उपसोसेति, क्रिया, सुखाता है।
उपसट्ठ, कृदन्त, दमित, जिसका दमन किया गया।
उपस्सय, पु०, निवास-स्थान।
उपस्सास, पु०, सांस लेना।
उपस्सुति, स्त्री०, उपश्रुति, दूसरों की

गुप्त बातचीत ।

उपस्सुतिक, वि०, दूसरों की बातचीत सुनने वाला ।

उपहञ्ञति, क्रिया, भ्रष्ट होता है, चोट खाता है ।

उपहत, कृदन्त, चोट खाया हुआ ।

उपहत्तु, पु०, लाने वाला ।

उपहनति, क्रिया, हानि पहुंचाता है, चोट पहुंचाता है ।

उपहरण, नपुं०, भेंट ।

उपहरति, क्रिया, भेंट लाता है ।

उपहार, पु०, भेंट, पुरस्कार ।

उपहिंसति, क्रिया, हानि पहुंचाता है, चोट पहुंचाता है ।

उपागच्छति, क्रिया, समीप आता है ।

उपागत, कृदन्त, समीप आया हुआ ।

उपातिधावति, क्रिया, दौड़ता रहता है ।

उपातिपन्न, कृदन्त, गिरा हुआ, शिकार हुआ ।

उपातिवत्त, कृदन्त सीमातिक्रान्त हुआ ।

उपातिवत्तति, क्रिया, सीमोल्लंघन करता है ।

उपादा, क्रि० वि०, उपादाय का संक्षिप्त रूप, सकारण ।

उपादान, नपुं०, आसक्ति, इंधन ।

उपादानक्खन्ध, पु०, आसक्ति के रूप, वेदना आदि स्कन्ध ।

उपादानक्खय, पु०, आसक्ति का क्षय ।

उपादानिय, वि०, आसक्ति से सम्बन्धित ।

उपादाय, पूर्व० क्रिया, कारण होकर ।

उपादि, पु०, जीवन का इंधन ।

उपादि-सेस, वि०, जिसमें रूप, वेदना आदि स्कन्ध अवशेष हों ।

उपादिन्न, कृदन्त, गृहीत ।

उपादियति, क्रिया, ग्रहण करता है।

उपाधि, पु०, पद, गद्दी ।

उपान्तभू, स्त्री०, पास की भूमि ।

उपाय, पु०, साधन ।

उपाय-कुसल, वि०, साधन-सम्पन्न ।

उपाय-कोसल्ल, नपुं० उपाय-कुशलता ।

उपायन, नपुं०, भेंट ।

उपायास, पु०, चिन्ता, दुःख, पश्चाताप ।

उपारम्भ, पु०, डांट-डपट ।

उपालि स्थविर, भगवान बुद्ध के महाश्रावकों में से एक अत्यन्त प्रसिद्ध महास्थविर । इनका जन्म कपिलवस्तु के नाई परिवार में हुआ था । बुद्ध के परिनिर्वाण के अनन्तर प्रथम संगीति में उपालि स्थविर ही विनय के विषय में प्रमाण माने गये थे ।

उपाविसि, क्रिया, स्थान ग्रहण किया ।

उपासक, पु०, गृहस्थ शिष्य ।

उपासकत्त, नपुं०, उपासक-भाव ।

उपासति, क्रिया; उपासना करता है, सेवा में रहता है ।

उपासन, नपुं०, १. सेवा; २. धनुर्विद्या ।

उपासिका, स्त्री०, स्त्रीधर्मानुयायी ।

उपासित, कृदन्त, पूजित, सेवित ।

उपासीन, कृदन्त, पास बैठा हुआ ।

उपाहत, कृदन्त, जिसे आघात लगा हो, जिसने चोट खाई हो ।

उपाहन, नपुं०, जूता ।

उपेक्खक, वि०, उपेक्षा करने वाला ।

उपेक्खति, क्रिया, उपेक्षा करता है।

उपेक्खना, स्त्री०, उपेक्षा।

उपेक्खा, स्त्री०, उपेक्षा-भाव, मध्यस्थ-भाव।

उपेत, कृदन्त, पास गया हुआ, प्राप्त हुआ।

उपेति, क्रिया, पास जाता है, प्राप्त करता है।

उपेत्वा, पूर्व० क्रिया, पास जाकर।

उपोग्घात, पु०, उदाहरण।

उपोचित, कृदन्त, संग्रहित, ढेर लगा हुआ, सुखद।

उपोसथ, १. नपुं०, हाथियों का कुल-विशेष; २. पु०, महीने की दोनों अष्टमियाँ, अमावस्या तथा पूर्णिमा के चार उपोसथ(-व्रत) के दिन।

उपोसथ-कम्म, नपुं०, उपोसथ (-व्रत) का क्रियात्मक रूप।

उपोसथागार, नपुं०, उपोसथ-भवन।

उपोसथिक, वि०, उपोसथ (-व्रत) के दिन आठ शील ग्रहण करने वाला।

उप्पक्क, वि०, सूजा हुआ, फूला हुआ।

उप्पच्चति, क्रिया, पकता है।

उप्पज्जति, क्रिया, उत्पन्न होता है।

उप्पज्जन, नपुं०, उत्पन्न होना।

उप्पज्जमान, कृदन्त, उत्पन्न होने वाला।

उप्पज्जितब्ब, कृदन्त, उत्पन्न होने के योग्य।

उप्पटिपाति, स्त्री०, क्रमाभाव, अनि-यम।

उप्पटिपाटिया, वि०, क्रम-विरुद्ध।

उप्पण्डना, स्त्री०, हँसी उड़ाना, मज़ाक उड़ाना।

उप्पण्डुकजात, वि०, पीला पड़ गया।

उप्पण्डेति, क्रिया, मुंह चिढ़ाता है।

उप्पतति, क्रिया, उड़ता है, ऊपर उछलता है।

उप्पतन, नपुं०, उड़ान, उछलन।

उप्पतमान, कृदन्त, उड़ता हुआ, उछलता हुआ।

उप्पतित, कृदन्त, उड़ा, उछला।

उप्पतित्वा, पूर्व० क्रिया, उड़कर, उछल-कर।

उप्पत्ति, स्त्री०, उत्पत्ति, पुनर्जन्म।

उप्पत्ति-भूमि, स्त्री०, जन्म-भूमि।

उप्पथ, पु०, कुमार्ग।

उप्पन्न, कृदन्त, उत्पन्न।

उप्पब्बजति, क्रिया, भिक्षु-संघ से निकल जाता है। पुनः गृहस्थ हो जाता है।

उप्पब्बजित, कृदन्त, भिक्षु-संघ से निकला हुआ, पुनः गृहस्थ बना हुआ।

उप्पब्बाजेति, क्रिया, भिक्षु-संघ से निकाल देता है, पुनः गृहस्थ बना देता है।

उप्पल, नपुं०, कँवल।

उप्पलवण्णा थेरी, भगवान बुद्ध की दो प्रधान भिक्षुणियों में से एक। वह एक सेठ की पुत्री थी। उसकी चमड़ी उत्पल-वर्ण होने के कारण ही उसका नाम उप्पलवण्णा स्थविरी पड़ा था।

उप्पालिनी, कँवलों से भरा हुआ तालाब।

उप्पाटन, नपुं०, उखाड़ना।

उप्पाटित, कृदन्त, उखाड़ा गया।

उप्पाटेति, क्रिया, उखाड़ता है, छीलता है।

उप्पात, पु०, ऊपर उड़ना, उल्कापात, असाधारण घटना ।

उप्पाद, पु०, उत्पन्न होना, अस्तित्व में आना ।

उप्पादक, वि०, उत्पन्न करने वाला ।

उप्पादन, नपुं०, उत्पत्ति ।

उप्पादेति, पु०, उत्पन्न करता है ।

उप्पादेतु, पु०, उत्पन्न करने वाला ।

उप्पादेतुं, उत्पन्न करने के लिए ।

उप्पीळन, नपुं०, पीड़ा देना, दबाना, दमन करना ।

उप्पीळित, कृदन्त, पीड़ित ।

उप्पीळेति, क्रिया, पीड़ा देता है, दबाता है, कष्ट देता है ।

उप्पोठन, नपुं०, झाड़ना, पीटना ।

उप्पोठेति, क्रिया, झाड़ता है, पीटता है ।

उप्लवन, नपुं०, तैरना ।

उप्लवति, क्रिया, तैरता है ।

उप्लापेति, क्रिया, डुबकी लगाता है ।

उप्फालेति, क्रिया, फाड़ता है ।

उप्फासुलिक, वि०, पसली मात्र दिखाई देने वाला ।

उब्बट्टन, नपुं०, बदन को रगड़ना, उबटन लगाना ।

उब्बट्टित, कृदन्त, मला गया, उबटन लगाया गया ।

उब्बट्टेति क्रिया, मालिश करता है, उबटन लगाता है ।

उब्बत्तेति, क्रिया, ऊपर उठता है, फूलता है, सुपथ से हट जाता है ।

उब्बन्धति, क्रिया, मार डालता है ।

उब्बन्धति, फांसी लटका देता है, गला घोंट देता है ।

उब्बन्धन, गला घोंटना, फांसी लगा लेना, फांसी लटकाना ।

उब्बहति, क्रिया, खींचता है, ले जाता है, उठाता है ।

उब्बहन, नपुं०, खींचना, ले जाना, उठाना ।

उब्बाळह, कृदन्त, कष्ट-प्राप्त, हैरान किया गया ।

उब्बिग्ग, कृदन्त, उद्विग्न ।

उब्बिज्जति, क्रिया, उद्वेग को प्राप्त होता है ।

उब्बिज्जना, स्त्री०, उद्वेग, अशान्ति ।

उब्बिलावितत्त, नपुं०, अत्यन्त आह्लाद ।

उब्बी, स्त्री०, भूमि ।

उब्बेग, पुं०, उद्वेग, उत्तेजना ।

उब्बेजेति, क्रिया, उद्वेग उत्पन्न करता है, भयभीत करता है ।

उब्बेध, पुं०, ऊँचाई ।

उब्भट्ठक, वि०, सीधा खड़ा हुआ ।

उब्भत, कृदन्त, वापिस ले लिया गया, खींच लिया गया ।

उब्भव, पु०, उद्भव, उत्पत्ति ।

उब्भार, पु०, हटा दिया जाना ।

उब्भिज्ज, पूर्व० क्रिया, बाहर आकर, अँखुआ फूट निकलकर ।

उब्भिज्जति, क्रिया, ऊपर उछलता है, अँखुआ फूट निकलता है ।

उब्भिद, १. नपुं०, खाने का नमक; २. पु०, पानी का चशमा; ३. वि०, अंकुर निकलता हुआ ।

उब्भुजति, क्रिया, ऊपर उठाता है ।

उभ, उभय, सर्वनाम, दोनों ।

उभतो, अव्यय, दोनों तरह से ।

उभतो भट्ठ जातक, एक मछुवे की

कथा, जो दोनों ओर से गया (१३९)।
उभयतोदिक, स्त्री०, दोनों ओर।
उभो, सर्वनाम, दोनों।
उम्मग्ग, पु०, सुरंग, चोर-रास्ता।
उम्मज्जन, नपुं०, शरीर को धोना।
उम्मत्त, वि०, पागल।
उम्मदन्ती जातक, एक सेठ की लड़की की कथा, जो अपने सौन्दर्य के कारण देखने वालों को उन्मत्त बना देती थी (५२७)।
उम्मा, स्त्री०, अलसी के बीज।
उम्माद, पु०, उँन्माद, पागलपन।
उम्मादवन्तु, पु०, पागल।
उम्मार, पु० देहली, चौखट।
उम्मि, स्त्री०, ऊर्मि, लहर।
उम्मिसति, क्रिया, आँख खोलता है।
उम्मिहति, क्रिया, पेशाब करता है।
उम्मीलन, नपुं०, उन्मीलन, आँख खोलना।
उम्मीलेति, क्रिया, उन्मीलन करता है, आँख खोलता है।
उम्मुक, नपुं०, लुआठी, मशाल।
उम्मुक्क, कृदन्त, गिरा हुआ।
उम्मुख, वि०, जिसका मुंह आकाश की ओर हो।
उम्मुज्जति, क्रिया, पानी से बाहर निकलता है।
उम्मुज्जन, नपुं०, बाहर निकलना।
उम्मुज्ज-निमुज्जा, स्त्री०, इतराना-डूबना।
उम्मुज्जमान, कृदन्त, इतराता हुआ।
उम्मूल, वि०, उन्मूल।
उम्मूलित, कृदन्त, जड़ खोदा हुआ।
उम्मूलन, नपुं०, जड़ खोदना।
उम्मूलेति, क्रिया, जड़ खोदता है।
उय्यान, नपुं०, उद्यान।
उय्यान-कीळा, स्त्री०, उद्यान-क्रीड़ा।
उय्यान-पाल, पु०, उद्यान-पालक, माली।
उय्यान-भूमि, स्त्री०, उद्यान-भूमि।
उय्यानवन्त, त्रि०, अनेक उद्यानों वाला।
उय्याम, पु०, उद्यम, प्रयत्न।
उय्युज्जति, क्रिया, जुतता है, प्रयास करता है।
उय्युज्जन, नपुं०, उद्योग, क्रिया-शीलता।
उय्युजन्त, कृदन्त, उद्योग-रत, क्रिया-शील।
उय्युत्त, कृदन्त, उत्साही, लगा हुआ।
उय्योग, पु०, उद्योग।
उय्योजन, नपुं०, प्रेरणा।
उय्योजित, कृदन्त, प्रेरित, भेज दिया गया।
उय्योजेति, क्रिया, प्रेरित करता है, भेज देता है।
उय्योधिक, नपुं०, लड़ाई की योजना, सेना की झूठ-मूठ की लड़ाई।
उर, पु० तथा नपुं०, छाती।
उर-चक्क, नपुं०, छाती पर रखा हुआ लोह-चक्र।
उर-च्छद, पु०, छाती की ढाल।
उर-त्ताळि, क्रि० वि०, अपनी छाती पीटना।
उरग, पु०, सर्प
उरग-जातक, साँप तथा गरुड़ का संघर्ष। बोधिसत्व ने दो स्थायी

वैरियों में मैत्री कराई (१५४)।

उरग-जातक, पुत्र की मृत्यु पर घर का कोई भी नहीं रोया (३५४)।

उरण, पु०, भेड़, मेढ़ा।

उरणी, स्त्री०, भेड़ी।

उरब्भ, पु०, मेढ़ा।

उरु, वि०, बड़ा, चौड़ा, प्रमुख।

उरुवेल कप्प, मल्ल जनपद में मल्लों का एक नगर।

उरुवेला, बुद्धगया में, बोधिवृक्ष के समीप, नेरञ्जरा के तट पर एक स्थान।

उलूक, पु०, उल्लू।

उलूक-जातक, पक्षियों द्वारा उल्लू को अपना राजा बनाये जाने का प्रस्ताव किया गया (२७०)।

उल्लंघन, नपुं०, सीमोल्लंघन।

उल्लंघेति, क्रिया, सीमा लाँघ जाता है।

उल्लपति, क्रिया, आत्म-प्रशंसा करता है।

उल्लपना, स्त्री०, आत्म-प्रशंसा।

उल्लिखति, क्रिया, अलग करता है, लकीर खींचता है।

उल्लिखन, नपुं०, अलग करना, लकीर खींचना।

उल्लित्त, कृदन्त, उपलिप्त, लेप किया गया।

उल्लुम्पति, क्रिया, ऊपर उठाता है, सहायक होता है।

उल्लुम्पन, नपुं०, ऊपर उठाना, संरक्षण।

उल्लोकक, वि०, द्रष्टा।

उल्लोकन, नपुं०, दृष्टि, खिड़की।

उल्लोकेति, क्रिया, देखता है।

उल्लोच, पु० तथा नपुं०, वितान, चँदुआ।

उल्लोल, पु०, चलन, बड़ी लहर।

उल्लोलेति, क्रिया, हलचल पैदा करता है।

उसभ, पु०, वृषभ, श्रेष्ठ पुरुष, दूरी का माप-विशेष।

उसभंग, पु०, वृषभ का अंग।

उसीर, नपुं०, खस।

उसु, पु० तथा स्त्री०, तीर।

उसुकार, पु०, तीर बनाने वाला।

उसुवड्ढकी, पु०, तीर बनाने वाला बढ़ई।

उसूयक, वि०, ईर्षा करने वाला।

उसूयति, क्रिया, ईर्षा करता है।

उसूया, स्त्री०, ईर्षा।

उसूयोपगम, पुं०, ईर्षा का आगमन।

उस्मा, स्त्री०, ऊष्णता।

उस्सङ्की, वि०, शंकालु, भयभीत।

उस्सद, उस्सन्न, वि०, विपुल।

उस्सन्नता, स्त्री०, विपुलता।

उस्सव, पु०, उत्सव।

उस्सहति, क्रिया, कोशिश करता है।

उस्सहन, नपुं०, प्रयास, प्रयत्न।

उस्सापन, नपुं०, उठाना।

उस्सापित, कृदन्त, उठाया गया।

उस्सापेति, क्रिया, उठाता है, ऊँचा करता है।

उस्सारणा, स्त्री०, भीड़।

उस्सारित, कृदन्त, एक ओर ढकेल दिया गया।

उस्सारेति, क्रिया, एक ओर ढकेल देता है।

उस्साव, पु०, ओस ।

उस्साव-बिन्दु, नपुं०, ओस की बूंद ।

उस्साह, पु०, उत्साह ।

उस्साहवन्तु, वि०, उत्साही ।

उस्साहेति, क्रिया, उत्साहित करता है ।

उस्सिञ्चति, क्रिया, पानी उठाता है, सींचता है ।

उस्सिञ्चन, नपुं०, पानी उठाना, सींचना ।

उस्सित, कृदन्त, उठाया गया, ऊंचा किया गया ।

उस्सीसक, नपुं०, सिर रखने की जगह, तकिया ।

उस्सुक, वि०, उत्सुक, उत्साही, क्रिया-शील ।

उस्सुक्क, नपुं०, औत्सुक्य, उत्साह, क्रिया-शीलता ।

उस्सुक्कति, क्रिया, कोशिश करता है, प्रयत्न करता है ।

उस्सुक्कापेति, क्रिया, प्रेरित करता है।

उस्सुस्सति, क्रिया, सूख जाता है ।

उस्सूर, वि०, सूर्योदय के बाद का ।

उस्सूर-सेय्या, स्त्री० सूर्योदय के बाद सोते रहना ।

उस्सोळ्ही, स्त्री०, उत्साह ।

उळार, वि०, उदार, विशाल, श्रेष्ठ, प्रमुख ।

उळारत्त, नपुं०, उदारता, विशालता, श्रेष्ठत्व, प्रमुखत्व ।

उळु, पु०, तारा ।

उळु-राज, पु०, चन्द्रमा ।

उळुङ्क, पु०, करछुल ।

उळुम्प, पु०, डोंगी ।

उळूक, पु०, उल्लू ।

उळूक-पक्खिक, नपुं०, उल्लू के परों से बना हुआ पहनावा ।

ऊ

ऊका, स्त्री०, जूं, चीलर ।

ऊन, वि०, कम, न्यून ।

ऊनत्त, ऊनता, नपुं०, स्त्री०, कमी, न्यूनता ।

ऊमी, ऊमि, स्त्री०, लहर ।

ऊरट्ठि, नपुं०, जांघ की हड्डी ।

ऊरु, जांघ ।

ऊरु-पब्ब, नपुं०, जांघ का जोड़ ।

ऊस, पु०, खारी मिट्टी ।

ऊसवन्तु, पु०, खारी मिट्टी वाला ।

ऊसा, पु०, खारा पदार्थ ।

ऊसर, वि० तथा नपुं०, क्षार-युक्त, ऊसर ।

ऊहच्च, कृदन्त, खींचा गया, हटा दिया गया ।

ऊहदति, क्रिया, साफ करता है, मैल दूर करता है ।

ऊहन, नपुं०, विचार, संग्रह ।

ऊहनति, क्रिया, खींचता है, हटाता है ।

ऊहसति, क्रिया, हँसता है, मुंह चिढ़ाता है ।

ऊहा, स्त्री०, चिन्तन-मनन ।

ए

एक, वि०, संख्यावाचक शब्द । बहुवचन में 'एक' का अर्थ हो जाता है कुछ ।

एक-चर, एक-चारी, वि०, अकेला रहने वाला ।

एक-देश, पु०, एक विभाग, एक हिस्सा।
एक-पट्ट, वि०, एक तह वाला कपड़ा।
एकभत्तिक, वि०, दिन में एक ही बार खाने वाला।
एकक, वि०, अकेला।
एककूटयुत, पु०, एक तल्ला भवन।
एकक्खरकोस, सोलहवीं शताब्दी में सद्धम्म-कित्ति द्वारा रचित पालि शब्द-सूची।
एकक्खी, वि०, एक आँख वाला।
एकग्ग, वि०, एकाग्र।
एकग्गता, स्त्री०, एकाग्रता।
एकच्च, एकच्चिय, वि०, कुछ, चन्द।
एकज्झं, क्रि० वि०, एक ही स्थान पर।
एकतो, अव्यय, एक ओर।
एकत्त, नपुं०, १. एकता, २. अकेलापन, ३. अनुकूलता।
एकदा, क्रि० वि०, एक बार।
एकन्त, वि०, निश्चय से, पूर्ण निश्चय से, एकतरफा।
एकन्त-लोमी, पु०, कम्बल जिसके एक ओर उन हों।
एकन्तरिक, वि०, एक का बीच देकर, एक के बाद एक छोडकर।
एकपटलिक, वि०, एक तह वाला कपड़ा।
एकपण्ण जातक, बोधिसत्व ने राजकुमार को नीम के पत्ते खिलाकर अपना आचरण सुधारने की शिक्षा दी (१४६)।
एकपद जातक, बोधिसत्व ने एक शब्द द्वारा अपने पुत्र को उपदेश दिया। वह शब्द था दक्खेय्य अर्थात् दक्षता (२३८)।
एकपदिक-मग्ग, पु०, पगडण्डी।
एकमन्तं, क्रि० वि०, एक ओर।
एकमेक, एकेक, वि०, एक-एक करके।
एकराज जातक, देखो सेय्यसं जातक, एकराज जातक (३०३)।
एकरूप, वि०, अपरिवर्तनशील।
एकविध, वि०, एक ही तरह का, समान।
एकसो, क्रि० वि०, एक-एक करके
एकंस, एकंसिक; वि०, १. निश्चित रूप से, २. एक कंधे से सम्बन्धित।
एकाकी, त्रिलिङ्गी, अकेला (आदमी)।
एकाकिनी, स्त्री०, अकेली (स्त्री)।
एकागारिक, पु०, चोर।
एकादस, संख्यावाची वि०, ग्यारह
एकायन, पु०, एक ही मार्ग।
एकासनिक, वि०, दिन में एक ही बार खाने वाला।
एकाह, नपुं०, एक दिन।
एकाहिक, वि०, एक ही दिन रहने वाला।
एकिका, स्त्री०, अकेली स्त्री।
एकीभाव, पु०, एकता, एकान्त।
एकीभूत, वि०, एकत्रित, सम्बन्धित।
एकून, वि०, एक कम।
एकूनचत्तालीसति, स्त्री०, उनतालीस।
एकूनतिंसति, स्त्री०, उनत्तीस।
एकूनपञ्ञास, स्त्री०, उनंचास।
एकूनवीसति, स्त्री०, उन्नीस।
एकूनसट्ठि, स्त्री०, उनसठ।
एकूनसत्तति, स्त्री०, उनहत्तर।
एकूननवुति, स्त्री०, नवासी।

एकूनसत, नपुं०, निन्नानवे ।
एकूनासीति, स्त्री०, उनास्सी ।
एकोदिभाव, पु०, एकाग्रता ।
एजा, स्त्री०, तृष्णा, चलन (हिलना) ।
एट्ठि, स्त्री०, तलाश, इच्छा, चाह ।
एण, पु०, एक प्रकार का हिरण ।
एणिमिग, एणेय्य, पु०, मृग-विशेष ।
एणेय्यक, नपुं०, एक प्रकार का कष्ट-दान ।
एत, सर्वनाम, वह, यह, पु०, एसो, स्त्री०, एसा ।
एतरहि, क्रि० वि०, अब ।
एतादिस, वि०, ऐसा, इस तरह का ।
एति, क्रिया, आता है ।
एतिहा, स्त्री०, इति-वृत्त ।
एतिह्य, नपुं०, परम्परागत वृत्तान्त ।
एत्तक, वि०, इतना ।
एत्तावता, क्रि० वि०, यहां तक, इतनी दूर तक ।
एत्तो, अव्यय, यहां से, यहां ।
एत्थ, क्रि० वि०, यहां ।
एदिस, एदिसक, वि०, ऐसा, इस प्रकार का ।
एध, पु०, ईंधन, जलावन ।
एधति, क्रिया, प्राप्त करता है, सफल, होता है ।
एन, एत (सर्वनाम) का ही रूप ।
एरक, नपुं०, घास-विशेष ।
एरक-दुस्स, नपुं०, एरक की बनी चादर ।
एरण्ड, पु०, रेंड़ ।
एरावण, पु०, इन्द्र के हाथी का नाम ।
एरावत, पु०, नारंगी, संतरा ।
एरित, कृदन्त, कम्पित ।
एरेति, क्रिया, हिलता है ।
एला, स्त्री०, थूक ।
एव, अव्यय, ही ।
एवरूप, वि०, ऐसा, इस प्रकार का ।
एवं, क्रि० वि०, इस प्रकार ।
एवं, अव्यय, हां ।
एवम्पि, अव्यय, इस प्रकार भी ।
एवमेव, अव्यय, इसी प्रकार ।
एवंविध, वि०, इस प्रकार ।
एसति, क्रिया, खोजता है ।
एसना, स्त्री०, खोज ।
एसन्त, एसमान, कृदन्त, खोजता हुआ ।
एसिकत्थम्भ, पु०, नगर-द्वार के सामने गड़ा हुआ खम्भा ।
एसित, कृदन्त, खोजा गया ।
एसितब्ब, कृदन्त, खोजने योग्य ।
एसी, पु०, खोजने वाला ।
एसिनी, स्त्री०, खोजने वाली ।
एहलोकिक, वि०, इहलोक सम्बन्धी ।
एहिपस्सिक, वि०, जो धर्म सभी को कहे कि आओ और परीक्षा करके देखो ।
एहि-भिक्खु, प्राचीनतम समय में किसी को भिक्षु बनाने की पद्धति "भिक्षु, आ ।"
एळक, पु०, भेड़ ।
एळगल वि०, जिसके मुंह से लार टपकती हो ।
एळमूग, पु०, बहरा तथा गूंगा ।
एळा, स्त्री०, थूक ।
एळालुक, नपुं०, खीरा-ककड़ी ।

ओ

ओ, पालि वर्णमाला का एक स्वर। कुछ वैयाकरणों का मत है कि पालि में आठ स्वर होते हैं, और कुछ का मत है दस स्वर होते हैं। आठ स्वर के पक्षपाती ए, ओ के ह्रस्व तथा दीर्घ दो स्वरूप नहीं मानते। दस स्वर के पक्षपाती 'ए' तथा 'ओ' के 'ह्रस्व' तथा 'दीर्घ' दो-दो रूप मानते हैं। संयुक्त वर्ण से पूर्व व्यवहृत होने वाले 'ए' तथा 'ओ' उनके मतानुसार 'ह्रस्व' स्वर होते हैं।

ओक, नपुं०, १. जल, २. निवास-स्थान।

ओकड्ढति, क्रिया, खींच लाता है, हटा देता है।

ओकन्तति, क्रिया, काटता है।

ओकप्पति, क्रिया, व्यवस्था करता है, तैयारी करता है, विश्वास करता है।

ओकप्पना, स्त्री०, विश्वास करना।

ओकप्पनिय, वि०, विश्वसनीय।

ओकप्पेति, क्रिया, विश्वास करता है।

ओकम्पेति, क्रिया, हिलाता है।

ओकार, पु०, नीचपन, विकृति।

ओकास, पु०, स्थान, अवसर, अनुज्ञा।

ओकास-कम्म, नपुं०, अनुज्ञा, इजाज़त।

ओकिण्ण, कृदन्त, बिखरा हुआ, ढका हुआ।

ओकिरण, नपुं०, बिखेरा जाना, फेंका जाना।

ओकिरति, क्रिया, बिखेरता है।

ओक्कन्त, कृदन्त, आगत, घटित।

ओक्कन्ति, स्त्री०, प्रवेश प्रकट होना, घटित होना।

ओक्कन्तिक, वि०, घटित होने वाला।

ओक्कमति, क्रिया, प्रवेश करता है, आता है।

ओक्कमन, नपुं०, प्रवेश, आगमन।

ओक्कमन्त, कृदन्त, प्रवेश होता हुआ।

ओक्कम्म, पूर्व० क्रिया, हटकर।

ओक्काक, शाक्यों तथा कोलियों का पूर्वज ओकाक्क नरेश।

ओक्खित्त, कृदन्त, नीचे गिराये हुए।

ओक्खित्त-चक्खु, वि०, नीची-नज़र वाला।

ओक्खिपति, क्रिया, फेंकता है, गिराता है।

ओगच्छति, क्रिया, नीचे जाता है, अस्त होता है, पीछे हटता है।

ओगण, वि०, गण से पृथक् हुआ, अकेला।

ओगध, वि०, सम्मिलित, डूबा हुआ।

ओगय्ह, पूर्व० क्रिया, मिल जाने पर, डूब जाने पर।

ओगाह, पु०, **ओगाहन,** नपुं०, डुबकी लगाना।

ओगाहति, क्रिया, डुबकी लगाता है।

ओगाहमान, कृदन्त, डुबकी लगाते हुए।

ओगिलति, क्रिया, निगलता है।

ओगुण्ठित, कृदन्त, घूंघट निकला हुआ, ढका हुआ।

ओगुण्ठेति, क्रिया, घूंघट निकालती है, ढकती है।

ओगुम्फेति, क्रिया, (माला) पिरोता है।

ओग्गत, कृदन्त, अवगत, अस्त होना।

ओघ, पु०, बाढ़ ।
ओघ-तिण्ण, वि०, बाढ़ से सुरक्षित ।
ओघनिय, वि०, जो बाढ़ में आ सकता है ।
ओचरक, पु०, गुप्तचर ।
ओचिण्ण, कृदन्त, संगृहीत ।
ओचिनन, नपुं०, संग्रह करना, एकत्र करना ।
ओचिनन्त, कृदन्त, संग्रह करते हुए, एकत्र करते हुए ।
ओचिनाति, क्रिया, संग्रह करता है, एकत्र करता है ।
ओछिन्दति, क्रिया, काट डालता है ।
ओज, पु०, शरीर-शक्ति ।
ओजवन्त, वि०, शक्तिवर्धक ।
ओजवन्तता, स्त्री०, शक्तिवर्धक भाव ।
ओजहाति, क्रिया, छोड़ देता है, त्याग देता है ।
ओजा, स्त्री०, शरीर का आधार ओज ।
ओजिनाति, क्रिया, जीतता है, हराता है ।
ओट्ठ, पु०, १. ऊँट, २. होंठ ।
ओट्ठुभति, क्रिया, थूकता है ।
ओड्डित, कृदन्त, (जाल) फेंका गया ।
ओड्डेति, क्रिया, (जाल) बिछाता है ।
ओणमति, क्रिया, झुकता है ।
ओणमन, नपुं०, झुकना ।
ओणमित, कृदन्त, झुका हुआ ।
ओतरण, नपुं०, उतरना, नीचे आना ।
ओतरति, क्रिया, नीचे उतरता है ।
ओतरन्त, कृदन्त, नीचे उतरते हुए ।
ओतापेति, क्रिया, धूप में तपता है ।
ओतार, पु०, उतराव, पहुंच, अवसर, दोष ।
ओतार-गवेसी, वि०, अवसर खोजने वाला ।
ओतारण, नपुं०, उतराव ।
ओतारेति, क्रिया, उतारता है ।
ओतिण्ण, कृदन्त, अवतरित ।
ओत्तप्प, नपुं०, पाप-भीरुता ।
ओत्तप्पति, क्रिया, पाप करने से भयभीत होता है ।
ओत्तप्पी, वि०, पाप-भीरू ।
ओत्थट, कृदन्त, फैला हुआ, नीचे गया हुआ ।
ओत्थरक, नपुं०, कपड़-छान ।
ओत्थरति, क्रिया, फैलाता है, नीचे जाता है, छानता है ।
ओदकन्तिक (ओद्रकन्तिक), १. नपुं०, जल-समीप स्थान; २. वि०, जिसका अन्त जल में हो ।
ओदग्य, नपुं० उदग्र भाव, तेजस्वी भाव
ओदन, नपुं०, तथा पु० पकाया हुआ चावल, भात ।
ओदन-संभव, पु० तथा नपुं, पिच्छा ।
ओदनिक, पु०, रसोइया ।
ओदनिय, वि०, ओदन-सम्बन्धी ।
ओदरिक, वि०, पेटू, पेट भरने के लिए जीने वाला ।
ओदहति, क्रिया, रखता है, ध्यान देता है ।
ओदहन, नपुं०, नीचे रखना, ध्यानावस्थित होना ।
ओदात, वि०, सफेद, स्वच्छ ।
ओदात-कसिण, नपुं०, श्वेत रंग का चित्त को एकाग्र करने का साधन ।
ओदात-वसन, वि०, श्वेत वस्त्रधारी ।
ओदिस्स, क्रि० वि०, उद्देश्य से ।

ओदिस्सक, वि०, विशेष रूप से।

ओदुम्बर, वि०, गूलर-वृक्ष सम्बन्धी।

ओधि, पु०, अवधि, सीमा।

ओधिसो, क्रि० वि०, सीमित मात्रा में।

ओधुनाति, क्रिया, धुनता है।

ओनद्ध, कृदन्त, बँधा हुआ, ढका हुआ, लिपटा हुआ।

ओनय्हति, क्रिया, बांधता है, ढकता है, लपेटता है।

ओनमक, वि०, झुकता हुआ।

ओनमति, क्रिया, झुकता है।

ओनमन, नपुं०, झुकना।

ओनय्हति, क्रिया, ढकता है, बांध डालता है।

ओनहन, नपुं०, ढकना।

ओनीत, कृदन्त, हटाया गया, ले जाया गया।

ओनेति, क्रिया, हटाया जाता है, ले जाया जाता है।

ओनोजन, नपुं०, बँटवारा, भेंट।

ओनोजेति, क्रिया, बांटता है।

ओनोजित, कृदन्त, बाँटा हुआ।

ओपक्कमिक, वि०, किसी उपक्रम अथवा उपाय-विशेष से उत्पन्न किया गया कष्ट।

ओपक्खो, त्रि०, जिसके पर कटे हों।

ओपतति, क्रिया, गिरता है, उड़ जाता है।

ओपतित, कृदन्त, गिरा हुआ।

ओपत्त, वि०, पत्र-विहीन, ऐसा पेड़ जिसके पत्ते गिर गये हों।

ओपधिक, वि०, पुनर्जन्म के आधार सम्बन्धी।

ओपनयिक, वि०, पास ले जाने वाला।

ओपपातिक, वि०, प्रत्यक्ष कारण के बिना उत्पन्न, सहज रूप से उत्पन्न हुआ।

ओपम्म, नपुं०, उपमा, तुलना।

ओपरज्ज, नपुं०, उपराजपन।

ओपवय्ह, वि०, चढ़ने के योग्य।

ओपसमिक, वि०, शान्ति-कारक।

ओपात, पु०, १. गड्ढा, २. पतन।

ओपातेति, क्रिया, गिराता है।

ओपान, नपुं०, कुआँ।

ओपारम्भ, वि०, सहायक।

ओपायिक, वि०, योग्य।

ओपिलापित, कृदन्त, तैराया गया।

ओपिलापेति, क्रिया, तैराता है।

ओपुणाति, क्रिया, साफ करता है।

ओपुप्फ, नपुं०, कली।

ओबंधति, क्रिया, बाँधता है।

ओभग्ग, कृदन्त, टूटा हुआ।

ओभञ्जति, क्रिया, तोड़ डालता है।

ओभत, कृदन्त, ले जाया गया।

ओभरति, क्रिया, ले जाता है।

ओभास, पु०, प्रकाश।

ओभासति, क्रिया, चमकता है।

ओभासन, नपुं०, चमक।

ओभासित, कृदन्त, प्रकाशित।

ओभासेति, क्रिया, चमकाता है।

ओभासेन्त, कृदन्त, चमकते हुए।

ओभोग, पु०, झुकना, लपेटना (चीवर का) तह करना।

ओम, ओमक, वि०, निम्न कोटि का।

ओमट्ठ, कृदन्त, छुआ गया, मैला किया गया।

ओमद्दति, क्रिया, मलता है, दबाता है।

ओमसति, क्रिया, स्पर्श करता है।

ओमसना, स्त्री०, स्पर्श।

ओमसवाद, पु०, अपमान, निन्दा।

ओमान, नपुं०, अगौरव।

ओमिस्सक, वि०, मिश्रित।

ओमुक्क, वि०, फेंका गया।

ओमुञ्चति, क्रिया, खोलता है, (वस्त्र) उतारता है।

ओमुत्त, कृदन्त, मुक्त हुआ, स्वतन्त्र हुआ।

ओमुत्तेति, मूत्र करता है।

ओयाचति, क्रिया, बुरा चाहता है, शाप देता है।

ओर, १. नपुं०, इस ओर का तट, यह संसार; २. वि०, निम्न-स्तर का।

ओर-पार, नपुं०, इहलोक तथा परलोक।

ओर-मत्तक, वि०, तुच्छ, मामूली।

ओरब्भिक, पु०, भेड़ों का व्यापार करने वाला, या भेड़ मारने वाला कसाई।

ओरमति, क्रिया, इधर ही रुक जाता है।

ओरमापेति, क्रिया, (किसी अन्य को) रोक देता है।

ओरम्भागिय, वि०, इस लोक सम्बन्धी।

ओरस, वि०, स्वकीय पुत्र।

ओरिम, वि०, इस ओर का।

ओरिम-तीर, नपुं०, नजदीक का तट।

ओरुद्ध, कृदन्त, जिसके मार्ग में बाधा डाली गई हो।

ओरुन्धति, क्रिया, प्राप्त करता है, पत्नी बनाता है।

ओरूळ्ह, पु०, कृदन्त, उतरा हुआ।

ओरोध, पु०, रनिवास, बाधा।

ओरोपन, नपुं०, उतारना, हटाना।

ओरोपेति, क्रिया, उतारता है, हटाता है।

ओरोहण, नपुं०, उतरना।

ओरोहति, क्रिया, (नीचे) उतरता है।

ओलग्गेति, क्रिया, रोकता है।

ओलंघना, स्त्री०, नीचे झुकना।

ओलंघेति, क्रिया, नीचे कूदता है।

ओलम्बति, क्रिया, नीचे रोकता है।

ओलम्बन, नपुं०, लटकना।

ओलिखति, क्रिया, लकीर खींचता है, खरोंचता है।

ओलिगल्ल, पु०, चहबच्चा, नाबदान।

ओलीन, कृदन्त, प्रमादी, ढीला-ढाला।

ओलीयति, क्रिया, प्रमाद करता है।

ओलीयना, स्त्री०, आलस्य।

ओलीयमान, कृदन्त, पीछे छूट गया।

ओलुग्ग, कृदन्त, टुकड़े-टुकड़े हो गया।

ओलुज्जति, क्रिया, टुकड़े-टुकड़े हो जाता है।

ओलुम्पेति, क्रिया, छिलका उतारता है, पकड़ता है, चुनता है, चुगता है।

ओलोकन, नपुं०, देखना।

ओलोकनक, नपुं०, खिड़की, झरोखा।

ओलोकेति, क्रिया, देखता है।

ओळारिक, वि०, स्थूल।

ओवज्जमान, कृदन्त, उपदिष्ट, अनुशासित।

ओवट्टिक, स्त्री०, कमरबन्द ।
ओवदति, क्रिया, उपदेश देता है ।
ओवदन, नपुं०, उपदेश देना ।
ओवदितब्ब, कृदन्त, उपदेश देने के योग्य ।
ओवमति, क्रिया, उल्टी करता है, कै करता है ।
ओवरक, नपुं०, अन्दर का कमरा ।
ओवरति, क्रिया, रोकता है ।
ओवस्सति, क्रिया, बरसता है ।
ओवस्सापेति, क्रिया, बारिश में भिगवाता है ।
ओवहति, क्रिया, नीचे ले जाता है ।
ओवाद, पु०, उपदेश ।
ओवादक, पु०, उपदेश देने वाला ।
ओवादक्खम, वि०, शिक्षा-प्रेमी, उपदेश मानने वाला ।
ओविज्झति, क्रिया, बींधता है ।
ओसक्कति, क्रिया, पीछे हटता है ।
ओसज्जति, क्रिया, छोड़ता है ।
ओसध, नपुं०, औषध, दवाई ।
ओसधी, स्त्री०, १. दवाई का पौधा, २. चमकदार तारा-विशेष ।
ओसधीस, पु०, चन्द्रमा ।
ओसन्न, वि०, त्यक्त ।
ओसप्पति, क्रिया, पीछे हटता है ।
ओसरण, नपुं०, वापसी ।
ओसरति, क्रिया, वापस आता है ।
ओसान, नपुं०, समाप्ति ।
ओसापेति, क्रिया, समाप्त करता है ।
ओसारक, नपुं०, ओसारा ।
ओसारणा, स्त्री०, पुर्ननियुक्ति ।
ओसारेति, क्रिया, पुर्ननियुक्त करता है ।
ओसिञ्चति, क्रिया, सींचता है ।
ओसीदन, नपुं०, डूबना ।
ओसीदापन, नपुं०, डुबाना ।
ओसीदापेति, क्रिया, डुबाता है ।
ओस्सग्ग, नपुं०, शिथलीकरण ।
ओस्सजति, क्रिया, ढीला छोड़ता है, मुक्त करता है ।
ओस्सजन, नपुं०, मुक्ति, परित्याग ।
ओहरति, क्रिया, ले जाता है ।
ओहाय, पूर्व० क्रिया, छोड़कर ।
ओहारण, नपुं०, १. हटाना, २ हजामत करना ।
ओहित, कृदन्त, छिपा हुआ ।
ओहीन, कृदन्त, पीछे छूटा हुआ ।
ओहीयति, क्रिया, पीछे रह जाता है ।
ओहीयन, नपुं०, पीछे रह जाना ।
ओहीयमान, कृदन्त, पीछे रह जाता हुआ ।

क

क, पालि वर्णमाला का प्रथम व्यञ्जन, प्रश्नवाचक सर्वनाम 'किं' का एक रूप, कौन, क्या, कौन-सा ।
कंस, नपुं०, कांसा-धातु ।
ककच, पु०, आरा ।
ककण्टक, पु०, गिरगिट ।
ककण्टक जातक, महा-उम्मग जातक में आगत ककण्टक-पञ्ह-कथा ।
ककु, पु०, शिखर ।
ककुट्ठा, कुसीनारा के समीप की एक नदी, जिसमें परिनिर्वाण से पूर्व भगवान बुद्ध ने स्नान किया था और

जिसका जल ग्रहण किया था ।
ककुध, पु०, साण्ड की पीठ का ककुद, अर्जुन-वृक्ष ।
ककुध-भण्ड, नपुं०, राजकीय चिह्न ।
कक्क, नपुं०, लेप-विशेष ।
कक्कट, पु०, केकड़ा ।
कक्कटक जातक, कुलीरदह में रहने वाले हाथियों को खाने वाले केकड़े की कथा (२६७) ।
कक्कर, तीतर ।
कक्कर जातक, बुद्धिमान पक्षी की कथा (२०६)
कक्करता, स्त्री०, कर्कश-भाव ।
कक्कस, वि०, कर्कश ।
कक्कारी, स्त्री०, ककड़ी ।
कक्कारु जातक, दुर्गुणी पुरोहित द्वारा देवताओं द्वारा दी गई माला के पहनने की माँग (३२६) ।
कक्कारेति, क्रिया, खखारता है ।
कक्खळ, वि०, खुरदुरा ।
कक्खळता, स्त्री०, कठोरपन ।
कङ्क, पु०, सारस, बगुला ।
कंकट, पु०, कवच ।
कङ्कण, नपुं०, कंगन ।
कङ्खावितरणी, विनय-पिटक के प्रातिमोक्ष पर बुद्धघोषाचार्य द्वारा रचित अट्ठकथा ।
कंखति, क्रिया, सन्देह करता है ।
कंखना, स्त्री०, सन्देह ।
कंखनीय, कृदन्त, सन्दिग्ध ।
कंखा, स्त्री०, सन्देह ।
कंखी, वि०, सन्देह करने वाला ।
कङ्गु, स्त्री०, बाजरा ।
कच, नपुं०, बाल ।
कचवर, पु०, कूड़ा-करकट ।
कच्चानि-जातक, धर्म के श्राद्ध की कथा (४१७) ।
कच्चायन-व्याकरण, कच्चायन द्वारा रचित व्याकरण ।
कच्चि, अव्यय, सन्देहार्थक-पद ।
कच्छ, पु० तथा नपुं०, दलदल, बग़ल ।
कच्छक, पु०, अंजीर का पेड़ ।
कच्छन्तर, नपुं०, १. राजा का अपना कमरा, २. बगल के नीचे ।
कच्छप, पु०, कछुआ ।
कच्छप जातक, एक कछुवे की कथा, जिसने सूखा पड़ने पर भी अपना तालाब नहीं छोड़ा था (१७८) ।
कच्छप जातक, एक कछुवे की कथा, जिसकी दो हंसों से दोस्ती थी (२१५) ।
कच्छप जातक, एक बंदर की कछुवे के साथ की गई शरारत की कथा (२७३) ।
कच्छपुट, बगली बांधकर सौदा बेचने वाला ।
कच्छबन्धन, नपुं०, कमर-बन्द ।
कच्छा, स्त्री०, काछ ।
कच्छु, स्त्री,० खुजलाहट, चर्मरोग-विशेष ।
कजङ्गल, मध्यमण्डल की पूर्वी सीमा ।
कज्जल, नपुं०, काजल ।
कञ्चन, नपुं०, स्वर्ण !
कञ्चन-वण्ण, वि०, सोने के रंग वाला ।
कञ्चुक, पु०, कञ्चुक, जाकेट, कवच, केंचुल ।
कञ्चुकी, पु०; राजकीय सेवक ।

कञ्जिक, नपुं०, कांजी ।

कञ्जिय, नपुं०, कांजी ।

कञ्ञा, स्त्री०, कन्या ।

कट, १. कृदन्त, कृत, किया गया; २. पु०, चटाई, गाल ।

कटक, नपुं०, बाजूबंद ।

कटकटायति, क्रिया, (दाँतों से) कट-कट करता है ।

कटच्छु, पु०, कड़छी ।

कटल्लक, नपुं०, कठपुतली ।

कटसार, पु०, चटाई ।

कटसी, स्त्री०, श्मशान-भूमि ।

कटाह, पु०, कड़ाह ।

कटाहक जातक, दासी-पुत्र कटाहक की कथा (१२५) ।

कटि, स्त्री०, कमर ।

कटु, वि०, कड़ुवा ।

कटुक, वि०, तेज, तिक्त, कड़वा ।

कटुक-भण्ड, नपुं०, मसाले ।

कटुक-विपाक, त्रि०, दुष्परिणाम ।

कटुक-रोहिणी, स्त्री०, कटुका ।

कटुविय कत, त्रि०, कड़वा ।

कटुका, स्त्री, कटुरोहिणी ।

कट्ठ, नपुं०, काष्ठ, लकड़ी ।

कट्ठक, पु०, बाँस का पेड़ ।

कट्ठत्थर, नपुं०, लकड़ी के तख्तों का आस्तरण ।

कट्ठमय, वि०, लकड़ी का बना ।

कट्ठहारि जातक, दुष्यन्त के शकुन्तला को अंगूठी देने की तरह राजा ने लकड़ी चुनने वाली स्त्री को अपनी अँगूठी दी (७) ।

कट्ठिस्स, नपुं०, रेशमी चादर ।

कठल, नपुं०, ठीकरे ।

कठित, नपुं, उबाला हुआ ।

कठिन, १. वि०, मुश्किल; २. नपुं०, प्रतिवर्ष भिक्षुओं को दिया जाने वाला चीवर-विशेष ।

कठिनत्थार, पु०, कठिन चीवर का भेंट करना ।

कड्ढति, क्रिया, खींचता है ।

कड्ढन, नपुं०, खींचना, चूसना ।

कण, पु०, (चावल के टूटे) कण ।

कणय, पु०, बर्छी ।

कणवीर, पु०, करवीर, एक विषैला पौधा ।

कणवेर जातक, सामा नामक राज्य-गणिका द्वारा मृत्यु-दण्ड को प्राप्त कैदी को मुक्त कराने का प्रयत्न किया गया (३१८) ।

कणाजक, नपुं०, टूटे चावलों की खिचड़ी ।

कणिका, स्त्री०, कणिका ।

कणिकार, पु०, फूलदार वृक्ष-विशेष ।

कणेरिक, नपुं०, झोंपड़ी ।

कणिट्ठ, वि०, छोटा ।

कणिट्ठक, पु०, छोटा भाई ।

कणिट्ठा, स्त्री०, छोटी बहन ।

कणेरू, पु०, हाथी; स्त्री०, हथिनी ।

कण्टक, नपुं०, काँटा ।

कण्टक-अपस्सय, पु०, काँटों का बिस्तरा ।

कण्टकाधान, नपुं०, काँटों की झाड़ी ।

कण्टकीफल, पु०, कटहल ।

कण्ठ, पु०, गला ।

कण्ठज, वि०, गले से उच्चारित ।

कण्ड, पु०, १. परिच्छेद, २. तीर ।

कण्डक, वि०, सुरक्षित ।

कण्डर, नपुं, प्रधान शिरा।
कण्डरा, स्त्री०, पुट्ठा।
कण्डरि जातक, रानी किन्नरा के एक कोढ़ी पर आसक्त हो जाने की कथा (३१८)
कण्डिन जातक, एक मृग के एक मृगी पर आसक्त होने की कथा (१३)।
कण्डु, स्त्री०, खाज, खुजली।
कण्डुति, स्त्री०, खाज, खुजली।
कण्डूवति, क्रिया, खुजलाता है।
कण्डोलिका, स्त्री०, टोकरी।
कण्ण, नपुं०, कान।
कण्ण-कटुक, वि०, सुनने में अप्रिय।
कण्ण-गूथ, नपुं०, कान का मैल।
कण्ण-छिद्द, नपुं०, कान का छेद।
कण्ण-छिन्न, वि०, कान कटा।
कण्ण-जप्पक, वि०, कानाफूसी करने वाला।
कण्ण-जलूका, स्त्री०, कान-खजूरा।
कण्ण-भुसा, स्त्री०, कर्णाभूषण।
कण्ण-मूल, नपुं०, कान की जड़।
कण्ण-विज्झन, नपुं०, कान का बींधना।
कण्ण-वेठन, नपुं०, कान का आभरण-विशेष।
कण्ण-सक्खलिका, स्त्री०, कान का बाह्य भाग।
कण्ण-सुख, वि०, सुनने में सुखद।
कण्ण-सूल, नपुं०, कान का दर्द।
कण्णधार, नौका की पतवार पकड़ने वाला।
कण्णिका, स्त्री०, शिखर, कान का आभरण।
कण्ह, वि०, कृष्ण, काला; पु०, काला रंग।
कण्ह-जातक, कृष्ण-तपस्वी की कथा (४४०)।
कण्ह-तुण्ड, पु०, बन्दर।
कण्ह-दीपायन जातक, कोसाम्बी के दीपायन तथा मण्डव्य नामक दो ब्राह्मणों की कथा (४४४)।
कण्ह-पक्ख, पु०, महीने का कृष्ण-पक्ष।
कण्ह-वत्तनी, पु०, आग।
कण्ह-विपाक, वि०, दुष्परिणाम।
कण्ह-सप्प, पु०, काला साँप।
कत, कृदन्त, कृत।
कत-कल्याण, वि०, शुभ-कर्मी।
कत-किच्च, वि०, कृत-कृत्य, जो करणीय कर चुका।
कतञ्जली, वि०, जिसने दोनों हाथ जोड़ रखे हों।
कतञ्ञुता, स्त्री०, कृतज्ञता।
कतञ्ञू, वि०, कृतज्ञ।
कत-पटिसंथार, वि०, जिसका स्वागत हुआ हो।
कत-परिचय, वि०, अभ्यस्त, परिचित।
कत-पातरास, वि०, जिसने प्रातःकाल का भोजन किया हो।
कत-पुञ्ञ, वि०, जिसने पुण्य किये हों।
कत-भत्तकिच्च, वि०, जिसने भोजन समाप्त कर लिया।
कत-वेदी, वि०, कृतज्ञ।
कत-सङ्गह, वि०, जिसे आतिथ्य प्राप्त हुआ।
कत-सङ्केत, वि०, कृत-संकेत।
कताधिकार, वि०, जिसने कोई संकल्प-विशेष किया हो।
कतापराध, वि०, दोषी।
कताभिसेक, वि०, जिसका अभिषेक

हुआ हो ।
कतत्त, नपुं०, कर्तव्य ।
कतम, वि०, कौन-सा ।
कतमत्ते, अधिकरण, ज्यों ही कोई कार्य सम्पन्न हुआ ।
कतर, वि०, दोनों में से कौनसा ।
कति, अव्यय, सर्वनाम, कितने ।
कति-वस्स, वि०, कितने वर्ष का ।
कतिविध, वि०, कितने प्रकार का ।
कतिका, स्त्री०, वार्तालाप ।
कतिकावत्त, नपुं०, निश्चय, करणीय ।
कतिपय, वि०, कुछ, कई ।
कतिपाह, नपुं०, कुछ दिन ।
कतिपाहं, क्रि० वि०, कुछ दिन के लिए ।
कतिमि, वि०, कौन-सी तिथि ।
कतुपासन, वि०, धनुपविद्या में चतुर ।
कतूपकार, वि०, उपकृत ।
कते, क्रि० वि०, उसके लिए ।
कतोकास, वि०, आज्ञा-प्राप्त, अवसर-प्राप्त ।
कत्तब्ब, कृदन्त, कर्तव्य ।
कत्तर, वि०, बहुत छोटा ।
कत्तर-दण्ड, पु०, सैर करने की लाठी ।
कत्तर-यट्ठि स्त्री०, सैर करने की लाठी ।
कत्तर-सुप्प, पु०, छोटा छाज ।
कत्तरिका, स्त्री०, कैंची ।
कत्तिक मास, पु०, कार्तिक मास ।
कत्तिका, स्त्री०, कृत्तिका नक्षत्र ।
कत्तु, पु०, कर्ता, लेखक, वाक्य का कर्ता-अंश ।
कत्तु-काम वि०, करने की इच्छा वाला ।
कत्तुं, करने के लिए ।
कत्थ, क्रि० वि०, कहाँ ।
कत्थचि, अव्यय, कहीं न कहीं ।
कत्थति, क्रिया, शेखी मारता है ।
कत्थन, नपुं०, प्रशंसा ।
कत्थना, स्त्री०, शेखी ।
कत्थी, वि०, शेखी मारने वाला ।
कथुहिका, स्त्री०, कस्तूरी ।
कथं, क्रिया-विशेषण, कैसे ।
कथंकथा, स्त्री०, सन्देह ।
कथंकथी, वि०, सन्देही ।
कथंकर, वि०, कैसी क्रिया ।
कथं-भूत, वि०, कैसा, किस प्रकार का ।
कथं-विध, वि०, किस प्रकार का ।
कथंसील, वि०, कैसे शील का ।
कथन, नपुं०, बातचीत, कहना ।
कथा, स्त्री०, बातचीत, कहानी ।
कथापाभत, नपुं०, कथा का विषय ।
कथामग्ग, पु०, कथा का वर्णन ।
कथावत्थु, नपुं०, विवाद का विषय ।
कथा-वत्थु, अभिधम्म के सात प्रकरणों में से पाँचवाँ ग्रन्थ ।
कथा-सल्लाप, पु०, मैत्री-पूर्ण बातचीत ।
कथापेति, क्रिया, कहलवाता है, सन्देश भेजता है ।
कथित, कृदन्त, कहा गया ।
कथेति, क्रिया, कहता है ।
कथेत्वा, पूर्व० क्रिया, कहकर ।
कदन्न, नपुं०, खराब अन्न ।
कदम्ब, पु०, वृक्ष-विशेष ।
कदम्बक, नपुं०, समूह ।
कदर, पु०, वृक्ष-विशेष; वि०, खराब हालत वाला ।
कदरिय, वि०, कंजूस ।
कदलि, स्त्री०, केले का पेड़ ।

कदलि-फल, नपुं०, केले का फल ।
कदलि-मिग, पु०, मृग-विशेष, जिसकी चमड़ी मूल्यवान् मानी जाती है ।
कदा, क्रि० वि०, कब ।
कदाचि-करहचि, अव्यय, कभी-कभी ।
कद्दम, पु०, कर्दम, कांदो ।
कद्दम-बहुल, वि०, जहाँ कीचड़ का बाहुल्य हो ।
कद्दमोदक, नपुं०, मटमैला पानी ।
कनक, नपुं०, सोना ।
कनकच्छवि, वि०, सुनहरी चमड़ी ।
कनकप्पभा, स्त्री०, स्वर्ण-प्रभा ।
कनक-विमान, नपुं०, सुनहरा महल ।
कनय, पु०, आयुध-विशेष ।
कनिट्ठ, नपुं०, छोटा भाई ।
कनिट्ठा, स्त्री०, सबसे छोटी लड़की ।
कनिय, वि०, छोटा ।
कनीनिका, स्त्री०, आंख का तारा ।
कन्त, वि०, प्रियकर, अनुकूल; पु०, पति, प्रियतम ।
कन्तति, क्रिया, कातता है, काटता है ।
कन्तन, नपुं०, कताई, काट ।
कन्ता, स्त्री०, औरत, पत्नी ।
कन्तार, पु०, जंगल, वियाबान ।
कन्तार-नित्थरण, नपुं०, रेगिस्तान में से गुज़रना ।
कन्ति, स्त्री०, कान्ति, शोभा ।
कन्तित, कृदन्त, काटा गया ।
कन्तिमत्त, वि०; चलता हुआ ।
कन्थक, वह घोड़ा जिस पर बैठकर सिद्धार्थ-गौतम ने महाभिनिष्क्रमण किया था ।
कन्द, पु०, कन्द-मूल ।
कन्दगलक जातक, खदिरवनिय नामक कठफोड़े तथा कन्दगलक नामक उसके मित्र की कथा (२१०) ।
कन्दति, क्रिया, चिल्लाता है, रोता है, पश्चाताप करता है ।
कन्दन्त, कृदन्त, रोता हुआ ।
कन्दर, पु०, कन्दरा ।
कन्दरा, स्त्री०, गुफा ।
कन्दुक, पु०, गेंद ।
कपण, वि०, दरिद्र; पु०, भिखमंगा ।
कपल्लक, नपुं०, चूल्हे का तवा ।
कपल्लक-पूव, पु०, तवे का पुआ ।
कपाल, नपुं०, खोपड़ी ।
कपि, पु०, बंदर ।
कपिकच्छ, नपुं०, वृक्ष-विशेष, केवांच ।
कपि जातक, एक वन्दर तपस्वी का भेप वनाये आ पहुँचा (२५०) ।
कपि जातक, एक वन्दर ने पुरोहित के मुंह में विष्ठा गिरा दी (४०४)।
कपिञ्जल, पु०, तीतर की जाति का एक पक्षी ।
कपित्थ, पु०, कैथ ।
कपिल, वि०, १. भूरा, २. ऋषि का नाम ।
कपिलवत्थु, शाक्यों की राजधानी कपिलवस्तु ।
कपिला, स्त्री०, शीशम का पेड़ ।
कपिसीस, पुं०, अर्गल-स्तम्भ ।
कपोत, पु०, कबूतर ।
कपोत जातक, कौवे ने मांस-लोभ से पिंजरे में रहने वाले कबूतर से दोस्ती की (४२) ।
कपोत जातक, बहुत कुछ उक्त जातक के समान ही (३७५) ।
कपोत-पालिका, स्त्री०, चिड़िया-

खाना।

कपोल, पु०, गाल।

कप्प, पु०, कल्प; वि०, योग्य, अनुकूल।

कप्पक, पु०, नाई, राजमहल का कर्मचारी।

कप्पक्खय, पुं०, कल्प का क्षय।

कप्पट्ठायी, वि०, कल्पस्थायी।

कप्प-रुक्ख, पु०, कल्प-वृक्ष।

कप्प-विनास, पु०, कल्प के अन्त में संसार का विनाश।

कप्पट, पु०, पुराना कपड़ा, चीथड़ा।

कप्पति, क्रिया, योग्य होता है।

कप्पना, स्त्री, व्यवस्थित करना।

कप्पबिन्दु, भिक्षु के चीवर पर बना हुआ काला निशान।

कप्पर, पु०, कोहनी।

कप्पास, नपुं०, कपास।

कप्पास-पटल, कपास की तह।

कप्पासिक, वि०, रुई का बना।

कप्पासी, पु०, कपास का पौधा।

कप्पिक, वि०, कल्प सम्बन्धी।

कप्पित, कृदन्त, तैयार किया हुआ।

कप्पिय, वि०, योग्य, उचित।

कप्पिय-कारक, पु०, जो व्यक्ति भिक्षुओं की उचित आवश्यकताएँ पूरी करता है।

कप्पिय-भाण्ड, नपुं०, वे बर्तन जिनका उपयोग भिक्षुओं के लिए विहित है।

कप्पुर, नपुं०, कपूर।

कप्पूर, पु०, कपूर।

कप्पेति, क्रिया, तैयार करता है, काटता है, बनाता है, (जीवन) व्यतीत करता है।

कप्पेत्वा, पूर्व० क्रिया, तैयारी कर, काट-कर।

कबर, वि०, चितकबरा।

कबरमणि, नपुं० तथा पु०, लहसुनिया रत्न।

कबल, पु० तथा नपुं०, कौर।

कबलिकार, पु०, मुंह भरा कौर।

कबलिकाराहार, पु०, भोजन।

कब्ब, नपुं०, काव्य, काव्यात्मक रचना।

कम, पु०, क्रम।

कमति, क्रिया, जाता है।

कमण्डलु, पु० तथा नपुं०, कमण्डल।

कमनीय, वि०, वाञ्छनीय, सुन्दर, आकर्षक।

कमल, नपुं०, कँवल।

कमल-दल, नपुं०, कँवल की पंखुड़ी।

कमलासन, पु०, कँवल पर आसन लगाये बैठा ब्रह्मा।

कमलिनी, स्त्री०, कँवल का तालाब या झील।

कमितु, नपुं०, कामुक।

कमुक, पु०, सुपारी का पेड़।

कम्पक, वि०, कँपा देने वाला।

कम्पति, क्रिया, काँपता है।

कम्पमान, कृदन्त, काँपता हुआ।

कम्पित, कृदन्त, काँप उठा।

कम्पिय, वि०, जो कँपाया जा सके, हिलाया जा सके।

कम्पेति, क्रिया, कँपाता है।

कम्पेत्वा, पूर्व० क्रिया, हिलाकर।

कम्बल, नपुं०, कंबल।

कम्बली, वि०, कंबल वाला।

कम्बु, पु० तथा नपुं०, स्वर्ण, शंख।

कम्बुगीव, वि०, त्रि-रेखा युक्त गर्दन वाला ।

कम्बोज, पु०, देश-विशेष का नाम ।

कम्म, नपुं०, कर्म, कार्य ।

कम्म-कर, कम्मकार, पु०, कर्मकार, मजदूर ।

कम्म-करण, नपुं०, परिश्रम, मज़दूरी ।

कम्म-कारणा, स्त्री०, शारीरिक-दण्ड !

कम्म-क्खय, पु०, पूर्व जन्म के कर्मों का क्षय ।

कम्मज, वि०, कर्म से उत्पन्न ।

कम्मजात, नपुं०, नाना प्रकार के कर्म ।

कम्म-दायाद, वि०, कर्म का उत्तराधिकारी ।

कम्म-नानत्त, नपुं०, कर्मों का नानाविध होना ।

कम्म-निब्बत्त, वि०, कर्मों के द्वारा उत्पन्न ।

कम्म-पथ, पु०, कर्म-मार्ग ।

कम्म-प्पच्चय वि०, कर्माधारित ।

कम्म-फल, नपुं०, कर्म-फल, कर्म का परिणाम ।

कम्म-बन्धु, वि०, कर्म ही जिसका बन्धु हो ।

कम्म-बल, नपुं०, कर्म ही जिसका बल हो ।

कम्म-योनि, वि०, कर्म से ही जिसकी उत्पत्ति हुई हो ।

कम्म-वाद, पु०, कर्मों और उनके फलों का मानना ।

कम्म-वादी, वि०, कर्म-वादी ।

कम्म-विपाक, पु०, कर्मों का फल ।

कम्म-वेग, पु०, कर्मों का वेग ।

कम्म-समुट्ठान, वि०, कर्मोत्पन्न ।

कम्म-सम्भव, वि०, कर्मों से उत्पन्न ।

कम्म-सरिक्खक, वि०, कर्मों के सदृश विपाक ।

कम्म-स्सक, वि०, कर्म ही जिसका अपना-आप है ।

कम्मयूहन, नपुं०, कर्मों की ढेरी ।

कम्म-उपचय, पु०, कर्मों का संग्रह ।

कम्मज-वात, पु०, प्रसव-वेदना ।

कम्मञ्ञ, वि०, कमाया हुआ (चमड़ा) ।

कम्मञ्ञता, स्त्री०, कमाया हुआ होने का भाव ।

कम्मट्ठान, नपुं०, ध्यान का विषय, जिस पर चित्त एकाग्र किया जाता है ।

कम्मट्ठानिक, पु०, योगाभ्यास करने वाला ।

कम्मधारय, पु०, कर्मधारय समास ।

कम्मन्त, नपुं०, काम, कारोबार ।

कम्मन्तट्ठान, नपुं०, कारोबार की जगह ।

कम्मन्तिक, वि०, मजदूर ।

कम्मप्पत्त, वि०, ऐसे भिक्षु जो विनय-कर्म करने के लिए एकत्र हुए हों ।

कम्मवाचा, स्त्री०, विनय-कर्म का पाठ ।

कम्मस्सामी, पु०, कारोबार का स्वामी ।

कम्माधिट्ठायक, पु०, कारोबार का निरीक्षक ।

कम्मानुरूप, वि०, कर्मानुसार ।

कम्मार, पु०, लोहार या सुनार ।

कम्मारभण्ड, नपुं०, लोहार का सामान।
कम्मार-साला, स्त्री०, लोहार या सुनार की काम करने की जगह।
कम्मारम्भ, पु०, कार्य-विशेष का आरम्भ करना।
कम्मारह, वि०, काम के योग्य।
कम्माराम, वि०, कार्य में रस लेना।
कम्मारामता, स्त्री०, दुनियावी कार्यों में मन लगे रहने का भाव।
कम्मास, वि०, चितकबरा, बेमेल।
कम्मास-दम्म, कुरुओं का एक नगर, जहाँ भगवान बुद्ध एक से अधिक वार ठहरे और जहाँ उन्होंने महासतिपट्ठान-सुत्त सदृश महत्त्वपूर्ण सूत्रों का उपदेश दिया।
कम्मिक, कम्मी, पु०, करने वाला, मजदूर।
कम्यता, स्त्री०, इच्छा।
कय, पु०, क्रय, खरीद।
कय-विक्कय, पु०, क्रय-विक्रय।
कय-विक्कयी, पु०, व्यापारी।
कयिक, पु०, खरीदार।
कर, पु०, १. हाथ, २. किरण, ३. टैक्स, ४. हाथी का सूण्ड।
करक, पु०, अनार; नपुं०, जल-पात्र।
करका, स्त्री०, ओले।
करग्ग, हाथ का सिरा।
करज, पु०, हाथ का नाखून।
करजकाय, पु० गन्दा शरीर।
करञ्ज, पु०, करंजुआ।
करतल, नपुं०, हाथ की हथेली।
कर-पुट, पु०, जुड़े हुए हाथ।
कर-भुसा, स्त्री०, हाथ का आभरण, पहुँची, बाजूबंद।
करण, नपुं०, १. करना, बनाना, २. उत्पत्ति।
करणत्थ, पु०, साधन बनने का भाव।
करणविभत्ति, स्त्री०, तीसरी विभक्ति।
करणीय, वि०, कर्तव्य।
करण्डक, पु०, टोकरी, पिटारी।
करभ, पु०, १. ऊँट, २. कलाई।
करमद्द, पु०, करमर्दक।
करमर, पु०, क़ैदी।
करमरानीत, वि०, युद्ध-वन्दी।
करवीक, पु०, कोयल।
करवीक-भाणी, वि०, स्पष्ट तथा मधुर स्वर वाला।
करसाखा, स्त्री० अंगुली।
करहाट, नपुं०, कन्द, जड़।
करिसापण्ण, पु०, कार्षापण।
करी, पु०, हाथी।
करीयति, क्रिया, किया जाता है।
करीयमान, कृदन्त, किया जाता हुआ।
करीर, पु०, ककच।
करीस, नपुं०, गोबर, गुंह।
करीस-मग्ग, पु०, गुदा।
करुणं, क्रि० वि०, करुणा-पूर्वक।
करुणा, स्त्री०, दया।
करुणायति, क्रिया, दया अनुभव करता है।
करेणु, स्त्री०, हथिनी।
करेरि, पु०, वृक्ष-विशेष।
करोति, क्रिया, करता है।
करोन्त, कृदन्त, करते हुए।
कल, पु०, मधुर आवाज।
कलंक, पु०, चिह्न, दाग़, धब्बा।
कलण्डुक जातक, बनारस के एक सेठ के

पास कलण्डुक नाम का दास था। उसने जाली पत्र बना पड़ोसी प्रदेश के एक सेठ की लड़की से विवाह किया (१२७)
कलत्त, नपुं०, पत्नी।
कलन्दक, पु०, गिलहरी।
कलन्दक-निवाप, पु०, वेळुवन का वह स्थान जहाँ गिलहरियों को नियम से खाना मिलता था।
कलभ, पु०, हाथी का बच्चा।
कलल, नपुं०, कीचड़।
कलल-मक्खित, वि०, कीचड़ सना हुआ।
कलल-रूप, नपुं०, गर्भ की आरम्भावस्था।
कलविंक, पु०, चिड़िया।
कलस, नपुं०, कलश, जल-पात्र।
कलसिगाम, अलसन्दा (अलैक्ज़ैण्डरिया) द्वीप का वह स्थान, जहाँ मिलिन्द नरेश पैदा हुआ था।
कलह, पु०, झगड़ा।
कलह-कारक, वि०, झगड़ने वाला।
कलह-कारण, नपुं०, झगड़े का कारण।
कलह-सद्द, पु०, झगड़े की आवाज़।
कला, स्त्री०, सम्पूर्ण का एक भाग, कला-शिल्प।
कलाप, पु०, बण्डल, तरकश, महाभूतों के कणों का समूह।
कलापी, पु०, मोर, तरकश वाला।
कलायमुट्ठी जातक, एक वंदर की कथा, जिसने एक मटर के दाने के लिए मुट्ठी के सभी मटर गँवा दिये थे (१७६)।
कलि, पु०, हार, दुर्भाग्य, पाप, कष्ट।
कलिका, स्त्री०, फूल की कली।
कलिग्गह, पु०, हार का पाँसा।
कलियुग, पु०, सत-युग, त्रेता-युग आदि का अंतिम युग।
कलिङ्गर, पुं० तथा नपुं०, लट्ठा, लकड़ी का सड़ा हुआ लट्ठा।
कलिल, नपुं०, गहन।
कलीर, नपुं०, ताड़-वृक्ष के तने का कोमल भाग।
कलुस, नपुं०, कलुष, पाप-कर्म, अपवित्रता।
कलेवर, कळेवर, नपुं०, शरीर।
कल्याण, वि०, शुभ।
कल्याण-काम, वि०, भला चाहने वाला।
कल्याण-कारी, वि०, शुभ-कर्मी।
कल्याण-दस्सन, वि०, सुन्दर।
कल्याण-पटिभाण, वि०, शीघ्र-बोध।
कल्याण-मित्र, पु०, शुभचिंतक मित्र।
कल्याण-अज्झासय, वि०, शुभ-चेतना।
कल्याण-धम्म जातक, सास के बहरेपन के कारण बहू ने कुछ कहा और सास ने दूसरा ही समझा (१०१)।
कल्याणी, स्त्री०, १. सुन्दर स्त्री, २. लंका की एक नदी तथा एक नगरी।
कल्ल, वि०, दक्ष, योग्य, स्वस्थ।
कल्लता, स्त्री०, दक्षता।
कल्ल-सरीर, वि०, स्वस्थ शरीर वाला।
कल्लहार, नपुं०, श्वेत कँवल।
कल्लोल, पु०, तरङ्ग, बड़ी लहर।
कवच, पु०, ज़िरह-बख़्तर, सन्नाह।
कवंध, पु०, बिना सिर का धड़।
कवाट, पु० तथा नपुं०, खिड़की, दरवाज़े के किवाड़।

कवि, पु०, कवि, शायर ।

कविट्ठ, पु०, कैथ ।

कविता, स्त्री०, काव्य-कृति ।

कवित्त, नपुं०, कवित्व, कवि की अवस्था या काव्य-सामर्थ्य ।

कसट, पु०, कूड़ा-करकट, कसैला स्वाद ।

कसति, क्रिया, हल चलाता है ।

कसन, नपुं०, हल चलाना ।

कसंत, **कस्समान**, कृदन्त, हल चलाता हुआ ।

कसम्बु, पु०, कूड़ा-करकट ।

कसम्बु-जात, वि०, कूड़े-करकट में से उत्पन्न ।

कसा, स्त्री०, चाबुक ।

कसाहत, वि०, चाबुक के आघात प्राप्त ।

कसाय, नपुं०, दुछान्दा ।

कसाव, पु० तथा नपुं०, १. कसैला स्वाद, २. कापाय-रंग ।

कसि, स्त्री०, कृषि, खेती-बाड़ी ।

कसि-कम्म, नपुं०, खेती ।

कसि-भण्ड, नपुं०, कृषि के औज़ार ।

कसि-भारद्वाज, कसि-भारद्वाज गोत्र का एक ब्राह्मण, जो दक्षिणगिरि के एकनाळ में रहता था। बुद्धत्व-प्राप्ति के ग्यारहवें वर्ष में उसकी भगवान् बुद्ध से भेंट हुई थी ।

कसिण, वि०, कृत्स्न, समस्त नपुं०, चित्त एकाग्र करने का साधन ।

कसिण-परिकम्म, नपुं०, योगाभ्यास की पूर्व-तैयारी ।

कसिण-मण्डल, नपुं०, योगाभ्यास के लिए कागज़ या दीवार पर खींचा गया चक्र ।

कसितट्ठान, नपुं०, हल चलाई हुई भूमि ।

कसित्वा, पूर्व० क्रिया, हल चलाकर ।

कसिर, वि०, कठिन, नपुं०, कठिनाई ।

कसिरेन, क्रि० वि०, कठिनाई से ।

कस्मीर, उत्तर-भारत का प्रदेश । आधुनिक काश्मीर ।

कस्सक, पु०, कृषक, किसान ।

कस्सति, क्रिया, खींचता है ।

कस्सपमन्दिय जातक, वृद्धों की तरुणों के साथ सहनशीलता का वर्ताव करने की शिक्षा (३१२) ।

कहं, क्रि० वि०, कहाँ ।

कहापण, नपुं०, स्वर्ण-मुद्रा, कार्षापण ।

कहापणक, नपुं०, दण्ड-विधान, जिसमें अपराधी के मांस के कार्षापणों के समान छोटे-छोटे टुकड़े कर दिये जाते थे ।

काक, पु०, कौआ, राजा चण्ड प्रद्योत का अति शीघ्र चलने वाला दास ।

काक-पाद, कौवे का पाँव, क्रॉस-चिह्न ।

काक-पेय्य, वि०, लबालब भरा हुआ, ताकि कौवा भी पी सके ।

काक-वर्ण, वि०, कौवे के रंग का ।

काक-जातक, राजपुरोहित स्नान करके लौट रहा था। कौवे ने उस पर बीट कर दी। राजपुरोहित ने क्रुद्ध हो सभी कौवों को मरवा डालना चाहा (१४०) ।

काक-जातक, कौवा तथा उसकी कौवी शराब पीकर मस्त हो गये। कौवी को समुद्र की लहर बहा ले गई। कौवे का विलाप सुन सभी कौवे समुद्र के शत्रु बन बैठे (१४६) ।

काक-जातक, लोभी कौवे ने मांस-लोभ

से पिंजरे में रहने वाले कबूतर से दोस्ती की और रसोई के हाथ पड़ जान गँवाई ।
काकच्छति, क्रिया, नाक बजाता है।
काकणिका, स्त्री०, काकणी, कौड़ी ।
काकतालीय, नपुं०, काकतालीय-न्याय, अकस्मात् घटित ।
काकतिन्दुक, पु०, काकतिन्दुक ।
काकपक्ख, पु०, बालों का गुच्छा, शिखा ।
काकली, स्त्री०, धीमा स्वर ।
काकसूर, वि०, कौवे की तरह शूर, निर्लज्ज ।
काकाति जातक, बनारस के राजा की काकाति नामक पटरानी पर गरुड़ मोहित हो गया और उसे उड़ा ले गया (३२७) ।
काकी, स्त्री०, कौवी ।
काकोल, काकोळ, पु०, काला कौवा, जंगली कौआ ।
काच, पु०, काँच ।
काच-तुम्ब, पु०, काँच की बोतल ।
काचमय, वि०, काँच-निर्मित ।
काज, पु०, बहँगी ।
काज-हारक, पु०, बहँगी ढोने वाला ।
काट, पु०, पुरुषेन्द्रिय ।
काण, वि०, काना, एक आँख का अंधा ।
कातब्ब, नपुं०, कर्तव्य ।
कातर, वि०, दुखी, दरिद्र ।
कातवे, कातुं, करने के लिए ।
कातुकाम, वि०, करने की इच्छा वाला ।
कादम्ब, पु०, बत्तख-विशेष ।
कानन, नपुं०, जंगल ।
कापिलवत्थव, वि०, कपिलवस्तु का ।
कापुरिस, पु०, घृणित व्यक्ति ।
कापोतक, वि०, कबूतर के समान सफ़ेद ।
कापोतिका, स्त्री०, एक तरह की शराब ।
काम, पु०, कामना, कामुकता ।
काम-गिद्ध, इन्द्रिय-सुख का लोभी ।
काम-गुण, इन्द्रिय सुख ।
काम-गेध, इन्द्रिय-सुख के प्रति आसक्ति ।
कामच्छन्द, कामुकता ।
काम-तण्हा, काम-तृष्णा ।
काम-दद, वि०, इच्छित वस्तु का देना ।
काम-धातु, इच्छा-लोक ।
काम-पङ्क, इच्छाओं का कीचड़ ।
काम-परिळाह, पु०, काम-ज्वर ।
काम-भव, पु०, कामनाओं का संसार ।
काम-भोगी, वि०, इन्द्रिय-सुख का भोगने वाला ।
काम-मुच्छा, स्त्री०, काम-मूर्च्छा ।
काम-रति, स्त्री०, कामुकता का आनन्द ।
काम-राग, पु०, काम-चेतना ।
काम-लोक, पु०, कामनाओं का लोक ।
काम-वितक्क, पु०, कामनाओं सम्बन्धी विचार ।
काम-संकप्प, पु०, कामनाओं के सम्बन्ध में संकल्प-विकल्प ।
काम सञ्ञोजन, नपुं०, कामनाओं के बन्धन ।
काम-सुख, नपुं०, कामेन्द्रिय-जनित सुख ।

काम-सेवना, स्त्री०, मैथुन-धर्म का सेवन ।

काम जातक, राजकुमार की कामना उत्तरोत्तर बढ़ गई (४६७) ।

कामनीत जातक, बहुत कुछ काम जातक के समान ही (२२८) ।

कामता, स्त्री०, आकांक्षा, इच्छा ।

कामी, कामेन्द्रिय सुखों के साधनों से सम्पन्न ।

कामुक, वि०, रागी ।

कामेति, क्रिया, इच्छा करता है ।

कामेतब्ब, कृदन्त, इच्छा किये जाने के योग्य ।

काय, पु०, ढेर, संग्रह, शरीर ।

काय-कम्म, नपुं०, शारीरिक कर्म ।

काय-कम्मञ्ञता, स्त्री०, शरीर की कमनीयता (कमाया हुआ होना) ।

काय-गत, वि०, शरीर-सम्बन्धी ।

काय-गन्थ, पु०, शारीरिक बंधन ।

काय-गुत्त, वि०, शरीर से संयत ।

काय-डाह, पु०. शरीर-ज्वर ।

काय-दरथ, पु०, शारीरिक कष्ट ।

काय-दुच्चरित, नपुं०, शारीरिक दुश्चरित्र ।

काय-द्वार, नपुं० शारीरिक इन्द्रियां ।

काय-धातु, स्त्री०, स्पर्शेन्द्रिय ।

कायप्पकोप, पु०, शारीरिक दुष्कर्म ।

कायप्पचालकं, क्रि० वि०, शरीर का हिलना-डोलना ।

काय-पटिबद्ध, वि०, शरीर से सम्बन्धित ।

काय-प्पयोग, पु०, शारीरिक साधन ।

काय-परिहारिक, वि० शरीर का पालन ।

काय-प्पसाद, पु०, स्पर्शेन्द्रिय का स्पष्ट बोध ।

काय-प्पसद्धि, स्त्री०, इन्द्रियों की शान्ति ।

काय-पागब्भिय, नपुं०, शारीरिक प्रगल्मता, शारीरिक असंयम ।

काय-बंधन, नपुं०, कमर की पट्टी ।

काय-बल, नपुं० शारीरिक-बल ।

काय-मुदुता, स्त्री०, इन्द्रियों की कोमलता ।

काय-लहुता, स्त्री०, इन्द्रियों का हलकापन ।

काय-वङ्क, पु०, टेढ़े कार्य ।

काय-विकार, पु०, संकेत ।

काय-विञ्ञत्ति, स्त्री०, शारीरिक सूचना ।

काय-विञ्ञाण, नपं०, स्पर्श द्वारा चेतना ।

काय-विञ्ञेय्य, वि०, स्पर्श द्वारा जानने योग्य ।

काय-विवेक, पु०, शारीरिक एकान्त ।

काय-वेय्यावच्च, नपुं०, शारीरिक सेवा-कार्य ।

काय-संसग्ग, पु०, शारीरिक संसर्ग ।

काय-सक्खी, वि०, शरीर से सत्य का साक्षात्-कृत ।

काय-संखार, पु०, शरीर का सूक्ष्म स्वरूप ।

काय-समाचार, पु०, सदाचरण ।

काय-सम्फस्स, पु०, स्पर्शेन्द्रिय ।

काय-सुचरित, नपुं०, शारीरिक सदाचरण ।

काय-सोचेय्य, नपुं०, शारीरिक पवित्रता ।

कायविच्छिन्द जातक, धार्मिक जीवन विताने का संकल्प करने पर पीलिका रोग चला गया (२९३)।
कायिक, वि०, शारीरिक।
कायिक-दुक्ख, नपुं०, शारीरिक वेदना।
कायुजुकता, स्त्री०, शरीर का सीधापन।
कायूपग, वि०, शरीर से आसक्त, नया जन्म ग्रहण करने वाला।
कायूर, नपुं०, बाजूबंद।
कार, पु०, क्रिया, कर्म, सेवा। (रथ-) कार; वि०, रथ बनाने वाला।
कारक, पु०, कर्ता, करने वाला। व्याकरण में कर्ता-कारक आदि 'कारक'।
कारण, नपुं०, हेतु। कारणा, अपादान (कारक), हेतु से। किं कारणा, किस हेतु से, क्यों?
कारण्डिय जातक, बिना किसी की योग्यता-अयोग्यता परखे हर किसी को उपदेश देने वाले आचार्य की कथा (३६६)।
कारणा, स्त्री०, यातना, शारीरिक दण्ड।
कारणिक, पु०, यातना देने वाला।
कारवेल्ल, पुं०, कारवेल्लक।
कारा, स्त्री०, जेल।
काराघर, नपुं०, जेलखाना।
कारापक, पु०, कराने वाला।
कारापिका, स्त्री०, कराने वाली।
कारापन, नपुं०, करवाना।
कारापित, कृदन्त, करवाया गया।
कारापेति, क्रिया, करवाता है।
कारा-भेदक, वि०, जेल से भाग आने वाला।
कारिका, स्त्री०, व्याख्या।
कारिय, नपुं०, कार्य, कर्तव्य।
कारी, पु०, करने वाला।
कारुञ्ञ, नपुं०, करुणा।
कारुणिक, वि०, दयालु।
कारेति, क्रिया, करवाता है।
काल, पु०, समय।
कालस्सेव, समय रहते।
कालेन, ठीक समय पर।
कालेन कालं, समय-समय पर।
कालं करोति, मर जाता है।
कालं कत, (कृदन्त), मर गया।
काल-किरिया, स्त्री०, मृत्यु।
काल-कण्णी, पु०, मनहूस।
काल-पवेदन, नपुं०, समय की सूचना।
काल-वादी, वि०, समयोचित बोलने वाला।
कालञ्ञू, वि०, (उचित) समय का जानकार।
कालंतर, नपुं०, व्यवधान, समय-विभाग।
कालिक, वि०, समय सम्बन्धी।
कालिङ्ग, पूर्व-भारत का एक जनपद।
कालुसिय, नपुं०, मैल (कालुष्य)।
काव्येय्य, नपुं०, काव्य।
कास, पु०, नरकट, तपेदिक (रोग)
कासाय, कासाव, नपुं०, काषाय-वस्त्र; वि०, काषाय-वर्ण युक्त।
कासि, सोलह जनपदों में से एक। इसकी राजधानी वाराणसी थी।
कासिक, वि०, काशी का, काशी में निर्मित।

कासु, स्त्री०, गड्ढा ।
काळ, वि०, काला ।
काल, पु० काला रंग ।
कूट, पु०, हिमालय पर्वत का एक शिखर ।
काळ-केस, वि०, काले बाल वाला ।
काळ-तिपु, नपुं०, काला सीसा ।
काळ-पक्ख, पु०, कृष्ण-पक्ष ।
काळ-लोण, नपुं०, काला नमक ।
काळ-सीह, पु०, काला सिंह ।
काळ-सुत्त नपुं०, काला सूत्र ।
काळ-हंस, पु०, काला हंस ।
काळक, वि०, काला (चिह्न); नपुं०, धव्वा, धान में काला दाना ।
काळकण्णी जातक, अनाथ पिण्डक के काळकण्णी मित्र की कथा के समान (८३) ।
काळबाहु-जातक, काळ-बाहु बन्दर की कथा (३२९) ।
काळाम, गोत्र-विशेष । काळामों को ही भगवान् बुद्ध ने प्रसिद्ध काळाम-सुत्त का उपदेश दिया था ।
काळायस, नपुं०, काला लोहा (ताँबा) ।
काळावक, पु०, एक प्रकार का हाथी ।
कालिंग-बोधि-जातक, कालिंग-नरेश के दो पुत्रों की कथा (४७९) ।
कासाव जातक, काषाय वस्त्र के कारण हाथी ने दुष्ट आदमी को क्षमा कर दिया (२२१) ।
किकी, पु०, नील-कण्ठी; स्त्री० मुर्गी ।
किंकर, पु०, नोकर, सेवक ।
किंकिणी, स्त्री०, छोटी घंटी, घुंघरू ।
किंकिणिक-जाल, नपुं०, घुंघरुओं की जाली ।
किच्च, नपुं०, कृत्य ।
किच्चकारी, वि०, अपना कर्तव्य निभाने वाला ।
किच्चाकिच्च, नपुं०, कृत्य तथा अकृत्य, करणीय तथा अकरणीय ।
किच्छ, वि०, कठिन, दुखद; नपुं०, कठिनाई, दुःख ।
किच्छति, क्रिया, कष्ट पाता है ।
किंचन, नपुं०, कुछ, सांसारिक आसक्ति; वि०, तुच्छ ।
किंचापि, अव्यय, कुछ भी, कैसे भी, कितना भी, लेकिन ।
किंचि, अव्यय, कुछ ।
किंचिक्ख, नपुं०, तुच्छ ।
किंजक्ख, पु० तथा नपुं०, रेणु ।
किट्ठ, नपुं०, उगता हुआ धान ।
किट्ठाद, वि०, धान खाने वाला ।
किट्ठा-सम्बाध-समय, पु०, खेती पक जाने का समय ।
किणन्त, कृदन्त, खरीदते हुए ।
किणित्वा, पूर्व० क्रिया, खरीदकर ।
किण्ण, कृदन्त, विखरा हुआ; नपुं०, खमीर ।
कितव, पु०, ठग ।
कित्तक, सर्वनाम, कितना, किस सीमा तक, कितने ।
कित्तन, नपुं०, कीर्तन, प्रशंसा, स्तुति ।
कित्तावता, क्रि० वि०, कहाँ तक, किस सम्बन्ध में ।
कित्ति, स्त्री०, कीर्ति, प्रसिद्धि ।
कित्ति-घोस, **कित्ति-सद्द**, पु०, यश ।
कित्ति-मन्तु, वि०, यशस्वी ।
कित्तिम, वि०, कृत्रिम ।

कित्तेति, क्रिया, प्रशंसा करता है।
किन्नर, पु०, पक्षी-विशेष, जंगल में रहने वा ी जाति-विशेष।
किन्नरी, स्त्री०, किन्नर-स्त्री।
किपिल्लिका, स्त्री०, चींटी।
किब्बिस, नपुं०, अपराध।
किब्बिसकारी, पु०, अपराधी।
किमि. पु०, कीड़ा, कृमि।
किमि-कुल, नपुं०, कीड़ों का समूह।
किमक्खायी, वि०, किस उपदेश का उपदेष्टा।
किमत्थं, क्रि० वि०, किस लिए।
किमत्थिय, वि०, किस उद्देश्य से।
किमपक्क-फल, नपुं०, आम की शक्ल का ज़हरीला फल।
किम्पुरिस, देखो, किन्नर।
किंसुकोपम जातक, बुद्ध द्वारा चार भिक्षुओं को चार भिन्न-भिन्न कर्म-स्थान दिये गये चारों ने अर्हत्व-लाभ किया (२४८)।
किंच्छन्द जातक, रिशवत लेने वाले न्यायाधीश पुरोहित की कथा (५११)।
किर, अव्यय, वास्तव में।
किरण, पु० तथा नपुं०, (सूर्य या चन्द्र की) किरण।
किरति, क्रिया, बिखेरता है।
किरात, पु०, जंगली जाति-विशेष।
किरिय, नपुं०, क्रिया।
किरियवाद, पु०, कर्म-फल में विश्वास।
किरिय-वादी, पु०, कर्म-फल में विश्वासी।
किरीट, नपुं०, राज-मुकुट।
किलञ्जा, स्त्री०, चटाई।
किलन्त, कृदन्त, थका हुआ।
किलमति, क्रिया, थकता है।
किलमथ, पु०, थकावट।
किलमन्त, कृदन्त, थकता हुआ।
किलमित, कृदन्त, थका हुआ।
किलमेति, क्रिया, थकाता है।
किलास, पु०, छूत का रोग, कोढ़।
किलिट्ठ, कृदन्त, मैला।
किलिन्न, कृदन्त, भीगा।
किलिस्सति, क्रिया, दाग लगता है, अशुद्ध होता है।
किलिस्सन, नपुं०, मैला होना, दाग़ लगना।
किलेस, पु०, कामुकता।
किलेसक्खय, कामुकता का क्षय।
किलेसप्पहाण, कामुकता का नाश।
किलेस-वत्थु, नपुं०, आसक्ति के पात्र।
किलेसेति, क्रिया, धब्बा या दाग लगाता है।
किलोमक, नपुं०, फुप्फुस का आवरण।
किस, वि०, कृश, दुबला-पतला।
किं, सर्वनाम, क्या।
को, पु०, कौन पुरुष।
का, स्त्री०, कौन स्त्री।
कं, नपुं०, किस वस्तु को।
किं कारणा, क्रि० वि०, किस कारण से।
किंवादी, वि०, किस मत का।
कीट, पु०, कीड़ा।
कीत, कृदन्त, खरीदा हुआ।
कीदिस, वि०, कैसा।
कीर, पु०, तोता।
कील, पु०, खूंटा।
कीव, अव्यय, कितना, कब तक।

कीवतिक, वि०, कितने। कितना।
कीळति, क्रिया, खेलता है।
कीळनक, नपुं०, खिलौना।
कीळना, केळी, स्त्री०, क्रीड़ा, विनोद।
कीळा, स्त्री०, क्रीड़ा।
कीळा-गोलक, नपुं०, खेलने की गेंद।
कीळा-पसुत, वि०, खेल में लगा हुआ।
कीळा-भण्डक, नपुं०, खिलौना।
कीळा-मण्डल, नपुं०, क्रीड़ा-भूमि।
कीळा-पनक, वि०, खिलाड़ी; नपुं० खिलौना।
कीळापेति, क्रिया, खिलाता है।
कीळित, कृदन्त, खेला हुआ।
कुकुत्थक, पु०, एक प्रकार का पक्षी।
कुक्कु, पु०, हाथ भर का माप।
कक्कु जातक, राजा ब्रह्मदत्त (बनारस) को समझाने के लिए दी गई अनेक उपमाओं से युक्त कथा (३९६)।
कुक्कुच्च, नपुं०, कौकृत्य, पश्चात्ताप।
कुक्कुचायति, क्रिया, पश्चात्ताप करता है।
कुक्कुट, पु०, मुर्गा।
कुक्कुट-जातक, एक बिल्ली ने एक मुर्गे की पत्नी बनने की बात बना उसे ठगना चाहा। वह उसमें असफल हुई (३८३)।
कुक्कुट जातक, एक बाज ने एक मुर्गी को ठगना चाहा (४४८)।
कुक्कुटी, स्त्री०, मुर्गी।
कुक्कुर, पु०, कुत्ता।
कुक्कुर-वतिक वि०, कुक्कुर-व्रती।
कुक्कुर-जातक, बनारस के राजा ने अपने कुत्तों के अपराध के कारण सभी दूसरे निरपराध कुत्तों को भी मरवाने की आज्ञा दी (२२)।
कुक्कुळ, पु०, गर्म राख।
कुंकुम, नपुं०, केसर।
कुच्छि, पु०, पेट।
कुच्छिट्ठ, वि०, कुच्छि-स्थित।
कुच्छि-दाह, पु०, पेट की जलन।
कुच्छित, कृदन्त, कुत्सित, घृणित।
कुज, पु०, वृक्ष-विशेष, मङ्गल-ग्रह।
कुज्झति, क्रिया, क्रोधित होता है।
कुज्झन, नपुं०, क्रोध।
कुज्झित्वा, पूर्व० क्रिया, क्रुद्ध होकर।
कुञ्चनाद, पु०, क्रौञ्च-नाद, हाथी की चिंघाड़।
कुञ्चिका, स्त्री०, चाबी।
कुञ्चिका-विवर, नपुं०, चाबी का छेद।
कुञ्चित, कृदन्त, मुड़ा हुआ।
कुञ्ज, नपुं०, घाटी, लताओं आदि से ढका स्थान।
कुञ्जर, पु०, हाथी।
कुट, पु० तथा नपुं०, जल-पात्र।
कुटज, पु०, औषध-विशेष, बूटी-विशेष (कुरैया)।
कुटि, स्त्री०, झोंपड़ी।
कुटि दूसक जातक, बये ने बरसात में भीगे बन्दर को उपदेश दिया। बन्दर ने बये का घोंसला ही उजाड़ दिया (३२१)।
कुटिल, वि०, टेढ़ा।
कुटिलता, स्त्री०, टेढ़ापन।
कुटुम्ब, नपुं०, परिवार।
कुटुम्बिक, पु०, परिवार का मुखिया।
कुट्ठ, नपुं०, कुष्ठ, एक पौधा-विशेष।

कुट्ठी, पु०, कोढ़ी ।
कुठारी, स्त्री०, कुल्हाड़ी ।
कुडुब, पु०, कुडव ।
कुडुमल, पु०, कोंपल, मुकुल ।
कुड्ड, नपुं०, दीवार ।
कुणप, पु०, लाश ।
कुणप-गन्ध, पु०, लाश की सड़ांध ।
कुणाल, पु०, कोयल ।
कुणाल-जातक, कोयलों के कुणाल नाम के राजा की कथा (५३६) ।
कुणी, पु०, लंगड़ा ।
कुण्ठ, वि०, भोथरा ।
कुण्ठेति, क्रिया, कुण्ठित कर देता है ।
कुण्डक, चावलों के भीतर से प्राप्त चूर्ण ।
कुण्डक-पूव, कुण्डक के बने पूए ।
कुण्डल, नपुं०, कान की बाली ।
कुण्डल-केस, वि०, घुंघराले बाल ।
कुण्डली, वि०, जिसके कान में कुण्डल हो या जिसके बाल घुंघराले हों ।
कुण्डिका, स्त्री०, कूण्डी, मिट्टी का जल-पात्र ।
कुतूहल, नपुं०, उत्तेजना, कौतूहल ।
कुतो, क्रि० वि०, कहाँ से ?
कुत्त, नपुं०, आचरण, नखरा ।
कुत्तक, नपुं०, बड़ा गलीचा ।
कुत्ति, स्त्री०, सजावट ।
कुत्थ, कुत्र, क्रि० वि०, कहाँ ?
कुथित, कृदन्त, उबाला गया ।
कुदस्सु, अव्यय, कब ?
कुदाचन, कुदाचनं, अव्यय, कभी, किसी समय ।
कुद्दाल, पु०, कुदाली ।
कुद्दाल जातक, कुद्दाल पण्डित अपनी कुदाली के प्रति असीम आसक्ति के कारण छह बार गृहस्थ बना और गृहस्थी के झंझटों के कारण छह बार साधु (७०) ।
कुद्ध, कृदन्त, क्रुद्ध ।
कुदरूसक, पु०, धान्य-विशेष ।
कुन्त, पु०, बर्छी, पक्षी-विशेष ।
कुन्तनी, स्त्री०, सारस, बगुला ।
कुन्तनी जातक, लड़कों ने बगुली के दो बच्चे मरवा डाले । बगुली ने शेर को कहकर लड़कों को मरवा डाला और स्वयं हिमालय की ओर चली गई (३४३) ।
कुन्तल, पु०, केश-राशि ।
कुन्थ, पु०, चींटी-विशेष ।
कुन्द, नपुं०, जूही के समान सफेद फूल ।
कुन्नदी, स्त्री०, छोटी नदी ।
कुपथ, पु०, कुमार्ग ।
कुपित, कृदन्त, क्रुद्ध ।
कुपुरिस, पु०, दुष्ट आदमी ।
कुप्प, वि०, अस्थिर, चञ्चल ।
कुप्पति, क्रिया, क्रोधित होता है, उत्तेजित होता है ।
कुप्पन, नपुं०, उत्तेजना, क्रोध ।
कुब्बति, क्रिया, करता है ।
कुब्बनक, नपुं०, छोटा जंगल ।
कुब्बन्त, कृदन्त, करता हुआ ।
कुब्बर, गाड़ी के पहियों की धुरी ।
कुमति, स्त्री०, मिथ्या दृष्टि ।
कुमार, पु०, लड़का ।
कुमार-कीळा, स्त्री०, कुमार-क्रीड़ा ।
कुमार-पञ्ह, खुद्दक-निकाय (सुत्त-पिटक) का चौथा परिच्छेद । सात वर्ष के सोपाक अर्हत् से पूछे गये

प्रश्न ।
कुमारिका, स्त्री०, कुंवारी ।
कुमुद, नपुं०, श्वेत कँवल ।
कुमुद-णाल, नपुं०, श्वेत कँवल की नलिका ।
कुमुद-वण्ण, वि०, श्वेत कुंवल के वर्ण का ।
कुम्भ, पु०, घड़ा ।
कुम्भक, नपुं०, जहाज का मस्तूल ।
कुम्भकार, पु०, कुम्हार ।
कुम्भकार जातक, वोधिसत्व के कुम्हार की योनि में उत्पन्न होने पर गृह-त्याग की कथा (४०८) ।
कुम्भकार-साला, स्त्री०, बर्तन बनाने का स्थान ।
कुम्भ-दासी, स्त्री०, पानी लाने वाली दासी ।
कुम्भ-जातक, शराब के आरम्भ की कथा (५१२) ।
कुम्भण्ड, पु०, दिव्य-लोक के प्राणी-विशेष, नपुं०, कद्दू ।
कुम्भी, स्त्री०, वर्तन ।
कुम्भील, पु०, मगरमच्छ ।
कुम्म, पु०, कछुआ ।
कुम्मग्ग, पु०, कुमार्ग ।
कुम्मास, पु०, कुल्माष ।
कुम्मासपिण्ड-जातक, कुल्माष-पिण्ड के दान की कथा (४१५)।
कुर, नपुं०, भात ।
कुरण्डक, पु०, एक पोधा, जिसमें फूल लगते हैं ।
कुरर, पु०, कुररी, मछली खाने वाला पक्षी-विशेष ।
कुरुंग, पु०, मृगों की एक जाति ।
कुरुंग-मिग-जातक, शिकारी ने कुरुंग-मृग को छलकर मारना चाहा । वह उसके छल को भाँप गया (२१) ।
कुरुंग-मिग-जातक, मृग, कठफोड़े तथा कछुवे की कथा (२०६) ।
कुरु-धम्म-जातक, पंचशील अथवा कुरु-धम्म के पालन से जनपद समृद्ध हो गया (२७६) ।
कुरुमान, कृदन्त, करते हुए ।
कुरु-रट्ठ, उत्तर-भारत का कुरु राष्ट्र ।
कुरूर, वि०, क्रूर, अत्याचारी ।
कुल, नपुं०, परिवार, जाति ।
कुल-गेह, नपुं०, माता-पिता का घर ।
कुलङ्गार, पु०, कुल-विनाशक ।
कुल-तन्ति, स्त्री०, कुल-परम्परा ।
कुल-दूसक, पु०, कुल की वदनामी करने वाला ।
कुल-धीता, स्त्री०, कुल की बेटी ।
कुल-पुत्त, पु०, कुल-पुत्र ।
कुल-वंस, नपुं०, वंश-परम्परा ।
कुलटा, स्त्री०, कुलटा नारी ।
कुलत्थ, पु०, पोधा-विशेष ।
कुल-पालिका, स्त्री०, कुल-स्त्री, कुल का पालन करनेवाली ।
कुलल, पु०, वाज, गीध ।
कुलाल, पुं०, कुम्हार ।
कुलाला-चक्क, नपुं० कुम्हार का चाक ।
कुलावक-जातक, गाँव के उनतीस परिवारों के मुखिया के रूप में मघ की समाज-सेवा की कथा (३१) ।
कुलिस, नपुं०, वज्र (इन्द्रायुध), गदा ।

कुलीर, पु०, केकड़ा।

कुलूपग, वि०, परिवार-विशेष से सुपरिचित।

कुल्ल, पु०, वेड़ा।

कुवलय, नपुं०, जल-कँवल।

कुवेर, पु०, यक्षाधिपति।

कुस, पु०, कुश (दर्भ)।

कुसग्ग, नपुं०, कुश का सिरा।

कुसचीर, नपुं०, कुश-निर्मित पहनावा।

कुस जातक, स्त्री के प्रति आसक्त हुए एक भिक्षु को सावधान करने के लिए कही गई कथा (५३१)।

कुसल, नपुं०, कुशल-कर्म; वि०, शुभ (कर्म)।

कुसल-चेतना, स्त्री०, शुभ-चिंतन।

कुसल-धम्म, पु०, कुशल-धर्म, शेष दो हैं अकुशल-धर्म तथा अव्याकृत-धर्म।

कुसल-विपाक, शुभ-कर्मों का फल।

कुसलता, स्त्री०, कुशलता।

कुसा, स्त्री०, नाक की नकेल।

कुसि, पु०, चीवर के अङ्ग।

कुसीनारा, मल्लों की राजधानी।

कुसीत, वि०, आलसी।

कुसीतता, स्त्री०, आलस्य।

कुसुम, नपुं०, फूल।

कुसुमित, वि०, पुष्पित।

कुसुब्भ, नपुं०, छोटा तालाब।

कुसुम्भ, नपुं०, केशर।

कुसूल, पु०, धान्यागार।

कुसेसय, नपुं०, पद्म।

कुह, कुहक, वि०, ठग, ढोंगी।

कुहक जातक, तपस्वी ने धनी गृहस्थ का सोना हड़प जाना चाहा (८९)।

कुहण, नपुं०, ढोंग।

कुहणा, स्त्री०, ढोंग।

कुहर, नपुं०, सुराख, छिद्र।

कुहिं, क्रि० वि०, कहाँ।

कुहेति, क्रिया, ठगता है।

कूजति, क्रिया, कूजता है।

कूजन, नपुं०, पक्षियों की आवाज।

कूजंत, कृदन्त, कूजता हुआ।

कूट, वि०, मिथ्या।

कूट-गोण, पु०, दुष्ट बैल।

कूट-अट्ट, नपुं०, झूठा मुक़द्दमा।

कूट-अट्टकारक, पु०, झूठा मुक़द्दमा दायर करनेवाला।

कूट-जटिल, पु०, ढोंगी तपस्वी।

कूट-वाणिज, पुं०, ठग व्यापारी।

कूट वाणिज जातक, पण्डित तथा अपण्डित नाम के दो व्यापारियों की कथा (९८)।

कूट वाणिज जातक, एक सदगृहस्थ ने एक व्यापारी को अपने लोहे के हल सुरक्षित रखने के लिए दिये। वापिस माँगने पर उसका वह मित्र बोला, चूहे खा गये (२१८)।

कूटागार, नपुं०, शिखर वाला भवन।

कूप, पु०, कुआँ।

कूपक, पु०, मस्तूल।

कूल, नपुं०, किनारा।

केका, स्त्री०, मोर की आवाज।

केणि(नि)पात, पु०, नौका का चप्पु।

केतकी, स्त्री०, पौधा-विशेष, जिसके पत्ते काँटेदार होते हैं।

केतन, नपुं०, पताका।

केतव, नपुं०, शठता।

केतु, पु०, झण्डा, पताका।

केतु-कम्यता, स्त्री०, प्रमुखता की कामना।

केतु-मन्तु, वि०, पताकाओं से सुसज्जित।

केतुं, क्रिया, खरीदने के लिए।

केदार पु० तथा नपुं०, खेत।

केदार-पाळि, स्त्री०, दो खेतों के बीच का बांध।

केयूर, नपुं०, बाजूबंद।

केय्य, वि०, खरीदने योग्य।

केराटिक, त्रि०, ठग, ढोंगी।

केराटिय, नपुं०, ठगी, ढोंग।

केलास, पु०, कैलास पर्वत।

केळि, स्त्री०, क्रीड़ा।

केळि सील जातक, हँसोड़ राजा को इन्द्र ने लोगों के परिहास का भाजन बनाया (२०२)।

केवट्ट, पु०, मछुवा।

केवल, वि०, एकान्त, समस्त।

केवल-कप्पं, वि०, लगभग सारा।

केवल-परिपुण्णं, वि०, सम्पूर्ण।

केवलि, वि०, सम्पूर्णता-प्राप्त, अर्हत्।

केस, पु०, सिर के बाल।

केसोहारक, पु०, नाई।

केस-कम्बल, नपुं०, बालों का बना कम्बल।

केस-कलाप, पु०, केश-गुच्छ।

केस-कल्याण, नपुं०, केशों का सौन्दर्य।

केस-धातु, स्त्री०, भगवान् बुद्ध की पवित्र केश-धातु।

केसर, नपुं०, रेणु, अयाल (पशुओं के कन्धे के बाल)।

केसर-सीह, पु०, केसरी (सिंह)।

केसव, वि०, केशों वाला।

केसव, पु०, केशव (वासुदेव कृष्ण)।

केसव जातक, तपस्वी को राज-वैद्य अच्छा न कर सके। वह अपने शिष्यों के बीच पहुँचकर बिना दवाई के ही अच्छा हो गया (३४६)।

केसोरोपन, नपुं०, बालों का काटना।

केसोहारण, नपुं०, बाल काटना।

को, पु०, कौन।

कोक, पु०, भेड़िया।

कोकनद, नपुं०, लाल कँवल।

कोकिल, पु०, कोयल।

कोचि, अव्यय, कोई।

कोच्छ, नपुं०, १. झाड़ू, २. कुर्सी, काउच।

कोज, पु०, कवच।

कोजव, पु०, गलीचा।

कोकालिक जातक, वाचाल नरेश को वाचालता के विरुद्ध दिया गया शिक्षण (३३१)।

कोञ्च, पु०, सारस।

कोञ्चनाद, पु०, हाथी की चिंघाड़।

कोट, नपुं०, शिखर।

कोटचिका, स्त्री०, चूत।

कोटि, स्त्री०, शिखर, करोड़।

कोटिप्पकोटि, स्त्री०, १०,०००, ०००,०००,०००, ०००, ०००, ०० संख्या।

कोटिप्पत्त, वि०, सिरे तक पहुँच गया, भली प्रकार समझ गया।

कोटिल्ल, नपुं०, कुटिलता, टेढ़ापन।

कोटिसिम्बलि जातक, गरुड़ ने नाग को पकड़ा। नाग वट-वृक्ष के गिर्द

लिपट गया। गरुड़ वट-वृक्ष को भी उखाड़ ले गया। (४१२)
कोटुम्बर, नपुं०, वस्त्र-विशेष।
कोट्टन, नपुं०, कूटना।
कोट्ठ, पु०, कोठा।
कोट्ठागार, नपुं०, धान्यागार।
कोट्ठागारिक, पु०, भाण्डागारिक।
कोट्ठासय, वि०, पेट में रहने वाला।
कोट्ठक, पु० तथा वि०, १. द्वार, २. छिपने का स्थान।
कोट्ठास, पु०, हिस्सा, भाग।
कोण, पु०, कोना, सिरा।
कोण्डञ्ञ, प्रसिद्ध ब्राह्मण-क्षत्रिय गोत्र।
कोतूहल, नपुं०, उत्तेजना, जिज्ञासा।
कोत्थु, कोत्थुक, पु०, गीदड़।
कोदण्ड, नपुं०, धनुष।
कोध, पु०, क्रोध, गुस्सा।
कोधन, वि०, असंयत चित्त।
कोप, पु०, क्रोध, गुस्सा।
कोपनेय्य, वि०, क्रोध उत्पन्न करनेवाला।
कोपी, वि०, क्रोधी।
कोपीन, नपुं०, लँगोटी।
कोपेति, क्रिया, क्रोध उत्पन्न करता है।
कोमल, वि०, नर्म।
कोमार, वि०. कुमार-सम्बन्धी।
कोमारभच्च, १. नपुं०, बच्चों की चिकित्सा, २. (राज-)कुमार द्वारा पोषित।
कोमाय-पुत्त जातक, कोमाय-पुत्त ने तपस्वियों का आश्रम हथिया लिया (२९९)।
कोमुदी, स्त्री०, चांदनी।
कोरक, पु० तथा नपुं०, कोंपल।
कोरब्य, कोरव्य, वि० कुरु-वंश का।
कोल, पु० तथा नपुं०, रसभरी।
कोलक, नपुं०, मिर्च।
कोलम्ब, पु०, बड़ा बर्तन।
कोलाप, पु०; खोखला पेड़।
कोलाहल, नपुं०, शोर-गुल।
कोलित, मौद्गल्यायन स्थविर का गृहस्थनाम।
कोलिय, शाक्यों के समान ही एक दूसरी जाति।
कोलेय्यक, वि०, अच्छी नस्ल का (विशेष रूप से कुत्तों की नस्ल)।
कोविद, वि०, यक्ष, पण्डित।
कोस, पु०, भण्डार, खजाना, म्यान।
कोसक, पु० तथा नपुं०, पानी पीने का पात्र।
कोसज्ज, नपुं०, आलस्य।
कोसम्बी, वत्स्य-देश की राजधानी।
कोसल, पु०, कोशल जनपद।
कोसल्ल, नपुं०, कुशलता।
कोसारक्ख, पु०, खजानची।
कोसिक, पु०, कौशिक, उल्लू।
कोसिनारक, वि०, कुसिनारा सम्बन्धी।
कोसिय जातक, ब्राह्मणी रोग का बहाना बना दिन-भर लेटी रहती और रात को मौज मनाती (१३०)।
कोसिय जातक, कौओं द्वारा उल्लू के आक्रान्त होने की कथा (२२६)।
कोसी, स्त्री०, म्यान।
कोसोहित, वि०, अण्डकोश से ढका हुआ।
कोहञ्ञ, नपुं०, ढोंग।

क्व, अव्यय, कहाँ ।

क्वचि, अव्यय, कहीं ।

ख

ख, कवर्ग का दूसरा अक्षर; नपुं०, आकाश ।

खग, पु०, पक्षी ।

खगन्तर, पु०, कठफोड़ा ।

खगादि, पु०, पक्षी ।

खगादिबन्धन, पु०, पक्षियों को फँसाने का जाल ।

खग्ग, पु०, तलवार ।

खग्ग-कोस, पु०, तलवार की म्यान (तलवार रखने का खाना) ।

खग्ग-गाहक, पु०, तलवार-धारी ।

खग्ग-तल, नपुं०, तलवार का फलक ।

खग्ग-धर, वि०, तलवार-धारी ।

खग्ग-विसाण, पु०, गेण्डा ।

खचति, क्रिया, जड़ता है, (अँगूठी में नगीना जड़ता है) ।

खज्ज, वि०, खाद्य, नपुं०, खाजा ।

खज्जकन्तर, नपुं०, नानाविध मिठाइयाँ ।

खज्जु, स्त्री०, खाज ।

खज्जूरी, स्त्री०, खजूर ।

खज्जोपनक, पु०, जुगनू ।

खञ्ज, वि०, लँगड़ा ।

खञ्जति, क्रिया०, लँगड़ाता है ।

खञ्जन, नपुं०, लँगड़ाना; पु०, खञ्जन पक्षी ।

खटक, पु०, मुट्ठी ।

खण, पु०, क्षण, अवसर ।

खणेन, क्रि० वि०, क्षण में ।

खणातीत, वि०, जो अवसर से चूक गया ।

खणति, क्रिया०, खोदता है ।

खणन, नपुं०, खोदना ।

खणिक, वि०, क्षणिक ।

खणित्ती, स्त्री०, खन्ति, कुदाल ।

खण्ड, पु०, हिस्सा, टुकड़ा ।

खण्ड-दन्त, वि०, टूटे दाँत वाला ।

खण्ड-फुल्ल, नपुं०, खँडहर ।

खण्डन, नपुं०, टूटना, टूटा हुआ होना ।

खण्डहाल जातक, रिश्वतखोर पुरोहित ने राजा के पुत्र की हत्या करानी चाही (५४२) ।

खण्डाखण्ड, वि०, टुकड़े-टुकड़े टूटा हुआ ।

खण्डिका, स्त्री०, टुकड़ा ।

खण्डिच्च, नपुं०, खण्डित होना ।

खण्डेति, क्रिया, टुकड़े-टुकड़े करता है ।

खत, कृदन्त, खोदा हुआ, घायल, चोट लगा हुआ ।

खत्त, नपुं०, शासन, अधिकार ।

खत्त-धम्म, क्षात्र-धर्म, राजनीति ।

खत्तिय, पु०, क्षत्रिय; वि०, क्षत्रिय-वर्ण का ।

खत्तिय-कञ्ञा, स्त्री०, क्षत्रिय-कन्या ।

खत्तिय-कुल, नपुं०, क्षत्रिय-कुल ।

खत्तिय-परिसा, स्त्री०, क्षत्रिय-परिषद् ।

खत्तिय-महासाल, पु०, धनी क्षत्रिय ।

खत्तिय-सुखुमाल, वि०, राजकुमार के

समान कोमल शरीरवाला ।
खत्तिया,खत्तियानी, स्त्री०, क्षत्रियाणी ।
खत्तु, पु०, सारथी, राजा का सलाह-कार ।
खदिर, पु०, बबूल ।
खदिरङ्गार, पु०, बबूल की लकड़ी के अँगारे ।
खदिरङ्गार जातक, सेठ ने जलते कोयलों के गड्ढे में गिर पड़ने का खतरा मोल लेकर भी दान देना चाहा (४०) ।
खन्ति, स्त्री०, सहनशीलता ।
खन्ति-बल, नपं०, सहन-शक्ति ।
खन्तिमन्तु, वि०, सहनशील ।
खन्तिक, वि०, मत-विशेष का [अञ्ञ-खन्तिक, अन्य मत का] ।
खन्ति-वण्ण जातक, एक राजदरबारी ने राजा के रनिवास में गड़बड़ी की और उसी राजदरबारी के नौकर ने अपने मालिक के घर में । राजा के सामने मामला पेश हुआ, तो राजा ने राजदरबारी को सहनशील बने रहने की सलाह दी (२२५) ।
खन्तिवादी जातक, कलाबु नाम के राजा ने तपस्वी के अंग-अंग कटवा दिये । तपस्वी ने क्षमाशीलता को सीमा पर पहुँचा दिया (३१३) ।
खन्तु, पु०, क्षमाशील ।
खन्ध, पु०, स्कन्ध, पेड़ का तना, ढेर, परिच्छेद, रूप-वेदनादि पाँच स्कन्ध ।
खन्ध-पञ्चक, रूप, वेदना संज्ञा, संस्कार और विज्ञान ।
खन्धक, पु०, विभाग, परिच्छेद ।
खन्धकोट्ठास, पु०, शरीर का भाग ।
खन्धदेस, नपुं०, आसन ।
खन्धवत्त जातक, नियमित मैत्री-भावना करने से सर्प-दंश से बचा रहा जा सकता है (२०३) ।
खन्धावार, पु०, छावनी ।
खम, वि०, क्षमाशील ।
खमति, क्रिया, क्षमा करता है ।
खमन, नपुं०, क्षमा ।
खमापन, नपुं०, क्षमा-याचना करना ।
खमापेति, क्रिया, क्षमा-याचना करता है ।
खमितब्ब, कृदन्त, क्षमा देने योग्य ।
खमित्वा, पूर्व०क्रिया, क्षमा देकर ।
खम्भकत, वि०, हाथों को कमर पर रखकर खंभे की तरह खड़ा हुआ ।
खय, पु०, क्षय, नाश ।
खयानुपस्सना, स्त्री०, संसार के क्षय-शील स्वभाव का ज्ञान ।
खर, वि०, कठोर, तेज, दुखद; पु० गदहा ।
खरपुत्तजातक, राजा ने गाँव के लड़कों से नाग की रक्षा की (३८६) ।
खरत्त, नपुं०, कठोरता ।
खरादिय जातक, भानजे मृग ने मामा से मृगों की प्राण-रक्षा की विधि नहीं सीखी (१५) ।
खल, नपुं०, खलिहान ।
खलग्ग, धान का भूसा निकालने का आरम्भ ।
खलति, क्रिया, स्खलित होता है, लड़-खड़ाता है ।
खलित, नपुं०, स्खलन, अपराध ।
खलीन, पु०, (घोड़े की) लगाम ।
खलु, अव्यय, वास्तव में ।

खलुङ्क, पु०, घटिया किस्म का घोड़ा ।
खल्लाट, वि०, खल्वाट, गंजा ।
खलोपि, स्त्री०, एक प्रकार का बर्तन ।
खळ, वि०, कठोर; पु०, दुष्ट पुरुष ।
खाणु, पु०, पेड़ का ठूंठ ।
खात, कृदन्त, खोदा हुआ ।
खादक, वि० खानेवाला ।
खादति, क्रिया, खाता है ।
खादन, नपुं०, खाना ।
खादनीय, वि०, खाने योग्य; नपुं०, मिठाई ।
खादापन, नपुं०, खिलाना ।
खादापित, कृदन्त, खिलाया गया ।
खादापेति, क्रिया, खिलाता है ।
खादित, कृदन्त, खाया गया ।
खादितब्ब, कृदन्त, खाने योग्य ।
खादितुं, खाने के लिए ।
खायति, क्रिया, प्रतीत होता है ।
खायित, वि०, खाया गया ।
खार, पु०, क्षार, खार ।
खारी, स्त्री०, वहंगी से लटकी हुई टोकरी, खरिया ।
खारी-काज, पु० तथा नपुं०, वहंगी की टोकरी तथा वहंगी ।
खालेति, क्रिया, धोता है, कुल्ला करता है ।
खिड्डा, स्त्री०, क्रीड़ा ।
खिड्डा-पदोसिक, वि०, खेल-कूद के कारण खराब हुआ ।
खिड्डा-रति, स्त्री०, क्रीड़ा में रत होना ।
खित्त, कृदन्त, फेंका हुआ ।
खित्त-चित्त, वि०, विक्षिप्त-चित्त ।
खिप, पु०, जाल, फैलाई गई वस्तु ।
खिपति, क्रिया, फैलाता है ।
खिपन, नपुं०, फेंकना, फैलाना ।
खिपित, कृन्दत, फेंका गया ।
खिप्प, वि०, शीघ्र, क्षिप्र ।
खिल, नपुं०, कठोरता ।
खीण, कृदन्त, क्षीण, क्षय-प्राप्त ।
खीण-मच्छ, वि०, मछलियों से रहित ।
खीण-बीज, वि०, पुनर्जन्म के बीज से रहित ।
खीणासव, वि०, जिसके, आस्रव अर्थात् चित्त-मैल क्षीण हो गये ।
खीयति, क्रिया, क्षय होता है, नष्ट होता है ।
खीर, नपुं०, क्षीर, दूध ।
खीरण्णव, पु०, श्वेत समुद्र, क्षीरार्णव ।
खीरपक, वि०, दूध चूसता हुआ ।
खीरोदन, नपुं०, दूध-भात ।
खील, पु०, कील, खूंटा ।
खुंसेति, क्रिया, गाली देता है ।
खुज्ज, वि०, कुबड़ा ।
खुदा, स्त्री०, क्षुधा, भूख ।
खुद्दक, वि०, छोटा, तुच्छ ।
खुद्दक-निकाय, पाँचों निकायों में से एक ।
खुद्दक-पाठ, खुद्दक-निकाय की पहली पोथी खुद्दक-पाठ ।
खुद्दा, स्त्री०, शहद की छोटी मक्खी, क्षुद्रा ।
खुद्दानुखुद्दक, वि०, छोटे-मोटे (नियम) ।
खुप्पिपासा, स्त्री० भूख और प्यास ।
खुभति, क्रिया, क्षुब्ध होता है ।

खुर, नपुं०, उस्तरा, पशु का खुर।
खुरग्ग, नपुं०, मुण्डन-संस्कार का स्थान।
खुर-कोस, पु०, उस्तरे का खोल।
खुर-चक्क, नपुं०, उस्तरे जैसा तेज चक्र।
खुर-धारा, स्त्री०, उस्तरे की धार।
खुर-भण्ड, नपुं०, नाई का सामान।
खुर-मुण्ड, मुँडा हुआ सिर।
खुरप्प, पु०, एक प्रकार का तीर।
खुरप्प जातक, जंगल में सार्थवाहों को रास्ता दिखाते समय डाकुओं ने आक्रमण किया (२६५)।
खेट, ढाल।
खेटक, ढाल।
खेत्त, नपुं०, खेत, क्षेत्र।
खेत्तोपम, नपुं०, क्षेत्र के समान।
खेत्त-कम्म, नपुं०, खेत में काम।
खेत्त-गोपक, पु०, खेत का रखवाला।
खेत्त-सामिक, पु०, खेत का स्वामी।
खेत्ताजीव, पु०, किसान।
खेद, पु०, अफसोस।
खेप, पु०, फेंक।
खेपक, पु०, धनुर्धारी।
खेपन, नपुं०, काल-क्षेप।
खेपेति, क्रिया, काल-क्षेप करता है।
खेम, वि०, क्षेम, शान्ति।
खेमट्ठान, नपुं०, शान्ति-स्थान।
खेमप्पत्त, वि०, क्षेम-प्राप्त।
खेम-भूमि, स्त्री०, कल्याण-भूमि।
खेमी, पु०, सुखपूर्वक रहने वाला।
खेळ, पु०, थूक।
खेळ-मल्लक, पु०, थूकदान, पीकदान।
खेळ-सिंघानिका, स्त्री०, थूक-सींढ।
खेळासिक, वि०, थूक चाटने वाला (अपशब्द)।
खो, अव्यय, वास्तव में।
खोभ, पु०, क्षोभ।
खोम, नपुं. सन का कपड़ा।
ख्यात, वि०, प्रसिद्ध।
ख्यापन, नपुं०, प्रसिद्धि।

ग

गगन, नपुं०, आकाश।
गगन-गामी, वि०, नभ-चर, आकाश में विचरने वाला।
गग्ग-जातक, छींकने पर 'दीर्घायु हो' कहना अनिवार्य। न कह सकने पर यक्ष का आहार बनना पड़ता था (१५५)।
गग्गरा, स्त्री०, एक झील का नाम।
गग्गरायति, क्रिया, गर्जता है।
गग्गरी, स्त्री०, लोहार की धौंकनी।
गङ्गा, स्त्री०, नदी, गङ्गा-नदी।
गङ्गा-तीर, नपुं०, गङ्गा-तट।
गङ्गा-द्वार, नपुं०, नदी के समुद्र में गिरने की जगह।
गङ्गा-धार, पु०, गङ्गा की धारा।
गङ्गा-पार, नपुं०, गङ्गा का दूसरा तट।
गङ्गा-सोत, पु०, गङ्गा का स्रोत।
गङ्ग-माल जातक, उपोसथ-व्रतधारी नोकर निराहार रहकर मर गया (४२१)।

गङ्गेय्य, वि०, गङ्गा सम्बन्धी ।
गच्छ, पु०, पौधा, (गाछ) ।
गच्छति, क्रिया, जाता है ।
गज, पु०, हाथी ।
गज-कुम्भ, पु०, हाथी का सिर ।
गज-पोतक, पु०, हाथी का बच्चा ।
गज्जति, क्रिया, गर्जना करता है ।
गज्जना, स्त्री०, गर्जना ।
गज्जित, कृदन्त, गर्जित ।
गज्जितु, पु०, गरजने वाला ।
गण, पु०, समूह, दल, (भिक्षु-) संघ ।
गण-पूरक, वि०, जिससे गण-पूर्ति हो ।
गण-पूरण, नपुं०, गण-पूर्ति ।
गण-बंधन, नपुं०, सहयोग ।
गण-सङ्गणिका, स्त्री०, मण्डली में रहने की इच्छा ।
गणक, पु०, हिसाब-किताब रखने वाला, मुनीम ।
गणनपथातीत, वि०, गिनती से बाहर ।
गणना, स्त्री०, संख्या ।
गणाचरिय, पु०, अनेकों का शिक्षक ।
गणारामता, स्त्री०, मण्डली-प्रेम ।
गणिका, स्त्री०, वेश्या ।
गणिकण्टक, पु०, बारहसिंगा ।
गणित, कृदन्त, गिना गया, गणित-शास्त्र ।
गणी, पु०, जिसके अनुयायी हों ।
गणेति, क्रिया, गिनता है ।
गण्ठि, स्त्री०, ग्रन्थि ।
गण्ठिका, स्त्री०, ग्रन्थि ।
गण्ठि-कासाव, नपुं०, ग्रन्थि-युक्त काषाय वस्त्र ।
गण्ठिट्ठान, नपुं०, कठिन स्थल ।
गण्ठिपद, नपुं०, ग्रन्थि-पद, कठिनाई से समझ में आने वाला पद ।
गण्ठिपास, पु०, बेड़ी ।
गण्ड, पु०, फोड़ा ।
गण्डक, वि०, फोड़े वाला; पु०, गैंडा ।
गण्डम्ब, श्रावस्ती के द्वार पर स्थित आम्र-वृक्ष, जिसके नीचे भगवान् बुद्ध ने यमक-पाटिहारिय नाम का चमत्कार दिखाया था ।
गण्डिका, स्त्री, भीतर से खोखला लकड़ी का लट्ठा, जिससे घण्टे बजाने का काम लिया जाता है ।
गण्डी, स्त्री, घंटा, जल्लाद का ब्लाक, फोड़ों वाला ।
गण्डुप्पाद, पु०, पृथ्वी का कीड़ा ।
गण्डूस, पु०, मुंह-भर, कौर ।
गण्हाति, क्रिया, ग्रहण करता है ।
गण्हापेति, क्रिया, ग्रहण कराता है ।
गण्हितुं, लेने के लिए ।
गत, कृदन्त, गया हुआ ।
गतक, पु०, संदेशवाहक ।
गतट्ठान, नपुं०, जाने की जगह ।
गतद्ध, वि०, जिसने अपना रास्ता पूरा कर लिया ।
गतद्धी, वि०, जिसने अपना रास्ता पूरा कर लिया ।
गतयोब्बन, वि०, जिसका यौवन चला गया ।
गति, स्त्री०, जाना ।
गतिमन्तु, वि०, दक्ष, होशियार ।
गत्त, नपुं०, शरीर, गात्र ।
गथित, कृदन्त, बंधा हुआ ।

गद, पु०, रोग, वाणी ।
गदति, क्रिया, बोलता है ।
गदा, स्त्री०, एक प्रकार का आयुध ।
गद्दुल, पु०, चमड़े का पट्टा ।
गद्दूहन, नपुं०, दुहना ।
गद्रभ, पु०, गधा ।
गधित, देखो गथित ।
गन्तब्ब, कृदन्त, जाने योग्य ।
गन्तु, पु०, जाने वाला ।
गन्तुं, जाने के लिए ।
गन्त्वा, पूर्वक्रिया, जाकर ।
गन्थ, पु०, ग्रन्थ ।
गन्थकार, पु०, ग्रन्थकार ।
गन्थधुर, नपुं०, पठन-पाठन का कार्य ।
गन्थप्पमोचन, नपुं०, बन्धन-मोक्ष ।
गन्थति, क्रिया, गांठ बाँधता है ।
गन्थन, नपुं०, ग्रन्थन, गाँठ बांधना ।
गन्थेति, क्रिया, गांठ बँधवाता है ।
गन्ध, पु० (सु)गन्ध ।
गन्ध-कुटि, स्त्री० भगवान् बुद्ध के रहने की कोठिरी ।
गन्ध-चुण्ण, नपुं०, सुगन्धितचूर्ण ।
गन्ध-जात, नपुं०, सुगन्धियों के प्रकार ।
गन्ध-तेल, नपुं०, सुगन्धित तेल ।
गन्ध-पञ्चङ्गुलिक, नपुं०, सुगन्धित तेल से सनी हुई पाँच अँगुलियों का निशान ।
गन्धब्ब, पु०, संगीतकार, जन्म ग्रहण करने वाला जीव, गन्धर्व ।
गन्धब्बाधिप, पु०, गन्धर्वों का प्रधान ।
गन्धमादन, पु०, हिमालय का एक पर्वत ।
गन्धवंस, वर्मा में लिखा गया एक पालि-ग्रन्थ । यह नन्दपञ्ञा आरण्यक की रचना माना जाता है ।
गन्ध-सार, पु०, चन्दन, चन्दन-वृक्ष ।
गन्धापण, पु०, सुगन्धित तेल बेचने वाले की दुकान । गन्धी की दुकान ।
गन्धार, सोलह जनपदों में से एक । वर्तमान कन्धार । इसकी राजधानी तक्षशिला थी ।
गन्धारी, स्त्री०, गन्धार से सम्बन्धित, जादू-टोना ।
गन्धिक, वि०, सुगन्धि वाला ।
गन्धी, वि०, सुगन्धि वाला ।
गन्धोदक, नपुं०, सुगन्धित जल ।
गब्बित, वि०, गर्वित, अहंकारी ।
गब्भ, पु०, अन्दरूनी भाग, गर्भ ।
गब्भ-गत, वि०, गर्भाधान हुआ ।
गब्भ-परिहरण, नपुं०, गर्भ-संरक्षण ।
गब्भ-पातन, नपुं, गर्भ-पात ।
गब्भ-मल, नपुं०, बच्चे के जन्म के समय उसके शरीर के साथ लगा हुआ घृणित अंश ।
गब्भ-वुट्ठान, नपुं०, प्रसव ।
गब्भर, नपुं०, गुफा ।
गब्भासय, पु०, बच्चादानी ।
गब्भिनी, स्त्री०, गर्भिणी स्त्री ।
गभीर, वि०, गहरा ।
गम, पु०, गमन, यात्रा ।
गमन, नपुं०, जाना ।
गमनन्तराय, पु०, गमन में बाधा ।
गमन-कारण, नपुं०, जाने का कारण ।
गमनागमन, नपुं०, जाना-आना ।
गमनीय, वि०, जाने योग्य ।
गमिक, वि०, जाने वाला ।
गमिक-वत्त, नपुं०, यात्रा की तैयारी ।
गमेति, क्रिया, भेजता है, समझता है ।

गम्भीर, वि०, गहरा ।
गम्भीरावभास, वि०, गम्भीरता की प्रतीति ।
गम्म, वि०, गँवार, ग्राम्य ।
गया, बोधि-वृक्ष तथा बनारस के बीच की सड़क पर स्थित प्रसिद्ध नगर ।
गया-सीस, गया के पास का एक पर्वत ।
गय्ह, वि०, ग्रहण करने योग्य ।
गय्हति, क्रिया, ग्रहण करता है ।
गरहति, क्रिया, दोष देता है, निन्दा करता है ।
गरहन, नपुं०, दोषारोपण ।
गरहित जातक, एक बंदर कुछ समय तक आदमियों में रहा । उसने जंगल में वापिस पहुँचकर अपने साथियों के सामने आदमियों के गर्हित जीवन का वर्णन किया (२१९) ।
गरही, पु०, दोषारोपण करने वाला ।
गरु, भारी, गम्भीर, सम्मान्य ।
गरु-कातब्ब, वि०, सम्मान के योग्य ।
गरु-कार, पु०, सम्मान ।
गरु-गब्भा, स्त्री०, गर्भिणी ।
गरुट्ठानीय, वि०, आचार्य ।
गरुक, वि०, भारी, गम्भीर ।
गरु करोति, क्रिया, आदर करता है ।
गरुत्त, नपुं०, गुरुत्व ।
गरुळ, पु०, एक काल्पनिक पक्षी ।
गल, पु०, गला ।
गलग्गाह, पु०, गले से पकड़ना ।
गल-नाळी, स्त्री०, गले की नाली ।
गलप्पमाण, वि०, गले तक ।
गल-वाटक, पु०, गले का घेरा ।
गलति, क्रिया, बहता है ।
गलित, कृदन्त, बहा हुआ ।
गव, पु०, वृषभ ।
गवक्ख, पु०, गवाक्ष झरोखा ।
गव-घातन, नपुं०, गो-हत्या ।
गव-पान, नपुं०, खीर (दूध-भात) ।
गवज, देखिये गवय ।
गवय, पुं०, नील गाय ।
गवि, पु०, हव्य-सामग्री, घी ।
गवेसक, वि०, खोजने वाला ।
गवेसति, क्रिया, खोजता है ।
गवेसन, नपुं०, गवेषणा ।
गवेसी, पु०, खोजने वाला ।
गह, पु०, जो ग्रहण करता है, ग्रह (मंगल ग्रह आदि); नपुं०, घर ।
गह-कारक, पु०, घर का निर्माता ।
गह-कूट, नपुं०, घर का शिखर ।
गहट्ठ, पु०, गृहस्थ ।
गहण, नपुं, ग्रहण करना ।
गहणिक, वि०, अच्छी पाचन-शक्ति वाला ।
गहणी, स्त्री०, पाचन-शक्ति ।
गहन, नपुं०, घना ।
गहनट्ठान, नपुं०, जंगल में ऐसा स्थान जहाँ घुसना दुष्कर हो ।
गहपतानी, स्त्री०, गृह-पत्नी ।
गहपति, पु०, गृहपति ।
गहपति जातक, एक गृहस्थ की पत्नी, गाँव के मुखिया से फँसी थी । गृहस्थ जान गया । उसने मुखिया को पीटा (१९९) ।
गहपति महासाल, पु०, धनी गृहपति ।
गहित, कृदन्त, गृहीत ।
गळगळायति, क्रिया, गल-गल शब्द

करते हुए बरसता है।
गळोचि, स्त्री०, गडुच।
गाथा, स्त्री०, दो पंक्तियों का छन्द-विशेष, त्रिपिटक के नौ अंगों में से एक।
गाध, वि०, गहरा; पु०, गहराई।
गाधति, क्रिया, दृढ़ (खड़ा) रहता है।
गान, नपुं०, गाना।
गाम, पु०, गांव, ग्राम।
गामक, पु०, एक छोटा गांव।
गाम-घात, पु०, गांव की लूट।
गाम-जेट्ठ, पु०, गांव का मुखिया।
गाम-दारक, पु०, गांव का लड़का।
गाम-दारिका, स्त्री, गांव की लड़की।
गाम-द्वार, नपुं०, गांव का दरवाजा।
गाम-धम्म, पु०, ग्राम्य-धर्म, मैथुन-धर्म।
गाम-भोजक, पु०, गांव का मुखिया।
गाम-वासी, पु०, ग्राम-वासी।
गाम-सीमा, स्त्री०, गांव की सीमा।
गामणी, पु०, गांव का मुखिया (ग्रामणी)।
गामणी-जातक, देखो संवर-जातक।
गामिक, पु०, ग्रामीण।
गामी, वि०, जाने वाला।
गायक, पु०, गाने वाला।
गायति, क्रिया, गाता है।
गायन, नपुं०, गाना।
गायिका, स्त्री०, गाने वाली।
गारय्ह, वि०, निन्दनीय।
गारव, पु०, गौरव।
गाळ्ह, वि०, मजबूत, कसा हुआ।
गावी, स्त्री०, गौ।
गावुत, नपुं०, गव्यूति, दूरी का माप।
गावो पु०, पशु।
गाह, पु०, १. पकड़, २. दृष्टि, ३. मत।
गाहक, वि०, लेने वाला, ग्रहण करने वाला, ग्राहक।
गाहति, क्रिया, भीतर जाता है, डुबकी लगाता है।
गाहन, नपुं०, भीतर जाना, डुबकी लगाना।
गाहपच्च, पु०, गार्हपत्य।
गाहापक, वि०, ग्रहण कराने वाला।
गाहापेति, क्रिया, ग्रहण करवाता है।
गाही, वि०, गाहक (ग्राहक)।
गाहेति, क्रिया, ग्रहण कराता है।
गिंगमक, नपुं०, आभरण-विशेष।
गिज्झ, पु०, गीध।
गिज्झ-कूट, राजगृह के पास गृध्र-कूट पर्वत।
गिज्झ जातक, कृतज्ञ गीधों ने जहां-तहां से लोगों के आभूषण आदि उठा-उठा लाकर सेठ के मकान में गिराने आरम्भ किये (१६४)।
गिज्झ जातक, सुपत्त गीध ने अपने पिता का कहना न मान जान गंवाई (४२७)।
गिज्झति, क्रिया, लोभ करता है।
गिञ्जका, स्त्री०, ईंट।
गिञ्जकावसथ, पु०, ईंटों का बना घर।
गिद्ध, कृदन्त, लुब्ध।
गिद्धि, स्त्री०, लोभ, आसक्ति।
गिद्धी, वि०, लोभी।
गिनि, पु०, अग्नि, आग।
गिम्ह, पु०, गरमी, ग्रीष्म ऋतु।

गिम्हान, पु०, ग्रीष्म-ऋतु।
गिम्हिक, वि०, ग्रीष्म ऋतु सम्बन्धी।
गिरग्ग समज्जा, स्त्री०, समय-समय पर मनाया जाने वाला पहाड़वाला उत्सव।
गिरा, स्त्री०, वाणी।
गिरि, पु०, पर्वत।
गिरि-गब्भर, नपुं०, पर्वत-गुफा।
गिरि-दन्त जातक, अपने शिक्षक को लँगड़ाता देख घोड़ा भी लँगड़ाने लगा (१८४)।
गिरिब्बज, मगधों की पूर्व राजधानी।
गिरि-राज, पु०, मेरु पर्वत।
गिरि-सिखर, नपुं०, गिरि-शिखर।
गिलति, क्रिया, निगल जाता है।
गिलन, नपुं०, निगलना।
गिलान, वि०, रोगी।
गिलान-पच्चय, पु०, रोगी का पथ्य।
गिलान-भत्त, नपुं०, रोगी का भोजन।
गिलान-साला, स्त्री०, रोगी-शाला।
गिलानालय, पु०, रोग का बहाना।
गिलानुपट्ठाक, पु०, रोगी-सेवक।
गिलानुपट्ठान, नपुं०, रोगी-सेवा।
गिलायति, क्रिया, रोगी होता है, दर्द करता है।
गिलित, कृदन्त, खाया हुआ।
गिही, बन्धन, नपुं०, गृही-बन्धन।
गिही-भोग, पु०, गृहस्थ के भोग।
गिही-ब्यञ्जन, नपुं०, गृहस्थ की विशेषताएँ।
गिही-संसग्ग, पु० गृहस्थों के साथ संसर्ग।
गीत, नपुं०, गाना।
गीत-रव, पु०, गीत की आवाज।
गीत-सद्द, पु०, गीत की आवाज।
गीवा, स्त्री०, गर्दन, ग्रीवा।
गीवेय्यक, नपुं०, गर्दन का गहना।
गुग्गुलु, पु०, गुग्गल।
गुञ्जा, स्त्री०, रत्ती-भर (तौल)।
गुण, पु०, सद्गुण या दुर्गुण, धागा। (दिगुण, दोहरा, द्विगुण)।
गुण-कथा, स्त्री० प्रशंसा।
गुण-कित्तन, नपुं०, आत्म-प्रशंसा।
गुण-गण, पु०, गुणों का समूह।
गुणवन्तु, वि०, गुणवान्।
गुणानुपेत, वि०, गुणी।
गुणहीन, वि०, गुण-रहित।
गुण-जातक, शेर को गीदड़ ने दलदल में से निकाला (१५७)।
गुणक, वि०, जिसके सिरे पर गाँठ हो।
गुण्ठिक, वि०, ढका हुआ।
गुण्ठिका, स्त्री०, धागे का गोला।
गुण्ठेति, क्रिया, लपेटता है।
गुण्डिक, देखो गुण्ठिक।
गुणेतर, दोष।
गुत्त, कृदन्त, संरक्षित।
गुत्त-द्वार, वि०, संयतेन्द्रिय।
गुत्ति, स्त्री०, संरक्षक।
गुत्तिक, पु०, चौकीदार।
गुत्तिल जातक, आचार्य गुत्तिल तथा उसके शिष्य मूसिल का मुकाबला (२४३)।
गुद, नपुं०, गुदा।
गुम्ब, पु०, झाड़ी।
गुम्बिय जातक, सार्थवाह ने अपने सार्थ को जंगल की कोई भी चीज बिना उससे पूछे खाने के लिए मना किया (३६६)।

गुय्ह, वि०, रहस्य, छिपाने योग्य ।

गुय्ह-भण्डक, नपुं०, पुरुष-लिङ्ग अथवा स्त्री-लिङ्ग ।

गुरु, पु०, शिक्षक ।

गुरु-दक्खिणा, स्त्री०, गुरु की दक्षिणा ।

गुहा, स्त्री०, गुफा ।

गुळ, नपुं०, गुड़, गोली, गेंद ।

गुळ-कीळा, स्त्री०, गोलियों की क्रीड़ा ।

गुळिका, स्त्री०, गोली ।

गूथ, नपुं०, गोबर, गूंह ।

गूथ-पाणक, पु०, गूंह में रहने वाला कीड़ा ।

गूथ-भक्ख, वि०, गूंह खाने वाला ।

गूथ-भाणी, पु०, बुरा बोलने वाला ।

गूथ-पाण जातक, गोबर के कीड़े ने शराब पी ली । उसे नशा चढ़ गया (२२७) ।

गूहति, क्रिया, छिपाता है ।

गूहन, नपुं०, छिपाव ।

गूहित, कृदन्त, छिपा हुआ ।

गूळ्ह, कृदन्त, छिपा हुआ ।

गेण्डुक, पु०, गेंद ।

गेध, पु०, लोभ ।

गेधित, कृदन्त, लुब्ध ।

गेय्य, वि०, गाने योग्य, त्रिपिटिक के नौ अंगों में से एक, गेय्य अंश ।

गेरुक, नपुं०, गेरू का रंग ।

गेलञ्ज, नपुं० रोग ।

गेह, पु०, तथा नपुं०, घर ।

गेहङ्गन, नपुं०, घर का आंगन ।

गेहजन, पु०, परिवार के सदस्य ।

गेहट्ठान, नपुं०, घर के लिए जगह ।

गेह-द्वार, नपुं०, घर का दरवाजा ।

गेह-निस्सित, वि०, घर पर आश्रित ।

गेहप्पवेसन, नपुं०, गृह-प्रवेश का संस्कार ।

गो, पु० तथा स्त्री०, गाय, बैल, सांड़, पशु ।

गो-कण्टक, नपुं०, पशुओं के खुर ।

गो-कुल, नपुं०, गो-घर, गो-शाला ।

गो-गण, पु०, पशु-समूह ।

गो-घातक, पु०, कसाई ।

गोकुलिक, वज्जिपुत्तकों का एक उप-भेद ।

गोचर, पु०, चरागाह ।

गोचर-गाम, पु०, भिक्षाटन-क्षेत्र ।

गोच्छक, पु०, गुच्छा ।

गोट्ठ, नपुं०, गौओं का बाड़ा ।

गोण, पु०, बैल, वृषभ ।

गोणक, पु०, एक प्रकार का बैल, ऊन का गलीचा ।

गोतम, वि०, गोतम-गोत्र सम्बन्धी, शाक्यों का गोत्र ।

गोतमी, स्त्री०, गोतम गोत्र की ।

गोत्त, नपुं०, गोत्र ।

गोत्रभू, एक पारिभाषिक शब्द । वह जो सांसारिक न रहा, बल्कि निर्वाण जिसका उद्देश्य हो गया हो ।

गोध जातक, तपस्वी ने गोह-मांस के लोभ से गोह की हत्या करनी चाही (१३८) ।

गोध-जातक, गोह-बच्चे ने गिरगिट-बालिका से यारी की (१४१) ।

गोध-जातक, गोह ने ढोंगी तपस्वी को आश्रम त्यागने पर मजबूर किया (३२५) ।

गोध-जातक, राजकुमार तथा उसकी

भार्या को शिकारियों ने गोह का मांस दिया (३३३)।
गोधा, स्त्री०, गोह।
गोधावरी, स्त्री०, दक्षिणापथ की एक नदी (गोदावरी)।
गोधूम, पु०, गेहूँ।
गोनस, पु०, विषैला सर्प।
गोपक, पु०, पहरेदार, चौकीदार।
गोपानसी, स्त्री०, कड़ियाँ।
गोपी, स्त्री०, ग्वाले या चरवाहे की स्त्री।
गोपुर, नपुं०, द्वार।
गोपेति, क्रिया, रक्षा करता है।
गोपेतु, पु०, रक्षक।
गोप्फक, नपुं०, गुलेल।
गोमय, नपुं०, गोबर।
गोमिक, वि०, पशुओं का मालिक।
गोमी, वि०, पशुओं का मालिक।
गोमुत्त, नपुं०, गोमूत्र।
गो-यूथ, पु०, गौओं का झुण्ड।
गोरक्खा, स्त्री०, गो-रक्षा, गौ-पालन।
गोळक, पु० तथा नपुं०, गेंद।
गोसीस, पु०, पीला चन्दन।

घ

घ, कवर्ग का चौथा अक्षर।
घंसति, क्रिया, रगड़ता है।
घच्चा, स्त्री०, विनाश।
घट, पु०, घड़ा।
घटक, पु० तथा नपुं०, छोटा बर्तन।
घटजातक, कोसल नरेश के मन्त्री को लेकर सुनाई गई कथा (३५५)।
घटजातक, किस प्रकार घट पण्डित ने अपने भाई वासुदेव का कष्ट दूर किया, (४५४)।
घटति, क्रिया, कोशिश करता है, प्रयास करता है।
घटना, स्त्री०, मेल।
घटा, स्त्री०, भीड़।
घटासन जातक, वृक्ष पर रहने वाले पक्षियों को मार डालने के लिए जलाशय में रहने वाले नाग-देवता ने आग भड़काई (१३३)।
घटिका, स्त्री०, सुराही।
घटी, स्त्री०, जल-पात्र।
घटीकार, पु०, कुम्हार।
घटी-यन्त, नपुं०, घटी-यन्त्र, रहट।
घटीयति, क्रिया, सम्बन्धित होता है।
घटेति, क्रिया, प्रयत्न करना है।
घट्टन, नपुं०, संघर्ष।
घट्टेति, क्रिया, चोट पहुँचाता है, रुष्ट करता है।
घण्टा, स्त्री०, (बजाने का) घण्टा।
घत, नपुं०, घृत, घी।
घत-सित्त, वि०, जिस पर घी डाला गया हो।
घन, वि०, मोटा, स्थूल।
घनतम, वि०, बहुत मोटा, अत्यन्त स्थूल।
घन-पुप्फ, नपुं०, फूलों वाला गलीचा।
घनसार, पु०, कपूर।
घनोपल, नपुं०, ओले।
घम्म, पु०, ऊष्णता।
घम्म-जल, नपुं०, पसीना।
घम्माभितत्त, वि०, गरमी से हैरान।

घर, नपुं०, गृह ।
घर-गोलिका, स्त्री०, छिपकली ।
घर-बन्धन, नपुं०, विवाह ।
घर-मानुष, पु०, घर के लोग ।
घर-सप्प, वि०, चूहा ।
घराजिर, नपुं०, घर का आँगन ।
घरावास, पु०, गृहस्थ जीवन ।
घरणी, स्त्री०, गृहिणी ।
घस, वि०, खाने वाला ।
घसति, क्रिया, खाता है ।
घंसेति, क्रिया, रगड़ता है ।
घात, पु०, हत्या ।
घातन, नपुं०, हत्या ।
घातक, पु०, हत्यारा, लुटेरा ।
घाती, पु०, हत्यारा, लुटेरा ।
घातापेति, क्रिया, हत्या करवाता है, लुटवाता है ।
घातेति, क्रिया, हत्या करता है, लूटता है ।
घाण, नपुं०, नाक ।
घाण-विञ्ञाण, नपुं०, घ्राणेन्द्रिय के माध्यम से उत्पन्न होनेवाला ज्ञान ।
घायति, क्रिया, सूंघता है ।
घायित, कृदन्त, खाया हुआ ।
घास, पु०, घास, जानवरों का आहार ।
घासच्छादन, नपुं० भोजन-वस्त्र ।
घास-हारक, वि०, घास लाने वाला ।
घुट्ठ, कृदन्त, घोषित ।
घोटक, पु०, बिना सधा हुआ घोड़ा ।
घोर, त्रि०, भयानक ।
घोरतर, वि०, अधिक भयानक ।
घोस, पु०, घोषणा, शब्द ।
घोसक, पु०, घोषणा करने वाला ।
घोसापेति, क्रिया, घोषणा कराता है ।
घोसिताराम, कोसम्बी का प्रसिद्ध विहार ।
घोसेति, क्रिया, घोषणा करता है ।

च

च, अव्यय, और तब, अब
चकित, वि०, हैरान, भयभीत ।
चकोर, पु०, चकोर ।
चक्क, नपुं०, चक्र, चक्का, पहिया ।
चक्क-अङ्कित, वि०, चक्रांकित, चक्र के निशान वाला ।
चक्क-पाणी, पु०, चक्र-पाणि, विष्णु ।
चक्क-युग, नपुं०, पहियों का जोड़ा ।
चक्क-रतन, नपुं०, चक्रवर्ती राजा का रत्न-चक्र ।
चक्क-वत्ती, पु० चक्रवर्ती राजा ।
चक्क-समारूळ्ह, वि०, चक्रों (गाड़ियों) पर चढ़े हुए ।
चक्कवाक, पु०, चकवा ।
चक्कवाक जातक, संतोष सौन्दर्य प्रदान करता है जैसे चकवा-चकवी का, और लोभ सौन्दर्य नष्ट करता है जैसे कौवे का (४३४) ।
चक्कवाक जातक, ऊपरी जातक के समान (४५१) ।
चक्क-वाळ, पु०, घेरा, क्षेत्र ।
चक्कव्ह, पु०, चक्रवाक, चकवा ।
चक्किक, एकसाथ स्तुति-पाठ करने वाले ।

चक्खु, नपुं०, आँख ।

चक्खुक, वि०, आँख वाला ।

चक्खुदद, वि०, आँख देनेवाला ।

चक्खु-धातु, स्त्री, दृष्टि ।

चक्खु-पथ, पु०, दृष्टिपथ ।

चक्खु-भूत, वि०, सम्यक् दृष्टिवाला ।

चक्खुमन्तु, वि०, आँख वाला ।

चक्खु-लोल, वि०, आँख का लोभी ।

चक्खु-विञ्ञाण, नपुं०, दृष्टि के द्वारा प्राप्त ज्ञान ।

चक्खु-सम्फस्स, पु०, चक्षु-स्पर्श ।

चक्खुस्स, वि०, आँख को अच्छा लगने वाला या आँख के लिए अच्छा ।

चङ्कम, पु०, चंक्रमण-भूमि, चंक्रमण करना ।

चङ्कमन, नपुं०, चंक्रमण करना ।

चङ्कमति, क्रिया, चंक्रमण करता है ।

चङ्गवार, पु०, दूध छानने का कपड़ा या छलनी ।

चङ्गोटक, पु०, छोटी टोकरी ।

चच्चर, नपुं०, आँगन, चौरस्ता ।

चजति, क्रिया, त्याग देता है ।

चजन, नपुं०, त्याग ।

चञ्चल, वि०, अस्थिर ।

चटक, पु०, चिड़िया ।

चणक, पु०, चना ।

चण्ड, वि०, भयानक, प्रचण्ड ।

चण्डपज्जोत, बुद्ध का समकालीन अवन्ति-नरेश ।

चण्डासोक, भाइयों की निर्दयतापूर्वक हत्या करने के कारण अशोक को दिया गया नाम ।

चण्डाल, पु०, जाति-बहिष्कृत अथवा अस्पृश्य ।

चण्डाल-कुल, नपुं०, नीचतम कुल ।

चण्डाली, स्त्री०, चण्डाल स्त्री ।

चण्डिक्क, नपुं०, भयानकता, प्रचण्ड-भाव ।

चतु, वि०, चार ।

चतुक्कण्ण, वि०, चतुष्कोण ।

चतुक्खत्तुं, क्रिया-विशेषण, चार बार ।

चतुग्गुण, वि०, चौगुना ।

चत्तालीसति, स्त्री०, चवालीस ।

चतुज्जाति-गन्ध, पु०, चार प्रकार की सुगन्धि ।

चतुत्तिंसति, स्त्री०, चौंतीस ।

चतुद्दस, वि०, चौदह ।

चतुद्दिसा, स्त्री०, चारों दिशाएँ ।

चतुद्वार, वि०, चारों द्वार ।

चतुनवुति, स्त्री०, चौरानवे ।

चतुपच्चय, पु०, भिक्षु की चीवर आदि चार आवश्यकताएँ ।

चतुपण्णास, स्त्री०, चौवन ।

चतु-परिसा, स्त्री०, चार प्रकार की परिषद् अर्थात् भिक्षु, भिक्षुणियाँ, उपासक तथा उपासिकाएँ ।

चतु-भूमक, वि०, चार तल्लों का ।

चतु-मधुर, नपुं०, चार प्रकार के घी, मधु आदि माधुर्य ।

चतुरङ्गिक, वि०, चार हिस्सों वाला ।

चतुरङ्गिनी, स्त्री०, चार अंगों वाली सेना ।

चतुरङ्गुल, वि०, चार अंगुल भर ।

चतुरस्स, वि०, चौकोर ।

चतुरस्सक, पु०, चार तल्ले का महल ।

चतुरंस, वि०, चतुष्कोण ।

चतुरासीति, स्त्री०, चौरासी ।

चतुवीसति, स्त्री०, चौवीस ।

चतुसट्ठि, स्त्री०, चौंसठ।
चतु-सत्तति, स्त्री० चौहत्तर।
चतुक्क, नपुं०, चार, चौरस्ता।
चतुद्वार-जातक (४३९), इसी कथा का दूसरा नाम महामित्तविन्दक जातक भी है।
चतुत्थ, वि०, चौथा।
चतुत्थी, स्त्री०, पक्ष का चौथा दिन।
चतुधा, क्रिया-विशेषण, चार तरह से।
चतुपोसथिक जातक, ४४१वीं जातक का शीर्षक। वहाँ लिखा है कि यह पुण्णक जातक के अन्तर्गत है। इस नाम की कोई जातक कथा नहीं है।
चतुप्पद, पु०, चतुष्पाद, चार पैरों वाला जानवर।
चतुब्बिध, वि०, चार प्रकार से।
चतुभानवार, पांच निकायों में से और विशेष रूप से खुद्दक-पाठ में से सत्ताईस उद्धरणों का एक संग्रह।
चतुमट्ट जातक, चित्रकूट पर्वत से आये हंसों की कथा (१८७)।
चतुर, वि०, होशियार, बुद्धिमान।
चतुरोपधि, पु०, चार प्रकार के बन्धन।
चत्त, कृदन्त, त्यक्त, त्यागा हुआ।
चन, अव्यय, 'कभी कभी' के अर्थ के वाचक 'कुदाचन' शब्द का एक अंश।
चनं, देखिये चन।
चन्द, पु०, चाँद।
चन्दग्गाह, पु०, चाँद-ग्रहण।
चन्द-मण्डल, नपुं०, चाँद की तश्तरी।
चन्द किन्नर जातक, बनारस-नरेश ने चन्दा किन्नरी पर आसक्त हो चन्दा के पति चन्द किन्नर को मार डाला। चन्दा किन्नरी की स्वामि-भक्ति (४८५)।
चन्दन, पु०, चन्दन का वृक्ष; नपुं०, चन्दन की लकड़ी।
चन्दन-सार, पु०, चन्दन का सार।
चन्दाभ जातक, चन्द्र तथा सूर्य पर चित्त एकाग्र करने वाले आभास्वर लोक में उत्पन्न होते हैं (१३५)।
चन्दनिका, स्त्री०, नाबदान।
चन्दप्पभा, स्त्री०, चाँदनी।
चन्दभागा, चन्द्रभागा नदी।
चन्दिका, स्त्री, चाँदनी।
चन्दिमा, पु०, चाँद।
चपल, वि०, चंचल, अस्थिर।
चपु-चपु-कारकं, क्रिया-विशेषण, चप-चप आवाज करते हुए (भोजन करना)।
चमर, पु०, हिमालय-प्रदेश की सुरा-गाय।
चमू, स्त्री०, सेना।
चमूपति, पु०, सेनापति।
चम्पक, पु०, चम्पा।
चम्पा, स्त्री०; इसी नाम की नदी के किनारे का एक नगर। यह अंग की राजधानी था। वर्तमान भागलपुर।
चम्पेयक जातक, मगध नरेश ने चम्पा नदी में रहने वाले नागराज की सहायता से अंग-नरेश को हराया (५०६)।
चम्म, नपुं०, चर्म।
चम्मकार, पु०, चमार।
चम्म-खण्ड, पु०, आसन की तरह उप-योग में आने वाला चर्म-खण्ड।
चम्म-पसिब्बक, पु०, चमड़े का थैला।

चय, पु०, संग्रह, ढेर ।
चर, पु०, घूमने वाला, चर-पुरुष (गुप्तचर) ।
चरक, देखो चर ।
चरण, नपुं०, चलना-फिरना, पैर, आचरण ।
चरति, क्रिया, चलता-फिरता है, आचरण करता है ।
चराचर, नपुं०, चलाचल वस्तु ।
चरापेति, क्रिया, चलाता है ।
चरित, नपुं०, चरित्र, (जीवन-)चरित ।
चरिम, वि०, अन्तिम ।
चरिया, स्त्री०, आचरण, चरित ।
चरिया-पिटक, खुद्दक निकाय के पन्द्रह ग्रन्थों में से एक । यह खुद्दक निकाय का अन्तिम ग्रन्थ माना जाता है ।
चरु, पु०, यज्ञीय द्रव्य ।
चल, वि०, अस्थिर ।
चल-चित्त, अस्थिर चित्त ।
चलति, क्रिया, चंचल होता है, काँपता है ।
चलन, नपुं०, हिलना-डोलना, काँपना ।
चलनी, पु०, वात मृग ।
चवति, क्रिया, गिरता है ।
चवनं, नपुं० पतन, मृत्यु ।
चसक, नपुं० तथा पु०, पान पात्र ।
चाग, पु०, भेंट, त्याग ।
चागानुस्सति, स्त्री०, अपनी उदारता का अनुस्मरण ।
चागी, पु०, त्यागी ।
चाटि, स्त्री, एक बर्तन ।
चाटुकम्यता, स्त्री०, चाटुकारिता, खुशामद ।
चातक, पु०, चातक पक्षी ।
चातुद्दसी, स्त्री०, पक्ष की चतुर्दशी ।
चातुद्दिस, वि०, चारों दिशाओं से सम्बन्धित ।
चातुद्दीपक, वि०, चार द्वीपों पर छाया हुआ ।
चातुम्महापथ, पु०, चारों सड़कों के मिलने की जगह, चौरस्ता ।
चातुम्महाभूतिक, वि०, पृथ्वी, अप, तेज, वायु नाम के चारों महाभूतों से सम्बन्धित ।
चातुम्महाराजिक, त्रि०, निम्नतम देवलोक में रहने वाले चातुर्महाराजिक देवताओं से सम्बन्धित ।
चातुरिय, नपुं०, चतुराई ।
चाप, पु०, धनुष ।
चापल्ल, नपुं०, चपलता ।
चामर, नपुं०, चंवरी ।
चामिकर, नपुं०, स्वर्ण ।
चार, पु० चलन ।
चारक, वि०, चलाने वाला; पु०, क़ैदखाना ।
चारण, नपुं०, चलाया जाना, व्यवस्था ।
चारिका, स्त्री०, यात्रा ।
चारित्त, नपुं०, आदत, आचरण, अभ्यास ।
चारु, वि०, सुन्दर, आकर्षक ।
चारु-दस्सन, वि०, सुन्दर ।
चारेति, क्रिया, चलाता है, (इन्द्रियों को) दौड़ाता है ।
चाल, पु०, आघात ।
चालेति, क्रिया, चलाता है ।
चावना, स्त्री०, गिरावट, हटाना ।
चावेति, क्रिया, गिराता है ।
चि(कोचि), अव्यय, कोई ।

चिक्खल्ल, नपुं०, कीचड़, दलदल ।
चिङ्गुलायति, क्रिया, अपने गिर्द घूमता है ।
चिटचिटायति, क्रिया, चिट-चिट करता है ।
चिञ्चा, स्त्री०, इमली वृक्ष ।
चिण्ण, कृदन्त, अभ्यस्त ।
चिण्ह, नपुं०, चिह्न, निशान ।
चित, कृदन्त, एकत्रित ।
चितक, पु०, चिता ।
चिति, स्त्री०, ढेर ।
चित्त-सम्भूत जातक, चित्त तथा सम्भूत दोनों चण्डाल-भाइयों के जाति-अभिमानियों द्वारा पीटे जाने की कथा (४९८) ।
चित्त, १. नपुं०, चित्त, मन, विचार, २. नपुं०, चित्र, तस्वीर, ३. पु०, चैत्र मास, ४. वि०, नानाविध, सुन्दर ।
चित्तक्खेप, पु०, चित्त का विक्षेप ।
चित्तपस्सद्धि, स्त्री०, चित्त की शान्ति ।
चित्त-मुदुता, स्त्री०, चित्त की कोमलता ।
चित्त-समथ, पु०, चित्त की एकाग्रता ।
चित्तानुपस्सना, स्त्री०, चित्तानुपश्यना ।
चित्ताभोग, पु०, विचार ।
चित्तुजुकता, स्त्री०, चित्त का सीधापन ।
चित्तुत्रास पु०, चित्त का त्रास, भय ।
चित्तुप्पाद, पु०, चित्त की उत्पत्ति ।
चित्तकत, वि०, सजा हुआ, चित्रकृत ।
चित्तकथिक, वि०, श्रेष्ठ वक्ता ।
चित्त-कम्म, नपुं०, चित्रकला ।
चित्त-कार, पु०, चित्रकार ।
चित्ततर, वि०, विचित्र-तर ।
चित्तागार, नपुं०, चित्रागार ।
चित्तक, नपुं०, तिलक; पु०, एक प्रकार का मृग ।
चित्तता, स्त्री०, विचित्रता, चित्त-भाव ।
चित्तीकार, पु०, आदर, सत्कार ।
चिनाति, क्रिया, ढेर लगाता है, संग्रह करता है ।
चिन्तक, वि०, सोचने वाला, विचारक ।
चिन्ता, स्त्री०, चिन्ता, विचार ।
चिन्तामणि, पु०, इच्छापूर्ति करने वाली मणि ।
चिन्तामय, वि०, विचारयुक्त ।
चिन्तित, कृदन्त, विचार किया हुआ । आविष्कृत ।
चिन्ती, (समास में) सोचता हुआ ।
चिन्तेतब्ब, कृदन्त, विचारणीय ।
चिन्तेति, क्रिया, सोचता है ।
चिन्तमान, कृदन्त, सोचता हुआ ।
चिन्तेय्य, वि०, विचारणीय ।
चिमिलिका, स्त्री०, तकिये का खोल ।
चिर, वि०, बहुत देर तक रहने वाला ।
चिरकाल, वि०, दीर्घकाल ।
चिरट्ठितिक, वि०, चिर स्थायी ।
चिरतर, वि०, और भी अधिक देर ।
चिरनिवासी, वि०, देर से रहने वाला ।
चिरपब्बजित, वि०, देर से प्रव्रजित ।
चिरप्पवासी, वि०, चिरकाल से प्रवास पर गया हुआ ।
चिरत्तं, वि०, [चिर]काल का भाव ।
चिरत्ताय, क्रि०, चिरकाल के लिए ।
चिरं, क्रि०-वि०, चिरकाल तक ।
चिरस्सं, क्रि०-वि०, अति विलम्ब, अन्त में ।
चिरातीत, वि०, चिरभूत (काल) ।
चिराय, क्रि०-वि०, चिरकाल के

लिए।
चिरायति, क्रिया, देर करता है।
चिरेन, क्रि०-वि०, बहुत समय बाद।
चीन-पिट्ठ, नपुं०, लाल सीसा।
चीन-रट्ठ, नपुं०, चीन राष्ट्र।
चीर, नपुं०, छाल, छाल का कपड़ा।
चीरक, देखिये चीर।
चीरी, स्त्री०, झींगुर।
चीवर, नपुं०, बौद्ध भिक्षु का काषाय-वस्त्र।
चीवर-कण्ण, नपुं०, चीवर का कोना।
चीवर-कम्म, नपुं०, चीवर का बनाना।
चीवर-कार, पु०, चीवर बनाने वाला।
चीवर-दान, नपुं०,चीवर अथवा चीवरों का देना।
चीवर-दुस्स, नपुं०, चीवर बनाने के लिए वस्त्र।
चीवर-रज्जु, स्त्री०, चीवर टाँगने की रस्सी।
चीवर-वंस, पु०, चीवर टाँगने के लिए बांस।
चुण्ण, नपुं०, चूर्ण।
चुण्ण-विचुण्ण, वि०, चूर्ण-विचूर्ण।
चुण्णक, नपुं०, सुगन्धित चूर्ण।
चुण्णक-जात, वि०, चूर्णकृत।
चुण्णक-चालनी, स्त्री०, चूर्ण-छलनी।
चुण्णित, कृदन्त, चूर्ण किया हुआ।
चुण्णेति, क्रिया, चूर्ण कर डालता है।
चुत, कृदन्त, गिरा।
चुति, स्त्री०, च्युत होना, अदृश्य हो जाना।
चुदित, कृदन्त, दोषारोपित।
चुदितक, पु०, दोषारोपित।
चुद्दस, वि०, चौदह।
चुन्द, सुनार या लोहार। पावा का निवासी। कुसीनारा के रास्ते में पावा पहुंचने पर भगवान् बुद्ध चुन्द कम्मार-पुत्त के ही आम्रवन में ठहरे थे। उसी के यहाँ का भोजन भगवान् का अन्तिम भोजन सिद्ध हुआ।
चुन्दकार, पु०, खरादने वाला।
चुन्दभण्ड, चुन्द (सुनार) का सामान।
चुबुक, नपुं०, ठोड़ी।
चुम्बटक, नपुं०, गेण्डुरी।
चुम्बति, क्रिया, चूमता है।
चुल्ल, वि०, छोटा।
चुल्लन्तेवासिक, पु०, छोटा शिष्य।
चुल्ल-पितु, पु०, चाचा।
चुल्ल-उपट्ठाक, पु०, लघु-सेवक।
चुल्लकसेट्ठि जातक, मरी चुहिया से आरम्भ करके, व्योपार द्वारा धनी हो जाने की कथा (४)।
चुल्लकालिङ्ग जातक, दन्तपुर नरेश कालिङ्ग की युद्ध-लिप्सा (३०१)।
चुल्लकुणाल जातक, देखो कुणाल जातक।
चुल्लधनुग्गह जातक, तक्षशिला के आचार्य ने अपने धनुर्धारी शिष्य से अपनी बिटिया की शादी की (३७४)।
चुल्लधम्मपाल जातक, रानी राजा का सत्कार करने के निमित्त खड़ी न हो सकी। राजा ने पुत्र के हाथ-पाँव कटवा दिये (३५०)।
चुल्लनन्दिय जातक, ब्राह्मण ने बूढ़ी बंदरी की हत्या की (२२२)।

चुल्लनारद जातक, तपस्वी-पुत्र तरुणी पर ग्रासक्त हुग्रा (४७७)।
चुल्लपदुम जातक, राजा ने ग्रपने सभी बेटों को देश-निकाला दिया (१९३)।
चुल्लपलोभन जातक, राजकुमार को स्त्रियों से घृणा थी। शनैः शनैः एक नर्तकी उसे लुभाने में समर्थ हुई (२६३)।
चुल्लबोधि जातक, माता-पिता के निधन के बाद पति-पत्नी तपस्वी बन गये (४४३)।
चुल्लसुतसोम जातक, सोम-रस पेय करने वाले राजकुमार की सोलह हजार रानियों की कथा (५२५)।
चुल्लहंस जातक, नब्बे हजार सुनहरी बत्तखों के राजा की कथा (५३३)।
चुल्ली, स्त्री०, चूल्हा।
चूचुक, नपुं०, स्तन का ग्रगला भाग।
चूलजनक जातक, देखो महाजनक जातक।
चूल-वग्ग, विनय-पिटक के दोनों खन्धकों में से एक।
चूळा, स्त्री०, सिर के बाल, जूड़ा।
चूळामणि, पु०, चूड़े या जूड़े में पहनी जाने वाली मणि।
चूळिका, स्त्री०, बालों का गुच्छ।
चे, ग्रव्यय, यदि।
चेट, पु०, सेवक, बालक।
चेटक, पु०, नौकर, गुलाम।
चेटिका, स्त्री०, सेविका, बालिका।
चेटी, स्त्री०, सेविका, बालिका।
चेत, पु० तथा नपुं०, चित्त।
चेतक, पु०, वन्य जन्तु, बन्धन।
चेतना, स्त्री०, इरादा।
चेतयति, क्रिया, विचार करता है।
चेतस, वि०, मन (पाप-चेतस = पापी मन)।
चेतसिक, वि०, चैतसिक, चित्त-सम्बन्धी।
चेतापेति, क्रिया, ग्रदली-बदली करता है।
चेतिय, नपुं०, चैत्य, धातु-गर्भ।
चेतियङ्गण, चैत्य का ग्रांगन।
चेतिय-गब्भ, चैत्य का गर्भ।
चेतिय-पब्बत, चैत्य-पर्वत।
चेतिय जातक, चेति-नरेश, ग्रपचर तथा विश्व के प्रथम मिथ्यावादी की कथा (४२२)।
चेतेति, देखो चेतयति।
चेतोखिल, नपुं०, चित्त-हानि।
चेतोपणिधि, स्त्री०, निश्चय।
चेतोपरिञ्ञाण, नपुं०, दूसरों के विचारों को जान लेना।
चेतोपसाद, पु०, चित्त की प्रसन्नता।
चेतोविमुत्ति, स्त्री०, चित्त की विमुक्ति।
चेतोसमथ, पु०, चित्त की शान्ति।
चेल, नपुं०, वस्त्र।
चेल-वितान, नपुं०, चँदवा।
चेलुक्खेप, पु०, वस्त्रों का उछालना।
चोच, नपुं०, केला (-फल)।
चोच-पान, नपुं०, केले का पेय।
चोदक, पु०, दोषारोपक।
चोदना, स्त्री०, दोषारोपण।
चोदित, कृदन्त, दोषारोपित।

चोदेति, क्रिया, दोषारोपण की प्रेरणा करता है।

चोपन, नपुं०, चलन।

चोर, पु०, चोर, डाकू।

चोर-घातक, पु०, जल्लाद।

चोर-उपद्दव, पु०, डाकुओं के द्वारा किया जाने वाला आक्रमण।

चोरिका, स्त्री०, चोरी।

चोरी, स्त्री०, चोरिणी, चोट्टी।

चोळ, पु०, वस्त्र।

चोळ-रट्ठ, नपुं०, चोळ राष्ट्र।

चोळक, नपुं०, चीथड़ा।

चोळिय, वि०, चोळ देश का।

छ

छ, वि०, छह।

छक्खत्तुं, क्रि०-वि० छह बार।

छचत्तालीसति, स्त्री०, छियालीस।

छद्वारिक, वि०, छह इन्द्रियों से सम्बन्धित।

छनवुति, स्त्री०, छियानवे।

छपञ्ञास, स्त्री०, छप्पन।

छब्बग्गिय, वि०, षड्वर्गीय भिक्षु।

छब्बण्ण, वि०, छह वर्णों का।

छब्बसिक, वि०, छह वार्षिक।

छब्बिध, वि०, छह प्रकार का।

छब्बीसति, स्त्री०, छब्बीस।

छसट्ठि, स्त्री०, छियासठ।

छसत्तति, स्त्री०, छिहत्तर।

छक, नपुं०, विष्ठा।

छकन, नपुं०, अश्वादि की लीद।

छकल, पु०, बकरा।

छक्क, नपुं०, छह-छह का वण्डल।

छट्ठ, वि०, छठा।

छट्ठी, स्त्री०, षष्ठी विभक्ति।

छड्डक, वि०, फेंकने वाला।

छड्डन, नपुं०, फेंकना।

छड्डनीय, वि०, फेंकने योग्य।

छड्डापेति, क्रिया, फिकवाता है।

छड्डित, कृदन्त, फिकवाया गया, वमन किया गया।

छड्डेति, क्रिया, फेंकता है।

छण, पु०, त्योहार, उत्सव।

छत्त, नपुं०, छाता; पु०, छात्र, विद्यार्थी।

छत्तकार, पु०, छाता बनाने वाला।

छत्त-गाहक, पु०, छाता ले चलने वाला।

छत्त-नाळि, स्त्री०, छाते का बेंत।

छत्त-दण्ड, नपुं०, छाते का बेंत।

छत्त-पाणि, पु०, छाता ले जाने वाला।

छत्त-मङ्गल, नपुं०, छत्र चढ़ाने का उत्सव।

छत्त-उस्सापन, नपुं०, राजकीय छत्र का उठाना।

छत्तिंसति, स्त्री०, छत्तीस।

छद, पु०, छदन, ढांकने का वस्त्र।

छदन, नपुं०, छत।

छद्दन्त, वि०, छह दांतों वाला।

छद्दन्त जातक, हस्ति-राज छद्दन्त की कथा (५१४)।

छद्दिका, स्त्री०, वमन।

छद्धा, क्रि०-वि०, छह प्रकार से।

छधा, क्रि०-वि०, छह प्रकार से।

छन्द, पु०, इच्छा, कामना।
छन्द-राग, पु०, उत्तेजक कामना।
छन्दक, नपुं०, मत, चन्दा।
छन्दागति, स्त्री०, पक्षपात।
छन्न, कृदन्त, ढका गया; वि०, ठीक, योग्य।
छन्न, गौतम बुद्ध का सारथी, (बाद में) साथी।
छप्पञ्च, छह या पाँच।
छप्पद, पु०, शहद की मक्खी।
छमा, स्त्री०, क्षमा (पृथ्वी), जमीन।
छम्भति, क्रिया, भय से जड़ीभूत हो जाता है।
छरस, पु०, तिक्त, मधुर आदि छह रस।
छव, पु०, शव, लाश।
छव-कुटिका, स्त्री०, श्मशान,।
छवट्ठिक, नपुं०, शव की हड्डी।
छव-दाहक, पु०, लाश जलाने वाला।
छवालात, नपुं०, चिता की आग।
छवक जातक, राजा ने अपने गले का हार चाण्डाल को पहनाया (३०६)।
छवि, स्त्री०, चमड़ी।
छवि-कल्याण, नपुं०, चमड़ी का सौन्दर्य।
छवि-वण्ण, पु०, चमड़ी का रंग।
छळङ्ग, वि०, छह अङ्गों से युक्त।
छळभिञ्ञा, छह प्रकार के दिव्य-ज्ञान (-अभिज्ञा)।
छळंस, वि०, षट्कोण।
छा, स्त्री०, भूख-प्यास।
छात, वि०, भूखा।
छातक, नपुं०, भूख, अकाल।
छादन, नपुं०, आवरण, आच्छादन, शरीर ढकने के वस्त्र।
छादना, स्त्री० आवरण, आच्छादन, शरीर ढकने के वस्त्र।
छादनीय, कृदन्त, ढकने योग्य।
छादेति, क्रिया, ढकता है।
छाप, पु०, पशु-शावक, पशुओं का छौना।
छापक, पु०, पशु-शावक, पशुओं का छौना।
छाया, स्त्री०, छाया, साया।
छायामान, नपुं,० छाया को नापना।
छायारूप, नपुं०, छाया-चित्र, फोटो।
छारिका, स्त्री०, राख।
छाह, नपुं०, छह दिन।
छि, निपात, निश्चयार्थ।
छिग्गल, नपुं, छिद्र।
छिज्जति, क्रिया, कटता है।
छिद, वि०, टूटता हुआ [बन्धन-छिद, बन्धनों को छिन्न-भिन्न करने वाला]।
छिद्द, नपुं० छिद्र, सूराख।
छिद्दक, वि०, छिद्र वाला।
छिद्दगवेसी, वि०, दूसरों के दोष खोजने वाला।
छिद्दावच्छिद्दक, वि०, छिद्रों से भरा हुआ।
छिद्दित, कृदन्त, छेदा हुआ।
छिन्दति, क्रिया, काटता है।
छिन्दिय, वि०, जो काटा जा सके, जो टूट सके।
छिन्न, कृदन्त, टूटा हुआ, नष्ट हुआ।
छिन्नास, वि०, निराश।
छिन्ननास, वि०, जिसकी नाक कटी हो।

छिन्न-भत्त, वि०, जिसे आहार न मिलता हो।

छिन्न-वत्थ, वि०, जिसके वस्त्र फट गये हों।

छिन्न-हत्थ, वि० जिसके हाथ काट लिये गये हों।

छिन्न-इरियापथ, वि० जो चल-फिर न सकता हो।

छुद्ध, कृदन्त, क्षुब्ध, उत्तेजित, प्रक्षिप्त, फेंका गया।

छुपति, क्रिया, स्पर्श करता है।

छुपन, नपुं०, स्पर्श।

छुरिका [छूरिकामी], स्त्री०, छुरी, चाकू।

छेक, वि०, दक्ष, होशियार।

छेकता, स्त्री०, दक्षता, होशियारी।

छेज्ज, वि०, काट डालने योग्य; नपुं०, अंग-छेद द्वारा दिया जाने वाला दण्ड।

छेतब्ब, कृदन्त, काट डालने योग्य।

छेत्तु, पु०, काटने वाला।

छेत्वा, पूर्व० क्रिया, काटकर।

छेत्वान, पूर्व० क्रिया, काटकर।

छेद, पु०, काट।

छेदक, पु०, काटने वाला।

छेदन, नपुं०, काट।

छेदापन, नपुं०, कटवाना।

छेदापेति, क्रिया, कटवाता है।

छेप्पा, स्त्री०, पूंछ, दुम।

ज

जगती, स्त्री०, (जगति समास पदों में ही), पृथ्वी, दुनिया।

जगतिप्पदेस, पु०, पृथ्वी-प्रदेश।

जगति-रुह, पु०, वृक्ष।

जग्गति, क्रिया, देख-भाल करता है, पोषण करता है, जागता रहता है।

जग्गित्वा, पूर्व० क्रिया, जागकर।

जग्गन, नपुं०, जागरण।

जग्घति, क्रिया, मजाक बनाता है।

जग्घना, स्त्री०, मजाक।

जग्घित, नपुं०, मजाक।

जङ्गम, वि०, चल (सम्पत्ति)।

जङ्गल, नपुं०, आरण्य, रेगिस्तान।

जङ्घमग्ग, पु०, पगडण्डी।

जङ्घपेसनिक, नपुं०, संदेश-वाहन; पु०, संदेश-वाहक।

जङ्घा, स्त्री० जांघ।

जङ्घा-बल, नपुं०, जाँघ की शक्ति।

जङ्घा-विहार, पु०, सैर।

जङ्घेय्य, नपुं०, जाँघ-भर ढकने का वस्त्र।

जच्च, वि०, जन्म-सम्बन्धी।

जच्चन्ध, वि०, जन्म से अन्धा।

जच्चा, जन्म से।

जज्जर, वि०, जरा से जर्जरित।

जञ्ञ, वि०, पवित्र, श्रेष्ठ, आकर्षक, कुलीन।

जट, नपुं०, मूठ, मुठिया।

जटा, स्त्री०, जटा (-केश), पेड़ों की उलझी डालियां, (आलंकारिक अर्थ में) कामनाओं का उलझाव।

जटाधर, पु०, जटाधारी।

जटित, कृदन्त, उलझा हुआ।

जटी, पु०, जटाधारी तपस्वी।
जटिल, पु०, जटाधारी तपस्वी।
जठर, पु० तथा नपुं०, पेट।
जठरग्गि, पु०, जठराग्नि, भूख।
जण्णु, पु०, घुटना।
जण्णुतग्घ, पु०, घुटने तक गहरा।
जण्हु, नपुं० घुटना।
जण्हुमत्त, वि०, घुटने तक।
जतु, नपुं०, लाख।
जतुमट्ठक, नपुं०, लाख-बन्द।
जतुका, स्त्री०, चिमगादड़।
जत्तु, नपुं०, कंधा, कन्धे की हड्डी।
जन, पु०, आदमी, लोग।
जन-काय, पु०, जनता।
जनपद, पु०, प्रान्त, देश, देहात, काशी-कोसल आदि सोलह जनपद।
जनपद-कल्याणी, स्त्री०, देश की सुन्दरतम स्त्री।
जनपद-चारिका, स्त्री०, देश-भ्रमण।
जनसम्मद्द, पु०, लोगों की भीड़।
जनक, पु०, उत्पन्न करने वाला, पिता; वि०, उत्पन्न करता हुआ।
जनन, नपुं०, उत्पत्ति।
जननी, स्त्री०, माँ।
जनसंध जातक, जनसंध की दान-शीलता की कथा (४६८)।
जनाधिप, पु०, राजा।
जनालय, पु०, मण्डप।
जनिका, स्त्री०, माँ।
जनित, कृदन्त, उत्पन्न हुआ।
जनिन्द, पु०, राजा।
जनेति, क्रिया, उत्पन्न करता है।
जनेन्त, कृदन्त, उत्पन्न करता हुआ।
जनेत्वा, पूर्व० क्रिया, उत्पन्न कर।
जनेतु, पु०, उत्पन्न करने वाला।
जनेत्ती, स्त्री०, माँ।
जन्ताघर, नपुं०, वाष्प-स्नान का घर।
जन्तु, पु०, जीव।
जप, पु०, जपना।
जपति, क्रिया, जाप करता है।
जपित, जप किया हुआ।
जपित्वा, जप करके।
जपा, स्त्री०, जवा, अड़हुल।
जप्पना, स्त्री०, लोभ, जल्पना।
जप्पा, स्त्री०, लोभ, जल्पना।
जम्बाली, स्त्री०, गंदा तालाब।
जम्बीर, पु०, नीबू।
जम्बु, स्त्री०, जामुन।
जम्बुखादक जातक, लोमड़ी की खुशामद के चक्कर में कौवे ने लोमड़ी के लिए फल गिराये (२९४)।
जम्बुदीप, पु०, जामुन का देश, चारों महाद्वीपों में से एक।
जम्बु-सण्ड, जामुन का बगीचा।
जम्बुक, पु०, गीदड़।
जम्बुक जातक, गीदड़ ने हाथी पर आक्रमण किया। हाथी ने उसे पैरों तले कुचल दिया (३३५)।
जम्बोनद, नपुं०, सोने (स्वर्ण) का प्रकार।
जम्भ, वि०, गंवार, निकृष्ट।
जम्भति, क्रिया, अँगड़ाई लेता है, जँमाई लेता है।
जम्भना, स्त्री०, जँमाई लेना।
जय, पु०, विजय।
जयग्गाह, पु०, विजय, पाँसे का अनु-

कूल पड़ना।
जय-पान, नपुं०, विजय-पान।
जय-सुमन, नपुं०, विजय-सुमन।
जयति, क्रिया, जीतता है।
जयद्दिस-जातक, कम्पिल्ल-नरेश पञ्चाल के पुत्रों को एक चुड़ैल दो बार खा गई (५१३)।
जया, स्त्री०, पत्नी।
जयम्पति, पु०, पत्नी तथा पति।
जर, पु०, ज्वर; वि०, बूढ़ा।
जरग्गव, पु०, बूढ़ा बैल।
जरता, स्त्री०, बुढ़ापा।
जरा, स्त्री०, बुढ़ापा।
जरा-दुक्ख, नपुं०, बुढ़ापे का दुख।
जरा-धम्म, वि०, ह्रास-धर्म।
जरा-भय, नपं०, बुढ़ापे का भय।
जरुदपान जातक, धन के मोह में अधिक और अधिक खोदने वाले सार्थों ने प्राण गंवाये (२५६)।
जल, नपुं०, पानी।
जल-गोचर, वि०, पानी में रहने वाला।
जलचर, पु०, मछली।
जलज, नपुं०, कमल।
जलद, पु०, बादल।
जलधि, पु०, समुद्र।
जल-निग्गम, पु०, जल का बहाव, नाली।
जलनिधि, पु०, समुद्र।
जलाधार, पु०, जल-संग्रह-स्थल।
जलासय, पु०, झील, जलाशय।
जलति, क्रिया, चमकता है, जलता है।
जलन, नपुं०, चमक, जलन।
जलाबु, पु०, गर्भाशय।
जलाबुज, वि०, गर्भ से उत्पन्न होने वाले।
जलूका, स्त्री०, जोंक।
जल्ल, नपुं०, गन्दगी, मैलापन।
जळ, वि०, जड़, अचेतन।
जव, पु०, गति, शक्ति।
जवति, क्रिया, दौड़ता है।
जवन, नपुं०, दौड़।
जवन-पञ्ञ, वि०, क्षिप्र-प्रज्ञा।
जवन-हंस जातक, हंस-राज तथा बनारस-नरेश की मैत्री की कहानी (४७६)।
जव-सकुण जातक, कठफोड़े ने शेर के मुंह में फंसी हुई हड्डी निकाली (३०८)।
जवनिका, स्त्री०, परदा।
जवाधिक, पु०, शीघ्रगामी घोड़ा।
जहति, क्रिया, छोड़ता है।
जागर, वि०, जागने वाला।
जागर जातक, वृक्ष-देवता ने तपस्वी से प्रश्न पूछा (४०४)।
जागरति, जागता रहता है, पहरा देता है।
जागरण, नपुं०, जागते रहना।
जागरिय, नपुं०, जाग्रत।
जागरियानुयोग, पु०, जागते रहना।
जाणु, पु०, घुटना।
जाणु-मण्डल, नपुं०, टखना।
जाणु-मत्त, वि०, घुटने तक।
जात, कृदन्त, उत्पन्न, घटित; नपुं०, संग्रह, प्रकार।
जात-दिवस, पु०, जन्म-दिन।
जात-रूप, नपुं०, सोना।

जात-वेद, पु०, अग्नि ।
जातस्सर, पु० तथा नपुं०, एक प्राकृतिक झील ।
जातक, नपुं०, जन्मकथा, सुत्तपिटक के खुद्दक निकाय का दसवाँ ग्रन्थ, जिसमें बुद्ध के पूर्व-जन्मों की कथाओं का वर्णन है ।
जातकट्ठकथा, जातक की अट्ठकथा। इसमें जातक के पद्य-भाग का सम्बन्धित गद्य-विस्तार है ।
जातक-भाणक, पु०, जातक कथा सुनाने वाले ।
जातत्त, नपुं०, उत्पत्ति-भाव ।
जाति, स्त्री०, जन्म, पुनर्जन्म, जाति (वंश-परम्परा), (सिहल-) जाति ।
जाति-कोस, पु०, जावित्री का छिलका ।
जातिक्खय, पु०, पुनर्जन्म की संभावना का न रहना ।
जातिक्खेत्त, नपुं०, जन्म-स्थान ।
जातित्थद्ध, वि०, जन्माभिमानी ।
जाति-निरोध, पु०, पुनर्जन्म का निरोध ।
जाति-फल, नपुं०, जावित्री ।
जाति-मन्तु, वि०, अच्छी जाति का, गुणवान ।
जाति-वाद, पु०, जाति (-वंश परम्परा) के सम्बन्ध में विवाद ।
जाति-सम्पन्न, वि०, अच्छी जाति का ।
जाति-सुमना, स्त्री०, चमेली ।
जातिस्सर, वि०, पूर्व जन्मों की स्मृति ।
जाति-हिंगुलुक, नपुं०, सेंदूर ।
जातिक, वि०, जातिगत, जाति-सम्बन्धी ।
जातु, अव्यय, निश्चय से ।
जानन, नपुं०, ज्ञान, पहचान ।
जाननक, वि०, जानने वाला ।
जाननीय, वि०, जानने योग्य ।
जानपद, वि०, जनपद सम्बन्धी; पु०, गँवार, देहाती ।
जानपदिक, वि०. जनपद-सम्बन्धी ।
जानाति, क्रिया, जानता है ।
जानापेति, क्रिया, जनवाता है ।
जानि, स्त्री०, हानि, पत्नी ।
जानि-पति, पु०, पत्नी तथा पति ।
जामातु, पु०, जँवाई ।
जायति, क्रिया, उत्पन्न होता है।
जायत्तन, नपुं०, पत्नीत्व ।
जायन, नपुं०, जन्म ।
जाया, स्त्री०, पत्नी ।
जाया-पति, पु०, पत्नी तथा पति ।
जार, पु०, यार, उपपति ।
जारत्तन, नपुं०, यारी, उपपतित्व ।
जारी, स्त्री०, छिनाल, उपपत्नी ।
जाल, नपुं०, (मछली पकड़ने का) जाल, उलझन ।
जाल-पूप, पु०, पुआ ।
जालक, पु०, छोटा जाल, कोंपल ।
जालक्खिक, नपुं०, जालरन्ध्र ।
जाला, स्त्री०, ज्वाला ।
जालाकुल, वि०, ज्वालाओं से घिरा।
जालिक, पु०, जाल का उपयोग करने वाला मछुआ ।
जालिका, स्त्री०, लोह-कवच, जाली का बना कवच ।
जालिनी, स्त्री०, तृष्णा ।
जालेति, क्रिया, जलाता है ।

जिंगिसक, वि०, इच्छुक ।
जिंगिसति, क्रिया, इच्छा करता है।
जिगुच्छक, वि०, जिगुप्सा करने वाला, घृणा करने वाला ।
जिगुच्छति, क्रिया, घृणा करता है।
जिगुच्छन, नपुं०, घृणा ।
जिगुच्छना, स्त्री०, घृणा, अरुचि ।
जिगुच्छा, स्त्री०, घृणा, अरुचि ।
जिघच्छति, क्रिया, भूखा होता है, खाना चाहता है ।
जिघच्छा, स्त्री०, भूख ।
जिञ्जुक, पु० जंगली धतूरा (?) ।
जिण्ण, कृदन्त, बूढ़ा ।
जिण्णवसन, नपुं०, पुराना वस्त्र ।
जित, कृदन्त, जीता हुआ, जीत लिया गया ।
जितत्त, नपुं०, जीत; वि०, आत्म-विजयी ।
जिति, स्त्री०, जय, विजय ।
जिन, पु०, विजेता, जीतने वाला, बुद्ध ।
जिन-चक्क, नपुं०, बुद्ध-मत ।
जिन-पुत्त, पु०, बुद्ध-पुत्र ।
जिन-सासन, नपुं०, बुद्ध की शिक्षा ।
जिनाति, क्रिया, जीतता है।
जिम्ह, वि०, टेढ़ा, बेईमान ।
जिया, स्त्री०, धनुष की डोरी ।
जिव्हा, स्त्री०, जीभ ।
जिव्हग्ग, नपुं०, जीभ का सिरा ।
जिव्हायतन, नपुं०, रसेन्द्रिय, रसना ।
जिव्हाविञ्ञाण, नपुं०, जिह्वा के द्वारा प्राप्त ज्ञान ।
जिव्हिन्द्रिय, नपुं०, जिह्वा ।
जीन, वि०, हीन ।
जीमूत, पु०, बादल ।
जीयति, क्रिया, जरा को प्राप्त होता है, बूढ़ा होता है, पुराना पड़ता है ।
जीरक, नपुं०, जीरा ।
जीरति, क्रिया, जरा को प्राप्त होता है, घटता है, पुराना पड़ता है।
जीरण, नपुं०, जीर्णता ।
जीरापेति, क्रिया, जरा को प्राप्त होने का कारण होता है, हजम कराता है ।
जीव, पु०, जीवन, आत्मा, जीव ।
जीव-दन्त, पु०, जीवित हाथी के दांत ।
जीवक, पु०, जीने वाला, (नाम) बुद्ध का समकालीन प्रसिद्ध वैद्य ।
जीवकम्बवन, राजगृह का वह आम्र-वन, जो जीवक ने बुद्ध-प्रमुख भिक्षु-संघ को दान कर दिया था ।
जीवति, क्रिया, जीता है ।
जीवन, नपुं०, जीना।
जीविका, स्त्री०, जीवन-यात्रा का साधन (जीविकं कप्पेति, जीविका चलाता है) ।
जीवित, नपुं०, जीवन ।
जीवितक्खय, पु०, जीवन की हानि ।
जीवित-दान, नपुं०, जीवन का दान।
जीवित-परियोसान, नपुं०, जीवन का अन्त ।
जीवित-मद, पु०, जीवन मद ।
जीवित-वृत्ति, स्त्री०, जीविका ।
जीवित-संखय पु०, जीवन का अन्त ।
जीवितासा, स्त्री, जीवनाशा ।
जीवितिन्द्रिय, नपुं०, जान, जीवन ।
जीवित-संसय, पु०, जीवन के लिए

खतरा।
जीवी, पु०, जीने वाला।
जुण्ह, वि०, चमकदार।
जुण्ह-पक्ख, पु०, शुक्ल पक्ष।
जुण्ह, जातक, राजकुमार जुण्ह ने भिक्षा-पात्र तोड़ने के बदले में राजा बनने पर ब्राह्मण को दान दिया (४५६)।
जुण्हा, स्त्री०, चाँदनी, चांदनी रात।
जुति, स्त्री०, द्युति, चमक।
जुतिक, वि०, चमकदार।
जुतिघर, वि०, प्रकाशमान्।
जुतिमन्तु, वि०, प्रकाशमान।
जुहति, क्रिया, आहुति डालता है।
जुहन, नपुं०, यज्ञ।
जूत, नपुं०, द्यूत, जुआ।
जूत-कार, पु०, जुआरी।
जे, नीच कुल की स्त्री को सम्बोधन करने के लिए अव्यय-पद।
जेगुच्छ, वि०, घृणित।
जेगुच्छी पु०, घृणा करने वाला।
जेट्ठ, वि०, ज्येष्ठ।
जेट्ठतर, वि०, ज्येष्ठतर।
जेट्ठ-भगिनी, स्त्री०, बड़ी बहिन।
जेट्ठ-मातु, पु०, बड़ा भाई।
जेट्ठ-मास, ज्येष्ठ महीना।
जेट्ठापचायन, नपुं०, बड़ों का सम्मान।
जेतब्ब, कृदन्त, जीतने योग्य।
जेतवन, श्रावस्ती का वह प्रसिद्ध उद्यान, जिसमें अनाथ पिण्डिक का जेतवनाराम बना था।
जेति, क्रिया जीतता है।
जेतुत्तर, नगर-विशेष।
जेतुमिच्छा, स्त्री०, जीतने की इच्छा।
जेय्य, कृदन्त, जीतने योग्य।
जोतक, वि०, द्योतक।
जोतति, क्रिया, चमकता है।
जोतन, नपुं०, चमक।
जोति, स्त्री०, ज्योति, प्रकाश; नपुं०, तारा; पु०, आग।
जोति-पाषाण, पु०, चकमक पत्थर।
जोतिसत्थ, नपुं०, ज्योतिष शास्त्र।
जोतेति, क्रिया, प्रकाशित करता है।
ज्या, स्त्री०, धनुष की डोरी।

झ

झज्झरी, स्त्री०, झंझट।
झत्वा, पूर्वं० क्रिया, जलाकर।
झल्लिका, स्त्री०, झिंगुर।
झस, पु०, मछली।
झसा, स्त्री०, नागबाला।
झाटल, पु०, वृक्ष-विशेष।
झान, नपुं०, ध्यान।
झान-अङ्ग, नपुं०, ध्यान का एक अङ्ग।
झान-रत, वि०, ध्यान-रत।
झान-विमोक्ख, पु०, ध्यान द्वारा विमुक्ति।
झानसोधक जातक, "न-संज्ञा, न-असंज्ञा" की व्याख्या (१३४)।
झानिक, वि०, जिसने ध्यान प्राप्त किया है, ध्यान-सम्बन्धी।

झापक, पु०, आग लगाने वाला।
झापन, नपुं०, आग लगाना।
झापित, कृदन्त, जलाया गया।
झापियति, क्रिया, जलाया जाता है।
झापेति, क्रिया, जलाता है।
झापेत्वा, पूर्व० क्रिया, जलाकर।
झाबुक, पु०, पिचुल।
झाम, वि०, जला हुआ।
झामक, वि०, जला हुआ।
झायक, पु०, ध्यानी।
झायति क्रिया, ध्यान लगाता है, आग जलाता है।
झायन, नपुं०, ध्यान लगाना, आग जलाना।
झायी, पु० ध्यान लगाने वाला।

ञ

ञत्त, नपुं०, ज्ञात।
ञत्ति, स्त्री०, घोषणा।
ञत्वा, पूर्व० क्रिया, जानकर।
ञाण, नपुं०, ज्ञान, बुद्धि।
ञाण-करण, वि०, ज्ञान देने वाला।
ञाण-चक्खु, नपुं०, ज्ञान की आंख।
ञाण-जाल, नपुं०, ज्ञान का जाल।
ञाण-दस्सण, नपुं०, ज्ञान-दर्शन, सम्पूर्ण ज्ञान।
ञाण-विप्पयुत्त, वि०, ज्ञान-शून्य।
ञाण-सम्पयुत्त, वि०, ज्ञान-युक्त।
ञाणी, वि०, ज्ञानी।
ञात, कृन्दत, ज्ञात, प्रसिद्ध, साक्षात्-कृत।
ञातक, पु०, रिश्तेदार।
ञाति, पु०, रिश्तेदार।
ञाति-कथा, स्त्री० रिश्तेदारों की चर्चा।
ञाति-धम्म, पु०, रिश्तेदारों का कर्तव्य।
ञाति-परिवट्ट, नपुं०, रिश्तेदारों की मण्डली।
ञाति-पेत, पु०, मृत रिश्तेदार।
ञाति-ब्यसन, नपुं०, रिश्तेदारों का दुख।
ञाति-सङ्गह, पु०, रिश्तेदारों के साथ सद्व्यवहार।
ञाति-सालोहित, पु०, सम्बन्धी तथा रक्त-सम्बन्धी।
ञापन, नपुं०, घोषणा।
ञापेति, क्रिया, प्रकट करता है, घोषित करता है।
ञाय, पु०, व्यवस्था, पद्धति, उचित ढंग।
ञाय-पटिपन्न, वि०, सुपथगामी।
ञेय्य, वि०, ज्ञान का विषय।
ञेय्य-धम्म, पु०, जिसे सीखना या जानना योग्य हो।

ट

टङ्क, पु०, पत्थर काटने की छैनी।
टीका, स्त्री०, व्याख्या।
टीकाचरिय, पु०, अनुटीकाकार।

ठ

ठत्वा, पूर्व०क्रिया, खड़े होकर ।

ठपन, नपुं०, स्थापित करना ।

ठपापेति, क्रिया, स्थापित कराता है ।

ठपित, कृदन्त, स्थापित ।

ठपेति, क्रिया, रखता है, निश्चित करता है ।

ठपेत्वा, पूर्व० क्रिया, रखकर, एक ओर करके ।

ठान, नपुं०, स्थान, कारण ।

ठानसो, क्रि०-वि०, सकारण ।

ठानीय, नपुं०, स्थानीय, स्थान देने योग्य ।

ठापक, वि०, खड़ा रहने वाला, स्थापित करने वाला या रखने वाला ।

ठायी, वि०, स्थायी ।

ठित, कृदन्त, स्थित ।

ठितक, वि०, खड़ा होने वाला ।

ठितट्ठान, नपुं०, जहाँ आदमी खड़ा था ।

ठितत्त, नपुं०, स्थितत्व; वि०, संयत ।

ठिति, स्त्री०, स्थिति ।

ठितिक, वि०, निर्भर, स्थायी ।

ठिति-भागीय, वि०, स्थायित्व से सम्बन्धित

ड

डसति, क्रिया, डंक मारता है ।

डसन, नपुं०, डंक मारना ।

डय्हति, क्रिया, जलाया जाता है ।

डहति, क्रिया, जलाता है ।

डंस, पु०, डांस ।

डाक, पु० तथा नपुं०, खाने योग्य पौधे ।

डाह, पु०, चमक, गरमी, जलन ।

डोयन, नपुं०, उड़ना ।

डेति, क्रिया, उड़ता है ।

त

त, (सर्वनाम) सो, वह, सा, वह (स्त्री), तं, वह (वस्तु) ।

तक्क, पु०, विचार, तर्क ।

तक्क, नपुं०, तक्र, मट्ठा, पञ्च गोरस में से एक ।

तक्क जातक, तपस्वी ने गंगानदी में से डूबती हुई सेठ-कन्या को उबारा (६३) ।

तक्कन, नपुं०, तर्क करना, विचार करना ।

तक्कर, वि०, कर्ता; पु०, तस्कर, चोर ।

तक्करु जातक, देखो कक्करु जातक ।

तक्कळ जातक, वसिट्ठक ने अपनी भार्या के कहने से अपने बूढ़े पिता को मारकर गाड़ देने की तैयारी

की। वसिट्ठक के लड़के ने बाप की आँख खोली (४४६)।

तक्कसिला, स्त्री०, गन्धार की राजधानी। यहीं प्रसिद्ध तक्षशिला विश्वविद्यालय था।

तक्कसिला जातक, सम्भवतः तेलपत्त जातक का ही एक और नाम।

तक्कारी, स्त्री०, वैजयन्ती।

तक्काल, नपुं०, उस समय।

तक्कारिय जातक, ब्राह्मण ने अपनी चुप न रह सकने की सामर्थ्य के कारण अपनी जान को खतरे में डाला (४८१)।

तक्किक, पु०, तार्किक।

तक्की, पु०, तार्किक।

तक्केति, क्रिया, सोचता है, तर्क करता है।

तक्कोल, नपुं०, एक प्रकार की सुगन्धि।

तगर, नपुं०, सुगन्धित द्रव्य।

तग्गरुक, वि०, उधर झुका हुआ।

तग्घ, अव्यय, यथार्थ रूप से।

तच, पु०, चमड़ी।

तच-गन्ध, पु०, छाल की सुगन्ध।

तच-पञ्चक, नपुं०, शरीर के केश, लोम, नख, दन्त तथा त्वचा, पाँच अवयव।

तच-परियोसान, वि०, 'त्वचा' तक सीमित।

तचसार जातक, गाँव के वैद्य ने लड़कों द्वारा साँप पकड़वाना चाहा। एक बुद्धिमान लड़के ने साँप को मार कर अपनी जान बचाई (३६८)।

तचुब्भव, वि०, छाल-निर्मित।

तच्छ, वि०, सत्य, यथार्थ; नपुं०, सत्य।

तच्छक, पु०, बढ़ई, लकड़ी छीलने वाला।

तच्छति, क्रिया, छीलता है।

तच्छन, नपुं०, छीलना।

तच्छनी, स्त्री०, बसूला।

तच्छसूकर जातक, सूअर ने अपने साथियों को संगठित कर सूअर को मार डाला (२८६)।

तच्छेति, क्रिया, छीलता है।

तज्ज, वि०, उससे उत्पन्न।

तज्जना, स्त्री०, तर्जना, भय का कारण।

तज्जनीय, तर्जना करने के योग्य।

तज्जनी, स्त्री०, तर्जनी उँगली।

तज्जारी, स्त्री०, छत्तीस अणु।

तज्जेति, क्रिया, तर्जना करता है, डराता है, धमकाता है।

तट, नपुं०, (नदी का) तट; पु०, पर्वत या चट्टान की खड़ी दीवार, कगार।

तटतटायति, क्रिया, तट-तट शब्द करता है।

तट्टक, नपुं०, थाली, तश्तरी, ताट (मराठी)।

तट्टिका, स्त्री०, एक छोटी चटाई।

तण्डुल, नपुं०, चावल के दाने।

तण्डुलनालि जातक, राजा के मूल्य-निश्चय करने वाले ने पाँच सौ घोड़ों की कीमत चावल की नली बताई (५)।

तण्डुल-मुट्ठि, पु०, चावल की मुट्ठी।

तण्हा, स्त्री०, तृष्णा।

तण्हाक्खय, पु०, तृष्णा का क्षय ।
तण्हा-जाल, नपुं०, तृष्णा का जाल ।
तण्हा-दुतिय, वि०, तृष्णा सहित ।
तण्हा-पच्चय, वि०, तृष्णा के कारण ।
तण्हा-मूलक, तृष्णा जिनके मूल में हो ।
तण्हा-विचारित, कृदन्त, तृष्णा का विचार ।
तण्हा-संखय, पु०, तृष्णा का मूलोच्छेद ।
तण्हा-संयोजन, नपुं०, तृष्णा का बन्धन ।
तण्हा-सल्ल, नपुं०, तृष्णा-शल्य ।
तण्हीयति, क्रिया, तृष्णा करता है ।
तत, कृदन्त, फैला हुआ ।
ततिय, वि०, तृतीय ।
ततिया, स्त्री०, तृतीया ।
ततियं, क्रि०-वि०, तीसरी बार ।
ततो, अव्यय, वहाँ से, उससे, उस लिये ।
ततो निदानं, क्रि०-वि०, उस कारण से ।
ततो पट्ठाय, अव्यय, उस समय से आरम्भ करके ।
ततो परं, अव्यय, उसके बाद ।
तत्त, नपुं०, तत्त्व, वास्तविकता; कृदन्त, तपा हुआ ।
तत्ततो, अव्यय, वास्तविक रूप से ।
तत्तक, वि०, उतने तक, उतने माप तक ।
तत्थ (तत्र भी), क्रि०-वि०, वहाँ, उस स्थान पर ।
तथ, वि०, तथ्य; नपुं०, सत्य ।
तथता, स्त्री०, सत्यता ।
तथत्त, नपुं०, सत्यता ।
तथवचन, वि०, सत्य वचन ।
तथा, क्रि०-वि०, वैसे ।
तथाकारी, वि०, वैसा करने वाला ।
तथागत, वि०, भगवान् बुद्ध का स्वयं अपने लिए व्यवहृत वचन, जैसे आया अथवा जैसे गया ।
तथागत-बल, नपुं०, तथागत की दस विशिष्ट शक्तियाँ ।
तथा-भाव, पु०, वैसा-पन ।
तथा-रूप, वि०, इस प्रकार का, इस रूप का ।
तथेव, क्रि०-वि०, वैसे ही ।
तदग्गे, क्रि०-वि०, इससे आगे ।
तदङ्ग, वि०, वह अङ्ग, वह प्रकरण ।
तदत्थं, अव्यय, उस उद्देश्य के लिए ।
तदनुरूप, वि०, उसके अनुरूप ।
तदह, तदहु, नपुं०, उसी दिन ।
तदहुपोसथे, उसी उपोसथ-व्रत के दिन ।
तदा, अव्यय, उस समय, तब ।
तदुपिय, वि०, उसके अनुरूप, योग्य ।
तदुपेत, वि०, उसके साथ ।
तनय, (तनुज भी), पु०, पुत्र, सन्तान ।
तनया, (तनुजा भी), स्त्री०, लड़की ।
तनु, वि०, पतला, दुबला; स्त्री० तथा नपुं०, शरीर ।
तनुकत, वि०, दुबलाया हुआ ।
तनुकरण, नपुं०, दुबलाना ।
तनुतर, वि०, दुर्बलतर ।
तनुत्त, नपुं०, पतले होने का भाव ।
तनुता, स्त्री०, पतले होने का भाव ।

तनु-भाव, पु०, पतला होने का भाव।
तनु-रूह, नपुं०, शरीर पर उगे बाल।
तनोति, क्रिया, फैलाता है।
तन्त, नपुं०, धागा।
तन्त-वाय, पु०, जुलाहा।
तन्ताकुलकजात, वि०, धागे की गेंद की तरह उलझा हुआ।
तन्ति, स्त्री०, पंक्ति, परम्परा, पवित्र-ग्रन्थ।
तन्ति-धर, वि०, परम्परा-संरक्षक।
तन्तिस्सर, पु०, सितार का संगीत।
तन्तु, पु०, धागा।
तन्दित, वि०, थका हुआ, सुस्त, अक्रियाशील।
तन्दी, वि०, आलसी, प्रमादी।
तप, पु० तथा नपुं०, तपस्या।
तपो-कम्म, नपुं०, तपस्या की क्रिया।
तपो-धन, वि०, तपस्या ही जिसका धन है।
तपोवन, नपुं०, तपस्या का स्थान।
तपति, क्रिया, चमकता है।
तपन, नपुं०, चमक।
तपनीय, वि०, अनुताप का कारण; नपुं०, सोना।
तपस्सी, वि०, तपस्वी; पु०, तपस्वी साधु।
तपस्सिनी, स्त्री०, तपस्विनी।
तपस्सु, उत्कल (उक्कल) का एक व्योपारी। वह तथा उसका साथी भल्लुक, ये दोनों ही केवल द्वि-शरणागमन से उपासकत्व को प्राप्त हुए थे।
तपोदा, राजगृह के बाहर वेभार पर्वत के नीचे एक बड़ा जलाशय।
तप्पण, नपुं०, संतोष,।
तप्पति, क्रिया, जलता है, चमकता है, अनुतप्त होता है।
तप्पर, वि०, तत्पर, समर्पित।
तप्पित, कृदन्त, संतर्पित, संतुष्ट।
तप्पिय, वि०, संतुष्ट होने योग्य; पूर्व० क्रिया, संतुष्ट होकर।
तप्पेति, क्रिया, संतुष्ट होता है।
तप्पेतु, पु०, संतुष्ट होने वाला।
तब्बहुल, वि०, अधिकतया वही।
तब्बिपक्ख, वि०, उसके विपक्ष में।
तब्बिपरीत, वि०, उसके विपरीत।
तब्बिसय, वि०, वही विषय।
तब्भाव, पु०, वही भाव।
तम, पु० तथा नपुं०, अन्धकार, अज्ञान।
तमो-खन्ध, पु०, अन्धकार-समूह।
तमो-नद्ध, वि०, अन्धकाराच्छन्न।
तमोनुद, वि०, अन्धकार को दूर करने वाला।
तमो-परायण, वि०, अन्धकार में जाने वाला।
तमाल, पु०, वृक्ष-विशेष।
तम्ब, नपुं०, तांबा; वि०, तांबे के वर्ण का।
तम्ब-केस, वि०, ताम्र-वर्ण केश।
तम्ब-चूल, पु०, मुर्गा।
तम्ब-नख, वि०, ताम्र-वर्ण नाखून वाला।
तम्ब-नेत्त, वि०, ताम्र-वर्ण आंखों वाला।
तम्ब-भाजन, नपुं०, ताम्र-बर्तन।
तम्बपण्णि, सुप्पारक से विदा होकर विजय राजकुमार तथा उसके

साथियों का लंका में प्रथम पदार्पण करने का स्थान।
तम्बूल, नपुं०, पान का पत्ता।
तम्बूल-पसिब्बक, पु०, पान रखने की थैली।
तम्बूल-पेळा, स्त्री०, पान की पेटी।
तय, नपुं०, तीन।
तयी, स्त्री०, (वेद-)त्रयी।
तयो, वि०, तीन जने।
तयोधम्म जातक, बन्दर-पिता अपनी सन्तान की स्वयं हत्या कर डालता था (५८)।
तर, पु०, तरणी, नौका।
तरङ्ग, पु०, लहर।
तरच्छ, पु०, भालू।
तरण, नपुं०, (तैरकर) पार जाना, उस ओर पहुँचना।
तरणी, स्त्री०, नौका।
तरति, क्रिया, तैरता है।
तरमान-रूप, वि०, जल्दी में।
तरल, नपुं०, कांजी, यवागु।
तरितु, पु०, पार जाने वाला।
तरी, स्त्री०, नाव।
तरु, पु०, वृक्ष, पेड़।
तरा-सण्ड, पु० वृक्षों का झुण्ड।
तरुण, वि०, नौजवान।
तल, नपुं०, नीचे का स्तर, चौपट स्थान, चौपट छत, किसी हथियार का फल।
तल-घातक, नपुं०, हाथ की चपत।
तल-सत्तिक, नपुं०, हाथ की हथेली, जो तलवार जैसी लगे।
तळाक, पु०, तालाब।
तळुण, देखो तरुण।
तस, वि०, चञ्चल, अस्थिर।
तसर, पु०, फिरकी, जुलाहे की नाल।
तसति, क्रिया, काँपता है; भयभीत होता है।
तसिना, स्त्री०, तृष्णा।
तस्सन, नपुं०, तृषा, पिपासा।
तहं, क्रि०-वि०, वहाँ, उस स्थान पर।
तहिं, क्रि०-वि०, वहाँ, उस स्थान पर।
ताण, नपुं०, त्राण, शरण।
तात, पु०, पिता, पुत्र (स्नेह-पूर्ण आमन्त्रण बड़ों तथा छोटों, दोनों के लिए)।
तादिस, वि०, तादृश, वैसा।
तापन, नपुं०, आत्म-क्लेश।
तापस, पु०, तपस्वी।
तापसी, स्त्री०, तपस्विनी।
तापेति, क्रिया, तपाता है, गरमी पहुंचाता है।
तामबूली, तमोली।
तामलित्ति, जिस पत्तन से अशोक ने बोधि वृक्ष की शाखा सिंहल भेजी थी।
तायति, क्रिया, रक्षा करता है।
तायन, नपुं०, संरक्षण।
तार, पु०, अत्यन्त ऊँची आवाज।
तारका, स्त्री०, (आकाश का) तारा।
तारा, स्त्री०, (आकाश का) तारा।
तारा-गण, पु०, तारा-समूह।
तारा-पति, पु०; चन्द्रमा।
तारा-पथ, पु०, आकाश।
तारेतु, पु०, तरण में सहायक, संरक्षक।

ताल, पु०, ताड़ का वृक्ष ।
तालट्ठिक, नपुं०, ताड़ के भीतर की गुठली ।
ताल-कन्द, पुं०, ताड़ की कोंपल ।
तालक्खन्ध, ताड़-वृक्ष का तना ।
ताल-पक्क, नपुं०, ताड़ का फल ।
ताल-पण्ण, नपुं०, ताड़ का पत्ता ।
ताल-वन्त, नपुं०, पंखा ।
तालावत्थुकत, वि०, जड़ से उखाड़ दिया गया ।
तालु, पु०, तालु ।
तालुज, वि०, तालव्य ।
ताव, अव्यय, तब तक ।
तावकालिक, वि०, अस्थायी ।
तावतक, वि०, इतना ही, इतनी देर तक ही ।
तावता, क्रि०-वि०, तब तक ।
तावतिंस, तैंतीस संख्या, केवल समास-पदों में जहाँ ३३ देवताओं का जिक्र हो ।
तावतिंस-देवलोक, चातुम्महाराजिक देव-लोक के बाद दूसरा काल्पनिक देव-लोक (तैंतीस देवताओं का) ।
तावतिंस-भवन, नपुं०, ततीस देवताओं का भवन ।
तावदेव, अव्यय, उस समय, तुरन्त ।
ताळ, पु०, चाबी, गीत की ताल ।
ताळच्छिग्गल, नपुं०, चाबी का छेद ।
ताळच्छिद्द, नपुं०, चाबी का छेद ।
ताळावचर, नपुं०, संगीत; पु०, संगीतज्ञ ।
ताळन, नपुं०, ताड़न, चोट पहुंचाना ।
ताळी, स्त्री०, चोट ।
ताळेति, क्रि०, ताड़ना देता है ।
तास, पु०, त्रास, भय, कंपन ।
तासेति, क्रि०, त्रास देता है ।
ति, वि०, तीन ।
ति-कटुक, नपुं०, तीन मसाले (दवाइयां) ।
तिक्खत्तुं, क्रि०-वि०, तीन बार ।
तिगावुत, वि०, तीन गव्यूति माप ।
तिगोचर, पु०, तीन जनों द्वारा सुना गया शब्द ।
तिचीवर, नपुं०, भिक्षु के तीन चीवर ।
तिदिव, पु०, दिव्य-लोक ।
तिदिवाधार, पु०, मेरु पर्वत ।
तिदिवादिभू, पु०, शक्र, देवेन्द्र ।
तिपिटक, नपुं०, पालि त्रिपिटक, १.सुत्त-पिटक, २. विनय-पिटक, ३. अभिधम्म-पिटक ।
तिपुटा, पु०, तेवरी ।
तिपेटक, तिपेटकी, वि०, त्रिपिटक का ज्ञाता ।
तियामा, स्त्री०, रात्रि ।
तियोजन, नपुं०, तीन योजन की दूरी ।
तिरक्कार, पु०, तिरस्कार, अपमान ।
तिलिङ्गिक, वि०, जिस शब्द की गिनती तीनों लिङ्गों के अन्तर्गत हो ।
तिलिच्छ, पु०, सर्प-विशेष ।
तिलोक, पु०, तीनों लोक ।
तिवग्ग, वि० त्रिवर्ग, जीवन के तीन परमार्थ—धर्म, अर्थ, काम ।
तिवङ्गिक, वि०,जिसके तीनों अङ्ग हों ।
तिवस्सिक, वि०, तीन वर्ष का ।
तिविज्जा, स्त्री०, त्रिविद्या ।
तिविध, वि०, त्रिविध ।
तिवुता, स्त्री०, शुक्लवर्ण तेवरी ।
तिक, नपुं०, तीसरा, जिसके अन्तर्गत तीन हों ।

तिकिच्छक, पु०, चिकित्सक ।
तिकिच्छति, क्रि०, चिकित्सा करता है ।
तिकिच्छा, स्त्री०, चिकित्सा ।
तिक्ख, वि०, तीक्ष्ण ।
तिक्खपञ्जा, वि०, तेज प्रज्ञा वाला ।
तिखिण, वि०, तीक्ष्ण, तेज ।
तिट्ठति, (ठित, कृदन्त), क्रि०, ठहरता है ।
तिण, नपुं०, तृण ।
तिणअण्डूपक, नपुं०, घास का गद्दा ।
तिण-उक्का, स्त्री०, तिनकों की मशाल ।
तिण-गहण, नपुं०, तृण-ग्रहण ।
तिण-जाति, स्त्री०, तिनकों की जाति ।
तिण-भक्ख, वि०, तिनके खाकर रहने वाला ।
तिण-भिसि, स्त्री०, तिनकों की चटाई ।
तिण-संथार, पु०, तिनकों का बिछौना ।
तिण-हारक, पु०, घास बेचने वाला, घसिय ।
तिणागार, नपुं०, तिनकों की कुटिया ।
तिन्दुक जातक, देखो तिण्डुक जातक ।
तिण्ण, कृदन्त, तीर्ण, पार उतर गया ।
तिण्ह, वि०, तेज ।
तितिक्खति, क्रि०, सहन करता है ।
तितिक्खा, स्त्री०, सहनशीलता ।
तित्त, वि०, तिक्त, तीता, कड़ुवा; कृदन्त, तृप्त, संतुष्ट ।
तित्तक, वि०, तिक्त, तीता, कड़ुवा ।
तित्ति, स्त्री०, तृप्ति ।
तित्तिर, पु०, तीतर ।
तित्तिर जातक, तीतर, बन्दर और हाथी की कथा (३७) ।
तित्तिर जातक, बिना मतलब किसी को उपदेश देने का दण्ड (११७) ।
तित्तिर जातक, एक तीतर के आवाज करने पर, दूसरे तीतर भी आ इकट्ठे होते और शिकारी के हाथ से मारे जाते (३१९) ।
तित्तिर जातक, तीतर ने तीनों वेद कण्ठस्थ कर लिये (४३८) ।
तित्थ, नपुं०, तीर्थ, पत्तन ।
तित्थकर, पु०, सम्प्रदाय-विशेष का संस्थापक ।
तित्थायतन, नपुं०, सम्प्रदाय-विशेष के सिद्धान्त ।
तित्थ जातक, राजकीय घोड़े ने अपने स्नान करने की जगह पर दूसरा घोड़ा नहला दिये जाने के कारण वहाँ नहाने से इनकार कर दिया (२५) ।
तित्थिय, पु०, दूसरे मत का संस्थापक ।
तित्थिय-सावक, पु०, दूसरे मत का शिष्य ।
तित्थियाराम, पु०, तपस्वियों का आश्रम ।
तिथि, स्त्री०, चान्द्र-मास की तिथि ।
तिदस, पु०, देवता ।
तिदसपुर, नपुं०, देव-नगर ।
तिदसिन्द, पु०, देवताओं का राजा ।
तिदण्ड, नपुं०, तिपाई ।
तिधा, क्रि०-वि०, तीन तरह से ।
तिन्त, गीला, भीगा ।
तिन्दुक, पु०, वृक्ष-विशेष ।
तिन्दुक जातक, तिन्दुक-फल खाने वाले बन्दरों की कथा (१७७) ।
तिपञ्ञास, स्त्री०, तिरपन ।
तिपल्लत्थ मिग जातक, मृग-पोतक ने

भुठ-मूठ मरने का ढोंग रच जान बचाई (१६)।
तिपु, नपुं०, सीसा।
तिपुस, नपुं०, कद्दू।
तिप्प, वि०, तीव्र।
तिब्ब, वि०, तीव्र।
तिमि, पु०, एक बड़ी मछली-विशेष।
तिमिंगल, पु०, विशाल मछली, जो छोटी मछलियों को निगल जाती है।
तिमिर, नपुं०, अँधेरा।
तिमिरायितत्त, नपुं०, अँधेरापन।
तिमिस, नपुं०, अँधेरा।
तिमिसिका, स्त्री०, अत्यन्त अँधेरी रात।
तिम्बरु, देखो तिंदुक।
तिरच्छान, पु०, पशु।
तिरच्छान-कथा, स्त्री०, बेकार बात-चीत।
तिरच्छानगत, पु०, पशु।
तिरच्छान-योनि, स्त्री०, पशु-योनि।
तिरियं, क्रि०-वि०, तिरछे।
तिरियं-तरण, पार उतरना।
तिरीटक, नपुं०, छाल का बना आच्छादन।
तिरीटवच्छ जातक, तिरीटवच्छ तपस्वी ने अपने आश्रम में राजा का स्वागत किया (२५९)।
तिरो, अव्यय, पार, बाह्य।
तिरोकरणी, स्त्री०, परदा।
तिरोकुड्ड, नपुं०, दीवार के बाहर की ओर।
तिरोक्कार, पु०, अपमान, तिरस्कार।
तिरोधान, नपुं०, ढक्कन।
तिरोभाव, पु०, अदृश्य होना।
तिल, नपुं०, तिल।
तिल-कक्क, तिल लेप।
तिल-पिञ्ञाक, नपुं०, तिल की खली।
तिल-पिट्ठ, नपुं०, तिल की खली।
तिल-मुट्ठि, पु०, तिलों की मुट्ठी।
तिल-मुट्ठि जातक, बुढ़िया के फैलाये हुए तिलों को मुट्ठी-भर खाने वाले राजकुमार की कथा (२५२)।
तिल-वाह, पु०, गाड़ी-भर तिल।
तिल-सङ्गुलिका, स्त्री०, तिल का लड्डू।
तिंसति, स्त्री०, तीस।
तिंसा, स्त्री०, तीस।
तीर, नपुं०, किनारा, तट।
तीर-दस्सी, पु०, तीर-द्रष्टा।
तीरण, नपुं०, निर्णय, निश्चय।
तीरेति, क्रि०, निश्चय करता है।
तीरित, कृदन्त, निश्चय किया गया।
तीरेत्वा, पूर्व०-क्रि०, निश्चय करके।
तीह, नपुं०, तीन दिन का समय।
तु, अव्यय, जैसे-तैसे, लेकिन, अभी, अब, तब।
तुङ्ग, वि०, ऊँचा, प्रसिद्ध।
तुंग-नासिक, वि०, ऊँची नाक वाला।
तुच्छ, वि०, खाली, व्यर्थ, त्यक्त।
तुट्ठ, कृदन्त, संतुष्ट।
तुट्ठि, स्त्री०, प्रसन्नता, प्रीति।
तुण्डक, नपुं०, चोंच।
तुण्डिल जातक, महातुण्डिल तथा चुल्ल-तुण्डिल, सूअर-पोतकों की कथा, (३८८)।
तुण्ण-कम्म, नपुं०, सिलाई का काम।
तुण्ण-वाय, पु०, दर्जी।
तुण्ही, अव्यय, चुप।
तुण्ही-भाव, पु०, मौन।

तुण्ही-भूत, वि०, चुप ।
तुण्हीयति, क्रि०, चुप रहता है ।
तुत्त, नपुं०, हाथी का अंकुश ।
तुदति, क्रि०, चुभोता है ।
तुदित, कृदन्त, चुभोया गया ।
तुदन, नपुं०, चुभोना ।
तुदम्पति, वि०, पत्नी-पति दोनों जने ।
तुमुल, वि०, बड़ा, विशाल ।
तुम्ब, पु० तथा नपुं, तुम्बा ।
तुम्ब-कटाह, लौकी का बर्तन ।
तुम्बी, स्त्री०, लौकी ।
तुम्ह, सर्वनाम (मध्यम पुरुष-बहुवचन), तुम ।
तुरग, पु०, घोड़ा ।
तुरति, क्रि०, जल्दी करता है ।
तुरित, वि०, शीघ्र ।
तुरितं, क्रि०-वि०, शीघ्रता से ।
तुरिय, नपुं०, तूर्य-बाजा ।
तुरियंतर, नपुं०, वाद्य-विशेष ।
तुरुक्ख, वि०, तुर्कों से सम्बन्धित ।
तुलना, स्त्री०, तोलना, विचार करना ।
तुलसी, स्त्री०, तुलसी का पौधा ।
तुला, स्त्री०, तराजू ।
तुलाकूट, नपुं०, खोटा तराजू ।
तुला-दण्ड, पु०, तराजू की डण्डी ।
तुलिय, पु०, चिमगादड़; वि०, समान, जो तोला जा सके ।
तुलेति, क्रिया, तोलता है ।
तुल्य, वि०, समान, जो तोला जा सके ।
तुल्यता, स्त्री०, समानता ।
तुल्ल, देखो तुल्य ।
तुवं, (त्वं भी), सर्वनाम, तू ।
तुवटं, क्रि०-वि०, शीघ्रता से ।
तुवट्टेति, क्रिया, बाँटता है ।
तुस्सति, क्रिया, संतुष्ट होता है ।
तुस्सना, स्त्री, संतोष ।
तुसित, छह देव-लोकों में से चौथा देव-लोक ।
तुहिन, नपुं०, ओस ।
तूण, पु०, तरकश ।
तूणीर, देखो तूण ।
तूरिय, देखो तुरिय ।
तूल, नपुं०, कपास ।
तूलिका, स्त्री०, चित्रकार की तूलिका, रूई का गद्दा ।
ते-असीति, स्त्री०, तिरासी ।
ते-किच्छ, वि०, चिकित्सा कर सकने योग्य ।
ते-चत्तालीसति, स्त्री०, तितालीस ।
ते-चीवरिक, वि०, त्रिचीवर वाला ।
तेज, पु० तथा नपुं०, ऊष्णता, प्रकाश ।
तेजो-धातु, स्त्री०, ऊष्णता ।
तेजो-कसिन, नपुं०, ध्यान लगाने के लिए अग्नि-प्रकाश ।
तेजन, नपुं०, तीर ।
तेजवन्तु, वि०, तेजयुक्त ।
तेजित, कृदन्त, तेज किया हुआ ।
तेजेति, क्रिया, ऊष्णता उत्पन्न करता है ।
तेत्तिंसा, स्त्री०, तैंतीस ।
तेन, अव्यय, इस कारण से ।
ते-नवुति, स्त्री०, तिरानबे ।
ते-पञ्ञासति, स्त्री०, तिरपन ।
तेमन, नपुं०, गीला होना, भीग जाना ।
तेमियति, क्रिया, भीगता है, गीला हो जाता है ।
तेरस, तेळस, वि०, तेरह ।
तेरो-वस्सिक, वि०, तीन वर्ष का ।

तेल, नपुं०, तेल, स्निग्ध पदार्थ ।
तेल-घट, पु०, तेल का घड़ा ।
तेल-चाटी, स्त्री०, तेल का बर्तन ।
तेल-धूपित, वि०, तेल में छौंका गया ।
तेल-पदीप, पु०, तेल-लैम्प ।
तेल-मक्खन, नपुं०, तेल माखना, तेल लगाना ।
तेलक, नपुं०, थोड़ा-सा तेल ।
तेल-पत्त जातक, राजकुमार इन्द्रिय-सुखों के फेर में न पड़कर तक्षशिला पहुँचा और राजा बना (९६) ।
तेलिक, पु०, तेली ।
तेलोवाद जातक, त्रिकोटि परिशुद्ध मांस-मछली का भोजन कर सकने के बारे में कथा (२४६) ।
तेसकुण जातक, राजा ने अण्डों में से निकले बच्चों को अपनी सन्तान की तरह पाला-पोसा (५२१) ।
तेसट्ठि, स्त्री०, तिरसठ ।
तेसत्तति, स्त्री०, तिहत्तर ।
तोमर, पु० तथा नपुं०, बर्छी ।
तोय, नपुं०, जल ।
तोरण, नपुं०, तोरण-द्वार ।
तोस, पु०, प्रसन्नता, प्रीति ।
तोसना, स्त्री०, संतोष ।
तोसापेति, क्रिया, संतुष्ट करता है ।
तोसेति, क्रिया, संतोष देता है ।
त्यादो, वि०, बहु, अनेक ।

थ

थकन, नपुं०, बन्द करना, ढक्कन ।
थकेति, क्रिया, बन्द करता है ।
थकेसि, अतीत०-क्रिया, बन्द किया ।
थकित, कृदन्त, बन्द किया हुआ ।
थकेन्त, कृदन्त, बन्द करता हुआ ।
थकेत्वा, पूर्व०-क्रिया, बन्द करके ।
थञ्ज, नपुं०, स्तन्य, माँ का दूध ।
थण्डिल, नपुं०, कड़ी जमीन ।
थण्डिल-सायिका, स्त्री, नंगी जमीन पर लेटना (एक प्रकार की तपस्या) ।
थण्डिल-सेय्या, स्त्री०, नंगी जमीन पर बिस्तर ।
थद्ध, वि०, कठोर, कड़ा ।
थद्ध-मच्छरी, पु०, अत्यन्त कंजूस ।
थन, नपुं०, स्त्री का स्तन, गौ-बकरी का स्तन ।
थनग्ग, नपुं०, चूची ।
थनप, पु०, स्तनपायी, शिशु ।
थनयति, क्रिया, गर्जता है ।
थनित नपुं०, गर्जन ।
थनेति, क्रिया, गर्जता है ।
थनेसि, अतीत०-क्रिया०, गर्जा ।
थनित, कृदन्त, गर्जा हुआ ।
थनेन्त, कृदन्त, गर्जता हुआ ।
थनेत्वा, पूर्व०-क्रिया, गर्जकर ।
थपति, पु०, बढ़ई ।
थबक, पु०, गुच्छा ।
थम्भ, पु०, खम्मा, स्तम्भ ।
थम्भक, पु०, घास की मुट्ठी ।
थरु, पु०, तलवार (या अन्य किसी शस्त्र) की मूठ, तलवार ।
थल, नपुं०, भूमि, जमीन ।
थल-गोचर, वि०, स्थल-निवास करने

वाला।

थलज, वि०, भूमि से उत्पन्न।

थलट्ठ, वि०, भूमि पर स्थित।

थलपथ, पु०, जमीन पर मार्ग।

थव, पु०, प्रशंसा, स्तुति।

थवति, क्रिया, प्रशंसा करता है।

थविका, स्त्री०, थैली।

थाम, पु०, सामर्थ्य, शक्ति।

थामवन्तु, वि०, सामर्थ्यवान्, शक्तिशाली।

थाल, पु० तथा नपुं०, थाल।

थाली, स्त्री०, थाली।

थालक, नपुं०, छोटा भाजन।

थालिका, स्त्री०, नोकदार पात्र।

थाली-पाक, पु०, दूध में पका भात या जौ।

थावर, वि०, स्थिर, अचल।

थावरिय, नपुं०, स्थिरपन, अचलपन।

थिर, वि०, दृढ़।

थिरतर, वि०, दृढ़तर।

थिरता, स्त्री०, दृढ़तर।

थी, स्त्री०, स्त्री।

थी-रज, पु० तथा नंपुं०, स्त्रियों का मासिक धर्म।

थीन, नपुं०, जड़ता, आलस्य।

थुति, स्त्री०, स्तुति।

थुति-पाठक, पु०, भाट।

थुनाति, क्रिया, कराहता है।

थुनि, अतीत०-क्रिया, कराहा।

थुनंत, थुनमान, कृदन्त, कराहता हुआ।

थुनित्वा, पूर्व०-क्रिया, कराहकर।

थुल्ल, वि०, स्थूल, बड़ा, विशाल।

थुल्लच्चय, पु०, बड़ा अपराध।

थुल्ल-कुमारी, स्त्री०, मोटी लड़की।

थुल्ल-फुसितक, वि०, बड़ी-बड़ी बूंदों वाली वर्षा।

थुल्ल-सरीर, वि०, मांसल, मोटे शरीर वाला।

थुस, पु०, भूसी।

थुसग्गि, पु०, भूसी की आग।

थुस-पच्छि, स्त्री०, भूसी से ठूसी हुई, पक्षी।

थुस-सोडक, नपुं०, सिरके का एक प्रकार।

थुस जातक, आचार्य ने बनारस राज्य के उत्तराधिकारी अपने शिष्य राजकुमार को चार गाथाएँ सिखा दी थीं। उन्होंने ही उसकी जान बचाई (३३८)।

थूण, पु०, खम्भा, वध-स्थल, पशुओं की बलि देने का स्थान।

थूण, मज्झिम-देस की पश्चिम-सीमा पर एक गांव। वर्तमान थानेश्वर।

थूप, पु०, स्तूप।

थूपारह, वि०, स्तूप-निर्माण द्वारा पूज्य।

थूप-वंस, वाचिस्सर रचित पालि रचना। इस काव्य के एक अंश में अनुराधपुर के महास्तूप की रचना का वर्णन है।

थूपिका, स्त्री०, शिखर।

थूपीकत, वि०, स्तूप की तरह कृत।

थूल, वि०, स्थूल।

थूलता, स्त्री०, स्थूलता।

थूल-साटक, पु०, मोटा वस्त्र।

थेत, वि०, विश्वसनीय।

थेन, पु०, चोर ।
थेनक, पु०, चोर ।
थेनित, कृदन्त, चोरीकृत ।
थेनेति, क्रिया, चोरी करता है ।
थेनेसि, अतीत०-क्रिया, चोरी की ।
थेनेन्त, कृदन्त, चोरी करते हुए ।
थेनेत्वा, पूर्व०-क्रिया, चोरी करके ।
थेय्य, नपुं०, चोरी ।
थेय्य-चित्त, नपुं०, चोरी का इरादा ।
थेय्य-संवासक, वि०, झूठ-मूठ भिक्षुओं का वस्त्र धारण कर भिक्षुओं के साथ रहने वाला ।
थेर, पु०, ज्येष्ठ भिक्षु, जो कम-से-कम दस वर्ष का उपसम्पन्न भिक्षु हो ।
थेर-गाथा, खुद्दक निकाय का आठवां ग्रन्थ । इसकी गाथाएँ बुद्ध के समकालीन भिक्षुओं की रचनाएँ मानी जाती हैं ।
थेर-वाद, पु०, स्थविर-वाद, स्थविरों का सिद्धान्त ।
थेरी, स्त्री०, ज्येष्ठ भिक्षुणी, बुढ़िया ।
थेरी-गाथा, खुद्दक निकाय की नौवीं रचना । यह स्थविरियों की काव्य-कृतियों का संग्रह माना जाता है ।
थेव, पु०, बूंद ।
थोक, वि०, थोड़ा ।
थोकं थोकं, क्रि०-वि०, थोड़ा-थोड़ा ।
थोमन, नपुं०, स्तुति ।
थोमेति, क्रिया, स्तुति करता है ।

द

दक, नपुं०, जल ।
दक-रक्खस, पु०, जल-राक्षस ।
दक-रक्खस जातक, देखो महाउम्मग्ग जातक (५४६) । दकरक्खस जातक (५१७) नाम की कोई कथा पृथक् रूप से अस्तित्व में नहीं है ।
दकसीतलिक, नपुं०, सफेद कुदुम का फूल ।
दक्ख, वि०, दक्ष, योग्य ।
दक्खक, वि०, देखने वाला ।
दक्खता, स्त्री०, दक्षता ।
दक्खति, क्रिया, देखता है ।
अदक्खि, अतीत०-क्रिया, देखा ।
दक्खिण, वि०, दक्षिण, दायाँ, दायीं ।
दक्खिणक्खक, नपुं०, दाहिनी हँसली ।
दक्खिण-दिसा, स्त्री०, दक्षिण-दिशा ।
दक्खिण-देस, पु०, दक्षिण देश ।
दक्खिणापथ, पु०, भारत का दक्षिणी हिस्सा, वर्तमान दक्किन ।
दक्खिणायन, नपुं०, (सूर्य का) दक्षिणायन (-पथ) ।
दक्खिणारह, वि०, दक्षिणा के योग्य ।
दक्खिणावत्त, वि०, दाहिनी ओर मुड़ना ।
दक्खिणा, स्त्री०, दक्षिण (दिशा), दक्षिणा ।
दक्खिणा-विसुद्धि, स्त्री०, दक्षिणा की पवित्रता ।
दक्खिणोदक, नपुं०, दक्षिणा का जल ।

दक्खिणेय्य, वि०, दक्षिणा देने के योग्य।

दक्खिणेय्य-पुग्गल, पु०, दक्षिणा का अधिकारी व्यक्ति।

दक्खी, पु०, देखने वाला, अनुभव करने वाला।

दट्ठ, कृदन्त, डसा गया।

दट्ठट्ठान, नपुं०, वह स्थान जहां डसा गया।

दट्ठ-भाव, पु०, डसे जाने की बात।

दड्ढ कृदन्त, जला हुआ।

दड्ढट्ठान, नपुं०, वह स्थान जो जल गया।

दड्ढ-गेह, वि०, ऐसा आदमी जिसका घर जल गया हो।

दण्ड, पु०, १. लकड़ी, २. सजा।

दण्डक-मधु, नपुं०, लकड़ी पर लटका हुआ मधु का छत्ता।

दण्ड-कम्म, नपुं०, सजा।

दण्ड-कोटि, स्त्री०, छड़ी का सिरा।

दण्ड-दीपिका, स्त्री०, मशाल।

दण्डनीय, वि०, जिसे दण्डित करना उचित हो।

दण्डप्पत्त, वि०, जिसे दण्ड दिया गया हो।

दण्ड-परायण, वि०, जिसे छड़ी का सहारा हो।

दण्ड-पाणि, वि०, जिसके हाथ में छड़ी हो।

दण्ड-पाणि, अंजन तथा यशोधरा का पुत्र, कपिलवस्तु का शाक्य। शुद्धोदन की दोनों रानियां, माया तथा प्रजापति, इसकी बहनें थीं।

दण्ड-भय, नपुं०, दण्ड का भय।

दण्ड-हत्थ, वि०, जिसके हाथ में छड़ी हो।

दत्त, कृदन्त, दिया गया।

दत्ति, स्त्री०, भोजन रखने के लिए छोटा-सा बर्तन।

दत्तु, पु०, एक मूर्ख आदमी।

दत्वा, पूर्व०-क्रिया, देकर।

दद, वि०, देता हुआ।

ददित्वा, देखो दत्वा।

ददाति, क्रिया, देता है।

दद्दभ जातक, बेल के पेड़ के नीचे पड़े खरगोश ने पेड़ से गिरते फल को देखकर सोचा कि प्रलय होने वाला है। वह भागा (३२२)।

दद्दर जातक, जब गीदड़ भी शेर की तरह गर्जने लगे, तो शेर संकोच के मारे चुप हो गये (१७२)।

दद्दर जातक, महादद्दर तथा चूळदद्दर नागों की कथा (३०४)।

दद्दरी, पु०, वाद्य-विशेष।

दद्दु, स्त्री०, दाद।

दद्दुर, पु०, मेंढक।

दद्दुल, नपुं०, स्पंज की तरह नर्म ढांचा, एक प्रकार का चावल।

दधि, नपुं०, दही।

दधि-घट, पु०, दहीं का घड़ा।

दधि-मण्ड(क), नपुं०, मठा, छाछ।

दधिवाहन जातक, दधिवाहन राजा ने अपने शत्रुओं को दही के समुद्र में डुबोकर मार डाला था (१८६)।

दन्त, नपुं०, दांत; कृदन्त, संयत।

दन्त-कट्ठ, नपुं०, दातून।

दन्त-कार, पु०, हाथी-दांत का काम करने वाला।

दन्त-पाळि, स्त्री०, दाँतों की पाँत ।

दन्तपोण, पु०, दाँत की सफाई करने वाली वस्तु ।

दन्त-वलय, नपुं०, हाथी - दाँत की चूड़ी ।

दन्त-विदंसक, वि०, दाँत दिखाने वाला ।

दन्तावरण, नपुं०, दाँत का ढक्कन, होंठ ।

दन्तपुर, कलिंग राज्य की राजधानी ।

दन्तता, स्त्री०, संयत भाव ।

दन्तसठ, पु०, नीबू का पेड़, नीबू ।

दन्ध, वि०, ढीला, मूर्ख ।

दन्धता, स्त्री०, ढिलाई, आलस्य, मूर्खता ।

दनु, पु०, दानव-माता ।

दप्प, पु०, दर्प ।

दप्पण, नपुं०, दर्पण ।

दप्पित, वि०, अहंकारी, अभिमानी ।

दब्ब, वि०, बुद्धिमान, योग्य; नपुं०, लकड़ी, धन, पदार्थ ।

दब्ब-जातिक, वि०, समझदार ।

दब्ब-तिण, नपुं०, दूब ।

दब्ब-पुप्फ जातक, रोहित मछली को लेकर दो ऊद-बिलाव आपस में झगड़ रहे थे । मायावी गीदड़ ने उनका फैसला करने जाकर, मछली का सिर एक को दे दिया, पूंछ दूसरे को दे दी, शेष सारी मछली खुद खा गया (४००) ।

दब्ब-सम्भार, पु०, मकान बनाने का सामान ।

दब्बी, स्त्री०, कड़छी ।

दब्भ, पु०, कुश घास ।

दमन, नपुं०, संयम ।

दमक, वि०, संयत, संयत करनेवाला ।

दमित, कृदन्त, दमन किया गया ।

दमिळ, दक्षिण भारत की तमिल जाति ।

दमेति, क्रिया, संयत बनाता है ।

दमेतु, पु०, दमन करने वाला ।

दम्पति, पु०, पत्नी और पति ।

दम्म, वि०, जिसे दमित अथवा शिक्षित करना हो ।

दया, स्त्री०, करुणा ।

दयालु, वि०, दया करने वाला ।

दयित, कृदन्त, दयापात्र ।

दयितब्ब, कृदन्त, जिस पर दया करना या जिसके प्रति दया दिखाना योग्य हो ।

दयिता, स्त्री०, औरत ।

दर, पु०, दुःख, कष्ट, चिन्ता ।

दरथ, पु०, दुःख, कष्ट, चिन्ता ।

दरीमुख जातक, मगध नरेश के पुत्र ब्रह्मदत्त तथा उसके सहपाठी दरीमुख की कथा (३७८) ।

दल, नपुं०, फलक, पत्ता ।

दलिद्द, (दळिद्द भी), वि०, दरिद्र ।

दळ्ह, वि०, दृढ़ ।

दळ्हपरक्कम, वि०, दृढ़ पराक्रमी, उत्साही ।

दळ्ह, क्रि०-वि०, दृढ़ता-पूर्वक ।

दळ्हीकम्म, नपुं०, दृढ़ बनाना ।

दळ्हधम्म जातक, दळ्हधम्म नामक बनारस-नरेश के मंत्री की कथा (४०६) ।

दव, पु०, क्रीड़ा, आग, गरमी ।

दवकम्यता, स्त्री०, हँसी-मजाक करने

की रुचि ।

दवघु, नपुं०, जलन ।

दव-डाह, पु०, जंगली आग ।

दस, वि०, दस, देखनेवाला (देखना या दिखाई पड़ना भी) ।

दसक, नपुं०, दशाब्द ।

दसक्खत्तुं, क्रि०-वि०, दस बार ।

दसधा, क्रि०-वि०, दस प्रकार से ।

दस-बल, वि०, दस शक्तियों वाला, भगवान बुद्ध के लिए प्रयुक्त एक विशेषण-पद ।

दस-विध, वि०, दस प्रकार से ।

दस-सत, नपुं०, सहस्र, हजार ।

दस-सत-नयन, वि०, सहस्र आँखों (वाला) ।

दस-सहस्स, नपुं०, दस हजार ।

दुद्दस, जो कठिनाई से दिखाई दे ।

दसण्ण, मध्य-भारत का भूमि भाग, दशार्णव ।

दसण्णक जातक, राजा ने पुरोहित-पुत्र को अपनी रानी सप्ताह-भर के लिए ही दी थी। वह उसे लेकर भाग गया (४०१) ।

दसब्राह्मण जातक, इन्द्रप्रस्थ नरेश के दान की सीमा न थी। किन्तु उसका सारा दान दुष्ट आदमियों के पल्ले पडता था (४९५) ।

दसरथ जातक, वनवास के समय राम, लक्ष्मण तथा सीता को राजा दशरथ की मृत्यु का समाचार मिला। राम-पण्डित ने असाधारण सहनशीलता का परिचय दिया (४६१) ।

दसन, नपुं०, दांत ।

दसनच्छद, पु०, होंठ ।

दसा, स्त्री०, किनारी, दशा ।

दसिक-सुत्त, नपुं०, किनारी का धागा ।

दस्सक, वि०, दिखानेवाला ।

दस्सति, क्रिया, (वह) देगा, दिखाई पड़ता है ।

दस्सन, नपुं०, दर्शन, दृष्टि, अन्तः-प्रेरणा ।

दस्सनीय, वि०, दर्शनीय, देखने योग्य ।

दस्सावी, पु०, देखने वाला, (भय-दस्सावी, भयभीत) ।

दस्सु, पु०, दस्यु, डाकू ।

दस्सेति, क्रिया, दिखाता है ।

दस्सेतु, पु०, दिखानेवाला ।

दह, पु०, झील, जलाशय ।

दहति, क्रिया, जलाता है, स्वीकार करता है ।

दहन, नपुं०, जलन; पु०, आग ।

दहर, वि०, तरुण, लड़का ।

दहरा, स्त्री०, तरुणी, लड़की ।

दाडिम, नपुं०, अनार ।

दाढा, स्त्री०, दाढ़ ।

दाढा-धातु, स्त्री०, (बुद्ध के) दन्त-अवशेष ।

दाढावुध, वि०, दांतों को शस्त्र की तरह उपयोग करने वाला ।

दाढाबली, वि०, दांतों का बलवान ।

दात, कृदन्त, काटा गया ।

दातब्ब, कृदन्त, देने योग्य ।

दातु, पु०, देनेवाला ।

दातुं, देने के लिए ।

दात्त, नपुं०, दांति, दरांति; कृदन्त, काटा गया ।

दान, नपुं०, दान, ।

दान-कथा, स्त्री०, दान-सम्बन्धी उा-

देश ।

दानग्ग, नपुं०, दान देने का स्थान ।

दान-पति, पु०, दान-शूर ।

दान-फल, नपुं०, दान-फल ।

दान-मय, वि०, दान-मय ।

दान-वट्ट, नपुं०, सतत दान ।

दान-वत्थु, नपुं०, दान देने की चीज ।

दान-वेय्यावटिक, वि०, दान बांटने वाला ।

दान-साला, स्त्री०, दानशाला ।

दान-सील, वि०, दानशील ।

दान-सोण्ड, वि०, दान-प्रिय ।

दानारह, वि०, दान देने योग्य ।

दानव, पु०, राक्षस ।

दानि, देखो इदानि ।

दापन, नपुं०, दिलाना ।

दापेति, क्रिया, दिलाता है ।

दापेतु, पु०, दिलाने वाला ।

दाब्बि, स्त्री०, सूखी हल्दी ।

दाम, पु०, माला, रस्सी, जंजीर ।

दाय, पु०, जंगल, भेंट ।

दायपाल, पु०, माली ।

दायक, पु०, दाता, सहायक ।

दायज्ज, नपुं०, उत्तराधिकार ।

दायज्ज, वि०, उत्तराधिकारी ।

दायति, क्रिया, काटता है ।

दायन, नपुं०, काटना ।

दायाद, पु०, उत्तराधिकार ।

दायादक, वि०, उत्तराधिकारी ।

दायिका, स्त्री०, देनेवाली ।

दायी, वि०, देनेवाला ।

दार, पु०, स्त्री ।

दार-भरण, नपुं०, स्त्री का पालन-पोषण ।

